| | |
|---|---|
| संसेक्स | 81,159.68 |
| निफ्टी | 24,890.85 |
| सोना | 1,14,440 |
| चांदी | 1,40,000 |
| डॉलर | 88.75 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शनिवार 27 सितम्बर 2025
आश्विन शुक्ल 06 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 07
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। अब उनके खिलाफ सिखों पर टिप्पणी मामले में वाराणसी कोर्ट में मुकदमा चलेगा। दरअसल, पिछले साल अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी ने कहा था- लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी और कड़ा पहने का अधिकार है। राहुल के इस बयान के खिलाफ नागेश्वर मिश्रा ने वाराणसी की मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट में दोबारा याचिका दायर की, जिसे 21 जुलाई, 2025 को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ राहुल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 3 सितंबर को बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### हिंदू देवी-देवताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं - नितेश राणे

मुंबई, । उत्तर प्रदेश, गुजरात और तेलंगाना सहित कई राज्यों में आई लव मोहम्मद और आई लव महादेव पोस्टर विवाद के बीच महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने बड़ा बयान दिया है। मंत्री राणे ने नवरात्रि के पर्व के बीच कहा है कि हिंदू देवी-देवताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। राणे ने यह चेतावनी देकर आई लव महादेव का पोस्टर शेयर किया है। राणे की यह प्रतिक्रिया मुंबई के मानखुर्द में दुर्गा मां की मूर्ति को कथित तौर पर अपवित्र करने के बाद आई है। घटना के बाद तनाव फैल गया था। शिवाजी मानखुर्द से समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी विधायक हैं। आजमी ने राणे के बयान पर आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि भड़काऊ और बांटने वाले बयानों पर पुलिस और कोर्ट को संज्ञान लेना चाहिए। मंत्री नितेश राणे ने पोस्टर शेयर कर लिखा है कि शिव ही सत्य हैं, शिव अनंत हैं, शिव अनादि हैं, शिव भगवंत हैं। नितेश ने मानखुर्द इलाके में सकल हिंदू समाज के दुर्गा पंडाल का दौरा कर महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की नेतृत्व वाली महायुति सरकार एक हिंदुत्ववादी सरकार है।

### ग्रीन पटाखे बनाने की दी इजाजत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट है, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं। जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है।

## कुछ ना कहना




### लेह हिंसा के बाद एनएसए के तहत एक्शन

# सोनम वांगचुक गिरफ्तार

### पत्नी का आरोप- बिना वजह अपराधी जैसा सुलूक



लेह। लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को आज गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ ये एक्शन लेह हिंसा के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हुआ है। उन्हें जेल में शिफ्ट किया जाए या कोई अन्य व्यवस्था की जाए, इस पर फैसला लिया जा रहा है। वांगचुक के खिलाफ केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को उकसाने का आरोप है। सोनम वांगचुक को डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व में लद्दाख पुलिस की एक टीम ने गिरफ्तार किया है। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद एहतियात के तौर पर लेह में मोबाइल इंटरनेट बंद कर दी गई है। साथ ही ब्रॉडबैंड की स्पीड कम कर दी गई है।

दरअसल, 24 सितंबर यानी बुधवार को लेह में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें 4 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 90 लोग घायल हुए थे। हिंसक झड़प के बाद लेह में कर्फ्यू लगा दिया गया। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराया। अब तक 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। लेह जिला मजिस्ट्रेट ने 2 दिन के लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों और आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लेह के अलावा कारगिल सहित अन्य शहरों में भी धारा 144 लागू कर दी गई। उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने हाईलेवल सुरक्षा बैठक की और हिंसा की घटनाओं को षड्यंत्र का नतीजा बताते हुए सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए।

नई दिल्ली। लद्दाख में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रशासन ने पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद न सिर्फ परिवार, बल्कि कई राजनीतिक दल भी सरकार के खिलाफ मुखर हो गए हैं।

वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कि मेरे पति के साथ बिना किसी वजह अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। वह हमेशा लद्दाख और देश के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का काम करते आए हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वांगचुक की गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए कहा, कि केंद्र सरकार पहले से ही वांगचुक को निशाना बना रही थी। उन्होंने कहा, कि उनसे वादे किए गए थे, जैसे हमसे किए गए थे। अब सरकार अपने वादों से पीछे हट रही है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज करेंगे।

कांग्रेस ने भी वांगचुक की गिरफ्तारी को अवांछित बताया। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा, वे एक सम्मानित व्यक्ति हैं जिन्होंने खुद को लद्दाख के लिए समर्पित किया है। सरकार ने घटना को सही ढंग से नहीं संभाला और अब दोष मढ़ने की कोशिश कर रही है। स्थानीय कांग्रेस इकाई ने पूरी घटना की न्यायिक जांच की मांग की है।

प्रशासन की ओर से दावा किया गया कि हिंसा में कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं की भूमिका रही। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी की किसी भी इकाई का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

गौरतलब है कि 24 अगस्त को लेह में पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन हिंसक हो गया था। इसमें 4 लोगों की मौत और करीब 80 लोग घायल हुए थे। इसके दो दिन बाद वांगचुक को उनके गांव उल्याकटोपो से लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।

इस बीच, भाकपा (माले) लिबरेशन ने भी गिरफ्तारी को केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति करार दिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार जनता की मांगों, पूर्ण राज्य का दर्जा, रोजगार और पर्यावरण सुरक्षा से ध्यान भटकाने के लिए वांगचुक को बलि का बकरा बना रही है।

### महिलाओं से संवाद करते हुए कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने कहा...

## आपके बिना सरकार बनाना मुश्किल, इसलिए पैसे दे रहे



पहले महिलाओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे भी लगाए।

- पलायन के कारण आपके पति बाहर, आप यहां अकेली हैं

पटना(ईएमएस)। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी पटना में महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि आप अपनी शक्ति को नहीं पहचानती हैं। लेकिन पार्टियां समझ रही हैं। इसलिए चुनाव से पहले आपको पैसे दिए जा रहे हैं। उन्हें पता है कि आपके समर्थन के बिना वो सरकार नहीं बना सकते हैं। आप अपनी शक्ति अपने सम्मान को पहचानिए। बेरोजगारी और गरीबी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यहां रोजगार के साधन नहीं है। पलायन के कारण आपके पति बाहर मजदूरी करते हैं और आपको यहां अकेले रहना पड़ता है।

सदाकत आश्रम में करीब 2000 महिलाओं के साथ प्रियंका ने संवाद किया। शक्ति अधिकार नाम से हुए इस कार्यक्रम में मंच पर महिलाओं ने एक-एक कर प्रियंका गांधी को अपनी समस्या बताई। इनमें घरेलू काम करने वाली महिलाएं, मनरेगा में मजदूरी करने वाली महिलाएं, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी महिलाएं, आशा वर्कर, प्रोफेशनल वकील-डॉक्टर महिलाएं शामिल हैं। प्रियंका के कार्यक्रम में पहुंचने से

#### आपके पति पलायन कर जाते हैं, आप अकेली रहती हैं

कार्यक्रम में प्रियंका गांधी ने कहा, महिलाओं के जीवन में कई तरह के संघर्ष हैं। आप परिवार, समाज का बोझ उठाती हैं। लेकिन सरकार आपके बारे में नहीं सोचती है। जहां उसे आपको सशक्त करना चाहिए, नहीं करती है। रोजगार नहीं होने के कारण पलायन होता है। इसका मतलब है कि आप यहां अकेले रहती हैं।

#### चुनाव के लिए पैसे दे रही सरकार

कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, आप अपनी शक्ति को नहीं पहचानती हैं। लेकिन पार्टियां समझ रही हैं। इसलिए चुनाव से पहले आपको पैसे दिए जा रहे हैं। उन्हें पता है कि आपके समर्थन के बिना वो सरकार नहीं बना सकते हैं।

## बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार मिले

### -पीएम ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की, राज्य की 22 प्रतिशत महिला वोटर्स को फायदा

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में वर्चुअली 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की। शुक्रवार को 75 लाख महिलाओं के खातों में प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन 10-10 हजार की राशि ट्रांसफर की। 2020 के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में महिला वोटर्स की संख्या करीब 3.39 करोड़ है। इसके अनुसार करीब 22 फीसदी महिला वोटर्स को आज शुरू हुई योजना का फायदा मिलेगा। जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि अगर देश ने जन-धन योजना के तहत 30 करोड़ से ज्यादा माताओं-बहनों के खाते न खुलवाए होते तो क्या आज इतने पैसे हम सीधे आपके खाते में भेज पाते।

पीएम मोदी ने कहा कि आज जो पैसे भेजे जा रहे हैं, वो पूरे आपके खाते में जमा होंगे। कोई एक पैसा नहीं मार सकता है। पहले योजना का पैसा आप तक पहुंचने से पहले लूट जाता था। एक भाई तब ही खुश होता है, जब उसकी बहन स्वस्थ हो, परिवार खुश हो। आज आपके दो भाई नरेंद्र और नीतीश मिलकर बहनों के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

#### बिहार में नीतीश के नेतृत्व में कानून का राज

पीएम ने कहा कि आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में फोर्स-पुलिस में आ रही हैं। आज हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हमें वो दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद की सरकार थी। अराजक की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं ने ही झेली है। उस समय सड़क, पुल-पुलिया का नाम तक नहीं था, इन चीजों से सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को ही होती थी। राजद के राज में बिहार में खौफ था। नक्सली आतंक बेहिसाब था। इसका दर्द सबसे ज्यादा महिलाओं को सहना पड़ता था। आज जब नीतीश जी के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है तो सबसे ज्यादा राहत महिलाओं ने महसूस की है। आज बेटियां बेखौफ होकर घर से निकलती हैं। ये लिखकर रखिए कि बिहार को अब फिर कभी उस अंधेरे में नहीं जाने देना है।

## बरेली में जुमे की नमाज के बाद बवाल

### पुलिस ने किया लाठीचार्ज, मौलाना तौकीर रजा के सड़क पर उतरने के ऐलान से बिगड़ा माहौल




बरेली। यूपी के बरेली में जुमे की नमाज के बाद बवाल हो गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। प्रदर्शनकारी आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर सड़कों पर उतरे थे। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने प्रोटेस्ट का ऐलान किया था। पुलिस ने काफी समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी भीड़ नहीं मानी और वह बैरिकेड तोड़ते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करने लगी। जिसके बाद पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। फिलहाल, माहौल तनावपूर्ण हो गए हैं।

दरअसल, शुक्रवार को बरेली में जुमे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों लोग शहर के अलग-अलग हिस्सों में पोस्टर और बैनर लेकर सड़कों पर उतर आए, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि श्यामगंज इलाके में प्रदर्शनकारियों और एसपी क्राइम के बीच नोकझोंक भी हुई। हालात को देखते हुए पुलिस ने श्यामगंज में दुकानें बंद करा दीं। नौमहला मस्जिद के बाहर भी भीड़ जुट गई। जब भीड़ बेकाबू हो गई तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। जिससे कुछ ही मिनट में सैकड़ों की संख्या में जमा हुए लोग भाग खड़े हुए।

आपको बता दें कि मौलाना तौकीर रजा ने आई लव मोहम्मद मामले में डीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही थी। उन्होंने सड़क पर उतरने का ऐलान किया था। जिसको लेकर पुलिस पहले से हाई अलर्ट पर थी। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए, हजारों की संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ-साथ भारी फोर्स भी लगाई गई थी। दोपहर होते-होते जब लोग घरों से निकलने लगे तो माहौल गरम होने लगा। आखिर में जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकल पड़े। नारेबाजी हुई, हंगामा हुआ, पुलिस ने रोका तो झड़प हुई। इसके बाद लाठीचार्ज हुआ।

## बंगाल में बीजेपी नेता का दावा...जरुरत हुई तब बंगाल में लागू होगा राष्ट्रपति शासन

दुर्गापुर,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला है। इसके साथ ही चेतावनी दी कि अगर 2026 में टीएमसी सत्ता में लौटी, तब राज्य में बड़े राजनीतिक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। 2011 के विधानसभा चुनाव का जिक्र कर घोष ने आरोप लगाया कि टीएमसी सिर्फ इसलिए सत्ता में आई, क्योंकि सेना तैनात की गई थी वरना सीपीआई (एम) ने वोट में हेराफेरी कर सत्ता बरकरार रखी होती।

उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग ने पहले ही एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) सुनिश्चित किया है और हर हाल में केंद्रीय बलों की चुनाव के दौरान तैनाती होगी। उन्होंने कहा, अगर जरूरी हुआ, तब अप्रैल तक राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा और दीदी को कालीघाट वापस भेज दिया जाएगा। बीजेपी नेता घोष ने आरोप लगाया कि टीएमसी एसआईआर प्रक्रिया से डर रही है। उन्होंने एसआईआर को सत्तारूढ़ दल टीएमसी के लिए करो या मरो का मामला बताया। उन्होंने कहा, एक करोड़ वोट रद्द हो जाएंगे और दीदी के पास घर लौटने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

## 38 भारतीय बैंकों से लीक हुआ उपभोक्ताओं के डेटा

नई दिल्ली। भारत से जुड़ा एक बड़ा डेटा इंटरनेट पर लीक होने की खबर है। जानकारों के अनुसार भारतीय बैंकों के लाखों बैंक ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड इंटरनेट पर उजागर हो गए। यह डेटा एक असुरक्षित अमेजन एस3 क्लाउड सर्वर से लीक हुआ। लीक डेटा में खाताधारकों के नाम, बैंक अकाउंट नंबर, ट्रांजैक्शन राशि और संपर्क जानकारी जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल थीं। साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने यह दावा किया है।

साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने अगस्त के अंत में इस डेटा लीक का पता लगाया। उनके रिसर्चर्स को अमेजन-होस्टेड स्टोरेज सर्वर पर लगभग 2 लाख 73 हजार पीडीएफ फाइलें मिलीं। रिसर्चर्स के अनुसार लीक डेटा में भारतीय ग्राहकों के बैंक ट्रांसफर रिकॉर्ड शामिल थे। इन फाइलों में से ज्यादातर नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस से जुड़ी थीं। एनएसीएच एक केंद्रीकृत सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल बैंक बड़े पैमाने पर होने वाले सैलरी ट्रांसफर, लोन रीपेमेंट और बिजली-पानी के बिल जैसे नियमित भुगतानों के लिए करते हैं। अपगॉर्ड के अनुसार, यह डेटा कम से कम 38 बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुड़ा थे। सबसे ज्यादा दस्तावेजों में ए फाइनेंस का नाम आया। भारतीय स्टेट बैंक का नाम भी कई दस्तावेजों में मौजूद था।

इस लीक की जानकारी ए फाइनेंस, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और अन्य संबंधित संस्थानों को दी गई थी। लेकिन शुरुआती सितंबर तक यह डेटा इंटरनेट पर खुला रहा और रोजाना नई फाइलें भी जुड़ती रहीं। इसके बाद सीईआरटी-इन को सूचित किया गया और सर्वर को सुरक्षित किया गया। हालांकि, अब तक किसी भी संस्था ने इस लापरवाही की जिम्मेदारी लेने से साफ इनकार किया है।

## चंडीगढ़ एयरबेस से मिग-21 की विदाई

### एयर चीफ मार्शल ने अंतिम उड़ान भरी; रक्षामंत्री राजनाथ बोले- यह भारत-रूस संबंधों का प्रमाण रहा

चंडीगढ़। भारतीय वायुसेना में शामिल पहले सुपरसोनिक फाइटर जेट मिग-21 को शुक्रवार को चंडीगढ़ में विदाई हो गई। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने इस जेट में अंतिम उड़ान भरी। अब यह जेट आसमान के बजाय म्यूजियम में नजर आएगा। इसके लिए चंडीगढ़ एयरबेस में समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि 62 साल से यह फाइटर जेट भारत और रूस के बीच गहरे संबंधों का प्रमाण रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या युद्ध तक सीमित नहीं रहा। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक, या बालाकोट एयर स्ट्राइक से ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो।

## पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त और पूर्व आयकर अधिकारी को चार-चार साल की सजा

जोधपुर। स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने आयकर विभाग के पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त (चीफ कमिश्नर) पवन कुमार शर्मा और पूर्व आयकर अधिकारी (आईटीओ) शैलेंद्र भंडारी को रिश्वत मामले में चार-चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 1.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं बिचौलिये की भूमिका निभाने वाले सुनार चंद्रप्रकाश कट्टा को सीबीआई कोर्ट ने बरी किया है।

यह मामला साल 2015 का है, जब बाड़मेर के कारोबारी किशोर जैन ने सीबीआई को शिकायत दी थी कि आयकर अधिकारियों ने उसकी टैक्स देनदारी 2.5 से बढ़ाकर 12 करोड़ कर दी और मामले को निपटाने के लिए उनसे 25 लाख रुपये रिश्वत मांगी। इसके बाद में डील 23 लाख में तय हुई। शिकायत पर सीबीआई ने ट्रैप ऑपरेशन कर 31 मार्च 2015 को आईटीओ अधिकारी भंडारी को 15 लाख रुपये लेते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आया कि यह रिश्वत शर्मा की ओर से ली जा रही थी। सीबीआई ने दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान शर्मा की संपत्ति और जीवनशैली ने सभी को चौंका दिया। उनके जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बेंगलुरु में करीब 400 करोड़ रुपये की संपत्ति मिली, जिसमें लग्जरी बंगले और फार्महाउस शामिल थे। उनके घरों में हर कमरे में 18-18 हजार रुपये के डिजाइनर पंखे लगे थे। उन्होंने चांदी के कप में चाय पीने और सोने के चम्मच का इस्तेमाल करने का शौक था। साथ ही घर से 50 बोतल विदेशी शराब भी बरामद की गई थी।

सीबीआई ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आईपीसी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। नवंबर 2015 में जोधपुर में उनकी आठ संपत्तियों पर छापेमारी भी हुई थी। अधिकारियों को विभाग से निलंबित किया और बाद में वे जमानत पर बाहर आ गए थे। करीब 9 साल बाद आए फैसले ने फिर दिखा दिया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में ऊंचे पदों पर बैठे अधिकारी भी बख्शे नहीं जाते। कोर्ट ने माना कि व्यापारी पर गलत तरीके से दबाव बनाकर घूस मांगी गई थी।

## कर्नाटक में जातिगत सर्वेक्षण पर केंद्र को झटका

बेंगलुरु। कर्नाटक में जातिगत सर्वेक्षण पर केंद्र को झटका लगा है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की जातिगत सर्वेक्षण पर रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने राज्य सरकार को नागरिकों की गोपनीयता बनाए रखने का निर्देश जारी किया है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने पिछड़ा वर्ग आयोग से कहा कि गणना शुरू करने से पहले ही नागरिकों को सूचित करना होगा कि वे जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं हैं।

दरअसल केंद्र सरकार ने कर्नाटक हाईकोर्ट में दलील दी थी कि यह सर्वे की आड़ में की जा रही जनगणना है और यह उसके अधिकार क्षेत्र में दखल है। कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और जस्टिस सी. एम. जोशी की खंडपीठ ने सर्वेक्षण की वैधता पर सवाल उठाने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई की। हाईकोर्ट की दो जजों की बेंच ने मामले की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाते हुए कहा कि हमें जारी सर्वेक्षण पर रोक लगाना सही नहीं लगता। हालांकि, सर्वे में जो आंकड़ा एकत्रित किया जाएगा, उसको गोपनीय रखा जाए। किसी भी व्यक्ति से उसका खुलासा न किया जाए। पिछड़ा वर्ग आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहे और उसे गोपनीय रखा जाए। कोर्ट ने पिछड़ा वर्ग आयोग से कहा है कि एक अधिसूचना जारी करे, जिसमें स्पष्ट किया गया हो कि भागीदारी स्वैच्छिक है। कोर्ट ने कहा कि गणना करने वालों को नागरिकों को शुरू में ही सूचित करना होगा कि वे जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं हैं। आदेश में कहा कि अगर कोई व्यक्ति भाग लेने से इनकार करता है, तो गणनाकर्ता उसे मनाने या उस पर दबाव डालने का कोई प्रयास नहीं करेगा। याचिकाओं में तर्क दिया गया कि यह प्रक्रिया मुख्यरूप से एक जनगणना है और निजता का हनन है। राज्य की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने अदालत को आश्वासन दिया कि पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद हैं और उन्होंने इस मामले पर एक हलफनामा प्रस्तुत करने की पेशकश की।

# संगठन सृजन-युवाओं के साथ महिलाओं को साधने की रणनीति

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मंडल एवं सेक्टर की समीक्षा बैठक में दिया खास संदेश, आगामी तीन माह की कार्य योजना समझाई





कटंगी (पद्मेश न्यूज)। युवाओं को साथ लेकर ईंट पर खेल रही भाजपा को बैकफुट पर लाने के लिए कांग्रेस अपने संगठन में युवाओं के साथ महिलाओं को संगठन से जोड़ने एवं अहम जिम्मेदारियां देने का काम करेगी। संगठन सृजन अभियान की आगामी तीन महीने की प्रस्तावित कार्य योजना में इस बात पर विशेष जोर दिया जाएगा। उक्ताशय की बात स्थानीय श्रीराम मंदिर प्रांगण में 26 सितम्बर को आयोजित कांग्रेस की मंडल एवं सेक्टर कार्यकर्ताओं की बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बैहर विधायक संजय सिंह उईके ने कही। श्री उईके ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कार्यकारिणी में एसटी, एससी, ओबीसी के साथ महिलाओं एवं अल्प संख्यक वर्ग को भी नेतृत्व दिया जाएगा। इसकी शुरूआत वे अपने विधानसभा क्षेत्र बैहर से करेंगे। जहां किसी भी एक ब्लॉक में अध्यक्ष के रूप में महिला पदाधिकारी नियुक्त की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद बोधसिंग भगत, कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष नोखेन्द्र सिंगनदुपे, तिरोड़ी अध्यक्ष ज्ञानचंद राहंगडाले, नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, जिला मंत्री नीरज हीरावत, महकेपार सरपंच योगेश सोनवाने प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के मंडल एवं सेक्टर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं ने स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सृजन अभियान की आगामी तीन माह की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा कर नई रणनीतियों पर किस तरह काम करना इस संबंध में सुझाव लिए एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

### ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्त की जाएगी महिलाएं- उईके

यहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का संगठन मजबूत है कुछ कमियां हैं जिन्हें दूर करना है। विगत कुछ वर्षों में जो परिस्थितियां निर्मित हुई है उसमें खासकर यह बात सामने आई कि कोई नेता यदि पार्टी छोड़कर गया तो कार्यकर्ता भी उसके साथ चले जाते हैं। नेता आए और जाए लेकिन संगठन यथावथ रहना चाहिए। इसी मूल भावना को साथ हम काम करेंगे। संगठन विस्तार के तहत प्रत्येक पंचायत स्तर पर गठित कमेटी में 25 मेम्बर बनाए जाएंगे इनमें से 11 तो पदाधिकारी होंगे। यूथ कांग्रेस, एनएसयुआई, सेवा दल एवं महिला कांग्रेस की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी में लाने के लिए कुछ नवाचार करने होंगे जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। पार्टी अंतिम छोर पर गठित संगठन में भी सभी वर्गों का समावेश करेगी ताकि संतुलन के साथ संगठन प्रगति करें।

### हमारी भूमिका संघर्ष करने की हो- बोधसिंग

पूर्व सांसद बोधसिंग भगत ने कहा कि पार्टी में हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। जो बीत गया उस पर कोई बात न हो आगे क्या करना है इस पर ज्यादा ध्यान देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जिसको आप मंडल, ब्लॉक अध्यक्ष के लिए योग्य समझते हैं उनके नाम जिलाध्यक्ष को भेजे। जिन नामों को ज्यादा समर्थन मिलेगा उन्हें संगठन में जगह दी जाएगी। पूर्व सांसद ने कहा कि हमारे पास पार्टी के लिए काम करने के लिए ज्यादा समय नहीं है लेकिन जो युवा शक्ति है उन्हें पूरे उत्साह के साथ काम करना है। आगामी समय में हम रहे या न रहे पार्टी दौड़ती रहनी चाहिए। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जो हम जनता के सामने रखकर अपने संगठन का विस्तार कर सकते हैं। इसकी शुरूआत जरूरतमंदों की सेवा से करनी होगी। उन्होंने सरकार में कई कमियां है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने एमएसपी कानून लागू करने के बावजूद किसानों की ओर ध्यान नहीं दिया, इसका विरोध करने पर उप राष्टपअ्रति जगदीश धनकड़ को स्तीफा देना पड़ा। यह बातें जनता तक लेकर कौन जाएगा, हम जाएंगे, हमारा कार्यकर्ता जाएगा। हमारी भूमिका शांत रहने की नहीं है, हम विपक्ष में हमारी भूमिका आंदोलन एवं संघर्ष करने की होनी चाहिए। परिणाम जो भी हो प्रयास दिखने चाहिए।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) श्रीमती मौसम हरिनखेड़े का दौरा कार्यक्रम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य (राज्यमंत्री दर्जा) प्राप्त श्रीमती मौसम हरिनखेड़े 27 नवम्बर सुबह 10:30 बजे बैहर के लिए प्रस्थान करेंगी। दोपहर 12 बजे बैहर पहुँच वे संदीप बिसेन के गुरुदेव चरण पादुका प्रतिष्ठान का शुभारंभ करेगी। वार्ड नं 02 बैहर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होगी। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों में शामिल होकर अपरान्ह 03:30 बजे वे परसवाड़ा के ग्राम लिंगा के लिए प्रस्थान करेंगी। 04:15 बजे लिंगा में ललित पटेल के निवास पर शोक सभा मे सम्मिलित होने के पश्चात श्रीमती बिसेन बगदेहि के लिए प्रस्थान करेगी। शाम 06 बजे बगदेही लालबर्रा में जवाहर गौतम के निवास पर त्रयोदशी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। यहाँ से श्रीमती हरिनखेड़े औल्याकन्हार के लिए प्रस्थान करेगी। औल्याकन्हार में देवी जागरण कार्यम में सम्मिलित होने के पश्चात वे रात्रि 09:30 बजे बालाघाट के लिए प्रस्थन करेगी।

## कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट ( म.प्र. )

रा.प्र.क्र. ००१८/ड-१५४/२०२५-२६

मौजा लेण्डेझरी, रा.नि.मं. कनकी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक निरंजन बिसेन पिता शिवलाल बिसेन जाति पंवार, निवासी ग्राम लेण्डेझरी, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा लेण्डेझरी, रा.नि.मं. कनकी तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपनी माता खुमनबाई पति शिवलाल का अनुज्ञा प्रमाण पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम १९६९ की धारा १२ (२), म.प्र. मृत्यु पंजीयन १९९९ नियम १२ (२) प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक १७.०८.२०१६ मृत्यु की घटना स्थल ग्राम लेण्डेझरी के अंतर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक ०६.१०.२०२५ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक २६.०९.२०२५ को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - लालबर्रा

दिनांक - २७.०९.२०२५

**आकाश अग्रवाल**
**तहसीलदार**
**तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प**

# आंधी-तूफान से सड़क पर गिरा वृक्ष, आवागमन अवरूद्ध

कटंगी(पद्मेश न्यूज़)। शुक्रवार की दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े 04 बजे तक कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान के साथ करीब 01 घंटे की झमाझम बारिश हुई. आंधी-तूफान की वजह से तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोनकट्टा से आंजनबिहरी मुख्य सड़क मार्ग पर पुराने शक्कर कारखाने के पास किन्ही प्रजाति का एक विशाल वृक्ष सड़क पर आकर



गिर गया. गनीमत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भी राहगीर सड़क से नहीं गुजर रहा था वरना जनहानि हो सकती थी. सड़क पर वृक्ष के गिरने से करीब दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों का आवागमन बंद पूरी तरह से बंद हो गया और दोनों ही तरफ से आना-जाना कर रहे वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है, जिससे वाहनों की काफी लंबी कतार लग गई. स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क से वृक्ष को हटाने का कार्य शुरू किया और शाम करीब साढे 06 बजे वृक्ष को सड़क से हटाया गया. जिसके बाद आवागमन बहाल हुआ. वृक्ष के गिरने से बिजली के तार भी टूटे जिस कारण पठार अंचल के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी।

# पति की मौत के बाद कर्ज में डूबी पत्नी

## बेटा-बेटी के लालन-पालन में आ रही परेशानी प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

कटंगी(पदमेश न्यूज़)। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे पति का उपचार कराने के लिए रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से कर्ज लेकर भी पति की जान ना बचा पाने वाली महिला कर्ज में डूब गई है. 16 सितंबर को पीड़ित महिला ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर बच्चों के पालन-पोषण के लिए आर्थिक मदद प्रदान करने की गुहार लगाई थी. कलेक्टर ने उप संचालक सामाजिक न्याय को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे लेकिन 10 दिन बाद भी पीड़ित महिला को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक मदद नहीं मिली है. पूरा मामला बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पौनियां का है. यहां की महिला किरण जगने के पति अजय जगने की 07 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई. अजय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे. उनके उपचार के लिए गृहिणी महिला किरण जगने ने अपने नाते-रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से कर्ज लिया था. अब पति की मौत के बाद वह कर्जदारों का कर्ज कैसे चुकाएंगी और बच्चों को लालन-पालन, पढ़ाई-लिखाई कैसे होगी. इस बात की चिंता से वह परेशान है। पीड़ित महिला ने अपनी परेशानी साझा करते हुए



बताया कि उनके दो बच्चे है दोनों ही सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते है. पढ़ाई में कॉपी-किताब का खर्च उठाने में दिक्कत होती है. उन्होंने बताया कि लाडली बहना योजना से मिलने वाली राशि से साग-सब्जी खरीदती है और सरकारी अनाज से पेट भर रहा है. गांव में ही मजदूरी का काम करने से जो थोड़ा पैसा मिलता है उससे किराना सामान लेती है. महिला का कहना है कि कर्जदारों को पैसा चुकाने के लिए पैसा नहीं जुटा पा रही है. उन्होंने बताया कि पति की मौत के बाद उन्होंने संबल योजना का लाभ लेने के लिए प्रयास किया तो पता चला कि ऑनलाइन पोर्टल पर पति का संबल कार्ड अपात्र बता रहा है जबकि यह परिवार बेहद गरीब है. महिला की प्रशासनिक मदद के लिए जनपद पंचायत स्तर के सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि सरकारी योजना का हर संभव मदद दी जाएगी।

## In Court Of Tara Marko,II Civil Judge Senior Division, District Court, Balaghat

**Presiding Officer:-** तारा मार्को

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000123/2022)

शोभाराम लिल्हारे..............वादी
Vs
शिवप्रसाद नगपुरे.............प्रतिवादी

**Process Id**-/2025
पेशी दिनांक- 14/11/2025

**प्रेषिती-**

(1) फुल्लु नगपुरे पिता हनस नगपुरे पता-निवासी ग्राम समनापुर जिला बालाघाट
(2) कमला नगपुरे पिता किशोर नगपुरे पता-निवासी ग्राम समनापुर जिला बालाघाट
(3) राजा नगपुरे पिता स्वर्गीय किशोर नगपुरे पता - निवासी ग्राम समनापुर जिला बालाघाट
(4) कमल नगपुरे पिता हनस नगपुरे पता- निवासी ग्राम समनापुर जिला बालाघाट

यह कि प्रार्थी शोभाराम लिल्हारे ने आपके विरूद्ध सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 24 **September** 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें-

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायाधीश**
**तारा मार्को**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**बालाघाट, जिला-बालाघाट ( मप्र )**

# शासकीय महाविद्यालय के समीप लगे ओपन जिम के चारों तरफ गंदगी का आलम

## सफाई की मांग को लेकर छात्रों ने सीएमओं को दिया आवेदन





लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के शासकीय महाविद्यालय के समीप शासन द्वारा बनवाया गया ओपन जिम पिछले काफी समय से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। नगर परिषद की अनदेखी के चलते ओपन जिम में लगी मशीनों में जंग लगने लगा है। जिसको लेकर महाविद्यालयीन छात्रों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। छात्रों का कहना है कि शासकीय महाविद्यालय लांजी के समीप शासन द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस को ध्यान में रखते हुए एक ओपन जिम की स्थापना की गई है। इस स्थान पर प्रतिदिन प्रातःकालीन भ्रमण हेतु अनेक छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, छोटे बच्चे एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक व्यायाम करने आते हैं। परंतु खेद की बात है कि ओपन जिम के आसपास भारी मात्रा में कचरा एकत्रित हो गया है, जिससे परिसर की स्वच्छता एवं सुरक्षा दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह कचरा न केवल पर्यावरण को दूषित कर रहा है, बल्कि इससे जहरीले जीव.जंतुओं के पनपने की आशंका भी बनी रहती है। विशेषत- सुबह के समय जब विद्यार्थी एवं अन्य नागरिक व्यायाम करते हैं, तब किसी भी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसको लेकर शासकीय महाविद्यालय लांजी के जागरूक छात्र पवन कश्यप, शफीक खान, ऋषभ मातरे एवं अन्य छात्रों द्वारा नगर परिषद सीएमओ को ओपन जिम परिसर एवं उसके आसपास शीघ्र सफाई कराने के लिये आवेदन दिया गया। जिस पर सीएमओं ने छात्रों की समस्या को देखते हुए शीघ्र ही ओपन जिम परिसर में सफाई कराये जाने का आश्वासन दिया है।

# आसमानी बिजली गिरने से तीन गाय और विद्युत करेंट से एक गाय की मौत

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। बैहर थाना क्षेत्र में आसमानी बिजली गिरने जहा तीन गाय की मौत हो गई तो वहीं तेज आंधी तूफान के दौरान बिजली के तार टूटने से एक गाय की मौत हो गई। 26 सितंबर को दोपहर 3:00 करीब यह प्राकृतिक घटना ग्राम बन्ना, भैंसवाही और आमगांव में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 सितंबर को ग्राम बन्ना और भैंसवाही जंगल में मवेशी चर रहे थे। दोपहर 3:00 बजे करीब तेज आंधी तूफान के दौरान आसमानी बिजली गिरने से ग्राम बन्ना में एक गाय और भैंसवाही में दो गाय की मौत हो गई। इसी दौरान तेज आंधी तूफान के दौरान ग्राम आमगांव में बिजली के तार टूटने से घर के सामने बंधी एक गाय की विद्युत करंट से मौत हो गई। जिसकी सूचना पर बैहर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर कार्यवाही की जा रही है।

# जय किसान संघर्ष समिति के द्वारा आज किसान आक्रोश महासभा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। किसानो के हित के लिये लड़ाई लड रही जय किसान संघर्ष समिति के द्वारा आज 27 सितंबर को किसान आक्रोश महासभा का आयोजन सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। किसान आकोश महासभा का मुख्य उद्देश्य सरकार के द्वारा चुनाव के समय किसानों को संकल्प चुनाव घोषणा पत्र में लेख किया गया था 3199 रूपाये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मुल्य पर धान की खरीदी की जावेगी। किन्तु 2023-24 में 2183 रूपये एवं 2024-25 में 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई। किसानों के द्वारा सरकार से मांग करती है कि 2 वर्ष का बोनस राशि प्रदान किया जाये तथा इस वर्ष 3100 रूपये समर्थन मुल्य पर धान की खरीदी की जाये। इसके साथ रबी में पैदावार धान समर्थन मूल्य पर खरीदी करे जिसकी तत्कालिन मुख्यमंत्री के द्वारा की गई थी। इसके अलावा समय पर बीज का भण्डारण एवं आपूर्ति हो, साथ ही पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद उपलब्ध हो। सरकार के द्वारा किसानों को ल हजार रूपये प्रति हेक्टेयर बोनस राशि देने की बात कही गई थी लेकिन प्रदेश के मुखिया के द्वारा विगत दिनों कटंगी विधानसभा में अपने कार्यक्रम के दौरा किसानों के खातो में बोनस राशि तो अंतरित की गई है लेकिन उसमे भी काफी विसंगतिया एवं विषमताऐं है जिसे दुर कर वादा अनुसार राशि प्रदान की जाये। केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा हमेश से यह तो बडबोला पन दिखा जाया है कि कृषि को लाभ का धंधा या व्यवसाय बनाया जायेगा साथ ही किसानों की आय दोगुनी की जावेगी लेकिन यह बाते केवल जुमलो बाजी तक ही ठीक दिखाई दे रही है जमीनी स्तर पर किसानों के क्या हाल है यह किसी से छूपे नही है। प्रदेश का किसान आज भूख और उपेक्षा से जूझ रहा है कृषि हमारी हरित क्रांति का गौरव है किन्तु कृषि कार्य करने वाले किसानों के साथ ही प्रदेश सरकार न्याय नही कर पा रही है। इन्ही सभी मुद्दो को लेकर जय किसान संघर्ष समिति के द्वारा यह किसान आक्रोश महासभा का आयोजन किया गया है। उक्त आंदोलन में प्रमुख रूप समिति की अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य ल्योति उमरे, सचिव दिनेश लाड़े, उपाध्यक्ष ललित कबीरे, राम ठाकरे, खेमराज मच्छिरके, टूमन घोरमारे, सेक्टर प्रभारी क्रमश- प्रभुदयाल किरमे, डॉ श्यामलाल बेदरे, विजय लिल्हारे, श्रीचंद कामड़े, संतोष आवरे, अंचल कालबेले, संरक्षक मण्डल मानिक पांचे, बुधराम देवगडे, छत्रपाल कबीरे, भुनेश्वर रावते, ओंकार मण्डलवार, कन्हैयालाल मरठे, भैयालाल दांदरे, कोमल भगत सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य के द्वारा उक्त आयोजन किया जायेगा। समिति के द्वारा क्षेत्र के समस्त किसान साथीयों से उंपिस्थत अपील की गई है।

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# लापता राईस मिल आपरेटर की संदिग्ध अवस्था में मौत

## खेत के पास बने तालाब में उतराता मिला सोहन का शव, गुरुवार की दोपहर से था लापता, गर्रा के भीड़ाबोड़ी तालाब का मामला, मामले की जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

**बालाघाट( पदमेश न्यूज़ )। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गर्रा स्थित भी ?ाबोडी तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति का नाम ग्राम गर्रा मशीन टोला वार्ड नंबर 6 निवासी 45 वर्षीय सोहनलाल पिता हीरालाल पटले बताया गया है। जिसका संदिग्ध अवस्था में शव कोतवाली पुलिस द्वारा तालाब के पानी से बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया गया कि सोहनलाल स्थानीय राईस मिल में मशीन ऑपरेटर का काम करता था। जो गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे, घर से लापता हुआ था। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी परिजनों द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी। जिसका शव शुक्रवार की सुबह खेत के समीप स्थित टॉकीज भीड़ाबोडी तालाब में संदिग्ध अवस्था में उतराता हुआ बरामद किया गया है। हालांकि सोहन ने आत्महत्या की है, उसकी हत्या की गई है या फिर यह कोई हादसा है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।**





### जेके राईस मिल में था मशीन ऑपरेटर

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गर्रा मशीन टोला वार्ड नंबर 6 निवासी सोहनलाल पटले जेके राइस मिल में ऑपरेटर के पद पर काम करता था। जो गुरुवार को दोपहर करीब 1 बजे घर से निकला था ।लेकिन वह शाम तक वापस नहीं आया। बताया गया कि सोहन घर पर मोबाइल और पर्स छोड़कर गया था जिसकी जानकारी परिजनों को मिलने पर शाम करीब 4 बजे यह सोचकर कि वह राईस मिल गया होगा, परिजन उसे मोबाइल देने के लिए राईस मिल पहुंचे, तो पता चला कि राईस मिल बंद है और सभी कर्मचारी छुट्टी पर हैं। जिसपर उनके परिजन वापस आ गए और इधर-उधर खोजबीन शुरू कर दी। जहां देर रात तक जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

### सोहन के काका भोजलाल ने तालाब में देखा शव

बताया गया कि शुक्रवार की सुबह सोहनलाल के काका भोजलाल, सुबह खेत की ओर गए थे। जहां उन्हें, तालाब रास्ते के पुलिया पर सोहनलाल का गमछा और चप्पल दिखाई दी। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना घरवालों को दी ।घटना की जानकारी के बाद पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन के साथ परिजन और मोहल्ले के लोग भी तालाब पहुंचे ।उन्हें तालाब में सोहनलाल का शव दिखाई दिया ।जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर शव को तालाब से निकाला गया।

### पीएम के बाद सौपा गया शव

मौके पर पहुँची पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की वही शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां शव का परीक्षण कर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही, वास्तविक मौत का पता चल पाएगा।

### बीमारी के चलते परेशान था सोहन- दिलीप

मृतक सोहनलाल के दोस्त दिलीप भैरम ने बताया कि सोहनलाल, गर्रा स्थित राईस मिल में मशीन ऑपरेटर का काम करता था। जो बीमारी के चलते विगत कुछ दिनों से परेशान था ।गुरूवार को घर में मोबाईल छोड़कर, बिना बताए घर से चला गया था ।जिसके बाद परिजनों ने सोहनलाल की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चलने पर कोतवाली पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी ।जिसके बाद, पुलिस भी उसे तलाश कर रही थी। जिसका शव आज तालाब में उतराता हुआ मिला है। मौत कैसे हो गई फिलहाल यह नहीं कह सकते, हो सकता है कि वह दीर्घशंका के लिए तालाब में गया होंगा, और फिसलकर पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई होगी।

# मां कुष्माण्डा देवी मंदिर गायखुरी में विधि-विधान से हुई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

बालाघाट( पदमेश न्यूज़ ) ।मातारानी के नौ स्वरूपों में चौथा स्वरूप मां कुष्मांडा देवी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 सितम्बर नवरात्रि प्रारंभ के दिन से मां कुष्माण्डा देवी मंदिर वार्ड नंबर 33 आवासटोला गायखुरी में हुआ। 25 सितम्बर को नवरात्रि के चौथे दिन मातारानी की प्रतिमा उनके स्थान पर विराजित कर मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। रात्रि में मंदिर समिति के द्वारा महाप्रसाद व भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मातारानी का भंडारा ग्रहण किया। 22 सितम्बर से 25 सितम्बर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हर दिन रात में भंडारा का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने शामिल होकर मातारानी का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस संबंध में मां कुष्माण्डा मंदिर समिति के पदाधिकारी किशोर लिल्हारे ने बताया कि मां कुष्माण्डा देवी का मंदिर करीब 25 वर्ष पुराना है। जहां मां कुष्माण्डा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। लेकिन प्रतिमा कुछ दिनों पूर्व खंडित हो जाने के चलते इस वर्ष शारदेय नवरात्रि के अवसर पर मातारानी की नवीन प्रतिमा की स्थापना की गई है। मातारानी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत 22 सितम्बर को शहर के बाल हनुमान मंदिर से मां कुष्माण्डा देवी की प्रतिमा स्थापित करने भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। मातारानी की प्रतिमा को मां कुष्माण्डा मंदिर में रखकर मंत्रोच्चार के साथ अन्नाधिवास, वेदी पूजन, पंचामृत अधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, सयनाधिवास सहित विधि-विधान के साथ 25 सितम्बर चौथ के दिन मां कुष्माण्डा देवी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। श्रद्धालुओं की अपार भक्ति के बीच नव निर्मित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ की गई है। उन्होंने बताया कि मां कुष्माण्डा देवी मंदिर में 30 सितम्बर को हवन एवं अष्टमी पूजन व 1 अक्टूबर को जवारा विसर्जन एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएंगा। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में लोगों से अधिकाधिक उपस्थिति का आव्हान किया है।



# रेल्वे स्टेशन पर गूंजी किलकारी

## महिला ने दिया रेलवे स्टेशन के गुड्स शेड के निचे बच्ची को जन्म, नन्ही बच्ची और महिला दोनों स्वस्थ

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ ) ।रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 3 में एक महिला ने नन्हीं बच्ची को जन्म दे दिया ।यह घटना 26 सितंबर की सुबह की है, जब बैहर क्षेत्र की एक महिला आंध्रप्रदेश से अपने घर जा रही थी, तो वह रात्रि में बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची और सुबह अचानक से ही महिला को दर्द पीड़ा हुई और उन्होंने देखते ही देखते रेलवे स्टेशन के गुड्स शेड में ही एक नन्ही बच्ची को जन्म दे दिया। जिसकी सूचना मिलती ही रेलवे स्टेशन प्रबंधक ने महिला और जन्मी नन्ही बच्ची को एंबुलेंस बुलाकर जिला चिकित्सालय भिजवाया। यहां चिकित्सकों के अनुसार नन्ही बच्ची और महिला दोनों ही स्वस्थ है। यहां महिला ने प्लेटफार्म पर एक बेटी को जन्म दिया है । आपको बता दे कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 03 गुड्स शेड की तरफ, एक आदिवासी महिला ने बच्ची को जन्म दिया। नवरात्र में जन्मी महिला की यह तीसरी बेटी है, जबकि इससे पहले उसे 4 और 7 साल की दो बेटिया है। महिला अनिता पति राजेन्द्र मरकाम ने बताया कि पति के साथ दो महिने पहले आंध्रप्रदेश में वह मिर्ची कारोबार में काम करने गए थे। इसके बाद वह 25 सितंबर की रात्रि 1:00 बजे ट्रेन का सफर करते हुए बालाघाट रेलवे स्टेशन में पहुंचे और रात्रि में वह कोई घर तक पहुचने का कोई साधन नहीं होने के कारण बालाघाट रेलवे स्टेशन में ही अपने परिजनों के साथ रुक गए। सुबह 7:00 बजे महिला शौच के लिए शौचालय गई हुई थी, तभी उन्हें दर्द पीड़ा उत्पन्न हो गई और वह शौचालय के पास ही बैठ गई, उन्होंने परिजनों को आवाज दी किंतु उनके परिजन रेलवे स्टेशन के अंदर थे, तो किसी ने उनकी आवाज नही सुन पाई ,दर्द पीड़ा अधिक होने से महिला ने वही अचानक बच्ची को जन्म दे दिया और बच्ची की किलकारी सुनते ही वहां कुछ लोग जमा हो गए, तभी उनके परिजन भी वहां पहुंचे ,जब तक अनीता ने एक नन्ही बच्ची को जन्म दे दिया था । परिजनों द्वारा इसकी सूचना रेलवे स्टेशन प्रबंधक को दी गयी , उसके बाद स्टेशन प्रबंधक ने एंबुलेंस के माध्यम से प्रसूति महिला और नन्ही बच्ची को जिला चिकित्सालय भिजवाया। यहां चिकित्सकों की माने तो नन्ही बच्ची और अनीता दोनों ही पूरी तरह से स्वस्थ हैं ।अनीता ने बताया कि इसके पहले उनकी एक 7 साल की और एक 4 साल की दो बिटिया है और यह तीसरी बिटिया को उन्होंने जन्म दिया है ।



### एम्बुलेंस से महिला को अस्पताल भिजवाया गया - कृष्ण मोहन चौधरी

स्टेशन प्रबंधक कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि सफाई कर्मी को इसकी जानकारी लगी। जिसने आरपीएफ को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद एम्बुलेंस को बुलाकर, महिला को जिला अस्पताल भिजवाया गया । फिलहाल महिला का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि डिलेवरी से पहले महिला शौच के लिए गई थी। प्लेटफार्म में डिलेवरी का यह पहला मामला है।

# नगरपालिका में भूमि पूजन पर राजनीति गर्माई

## नेता प्रतिपक्ष ने नपा. अध्यक्ष को घेरा, कहां स्विमिंग पूल, मिनी स्टेडियम और नपा.स्कूल का हो गया है दो से तीन बार भूमि पूजन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़) । नगर पालिका द्वारा इन दिनों स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शहर के अलग-अलग वार्डों में भूमि पूजन और लोकार्पण के कार्य किये जा रहे हैं । इस विषय पर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष योगराज लिल्हारे ने नगर पालिका अध्यक्ष पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा एक ही कार्यों का दो से तीन-तीन बार भूमि पूजन किया जा रहा है। जबकि नगर पालिका को भूमि पूजन करने के बाद निर्माण कार्य किया जाना चाहिए, किंतु नगर पालिका बार-बार भूमि पूजन कर वार्ड वासियों को गुमराह कर रही हैं। जबकि शहर में स्विमिंग पूल, मिनी स्टेडियम और महात्मा गांधी म्युनिसिपल स्कूल का भूमि पूजन इसके पहले किया जा चुका है और नगर पालिका आज भी इन्हीं कार्यों का भूमि पूजन कर रही है जो कि गलत है। आपको बता दे की नगर पालिका बालाघाट द्वारा देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मना रही है ।यह पखवाड़ा 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा ।इसके तहत नगर पालिका द्वारा शहर के अलग-अलग वार्डों में अलग-अलग कार्य और भूमि पूजन और लोकार्पण हो रहे है। जिसमें नगर पालिका द्वारा 26 सितंबर को शहर के अलग-अलग वार्डों में कुछ भूमि पूजन और कुछ लोकार्पण के कार्य किये जा रहे हैं। इसमें नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष योगराज लिल्हारे द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष पर इस प्रकार किये जा रहे भूमि पूजन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं । जिसमें नेता प्रतिपक्ष योगराज लिल्हारे का कहना है कि नपा. अध्यक्ष के द्वारा लोकार्पण किया जा रहा है, वह अच्छा है ,वह होना भी चाहते हैं किन्तु भूमि पूजन के बाद जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण होना चाहिए। वह इसका स्वागत करते हैं किंतु नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कुछ चर्चित कामों का श्रेय लेने के लिए बार-बार ही भूमिपूजन कर रहे हैं ,जो कि गलत है । इसके पहले नगर पालिका द्वारा शहर में स्विमिंग पूल, मिनी स्टेडियम ,महात्मा गांधी म्युनिसिपल स्कूल का 2 से 3 बार मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्रियों के हस्ते भूमि पूजन कराया जा चुका है । लेकिन पुनः नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा 26 सितंबर को इन्हीं कार्यों का फिर से भूमि पूजन कराया गया, जो कि गलत है । जबकि उन्हें अन्य वार्डों में प्रस्तावित निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर उन कार्यों का कार्य प्रारंभ करना चाहिए ,किंतु नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा श्रेय लेने की राजनीति करते हुए, उन्हीं कार्यों का बार-बार भूमि पूजन किया जा रहा है। ऐसे कई गंभीर आरोप नेता प्रतिपक्ष ने नगर पालिका अध्यक्ष पर लगाए हैं ।



### पहले भी किये जा चुके है भूमिपूजन

पहली बार भूमिपूजन विकसित भारत विकसित प्रदेश के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअली भोपाल से 28/02/2024 को न.पा. बालाघाट के प्रांगण में तत्कालीन जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, विधायक अनुभा मुंजारे एवं पूरे पार्षदों की उपस्थिति में किया गया था। उक्त कार्यक्रम को 2 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है और आज तक निर्माण कार्यो को प्रारंभ नही किया गया है एवं नगर में स्विमिंग पुल का भूमिपूजन आज से 13 वर्षो पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया था। दूसरी बार भूमिपूजन 28 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअली किया गया। अब यह तीसरी बार भूमिपूजन किया गया हैं ।

# मनरेगा अभियंता ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मांगे पूरी नही होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

बालाघाट( पदमेश न्यूज़) ।मनरेगा उपयंत्री पिछले 37 दिवस से अपनी न्यायिक मांगो की पूर्ति हेतु शांति प्रिय आंदोलन कर रहे है। भारतीय संस्कृति की वैचारिक परंपरा का निर्वहन करते हुए शासन प्रशासन से आवेदन निवेदन के माध्यम से अपनी मांग पूर्ति हेतु गुहार लगा रहे है। परंतु शासन द्वारा सुनवाई न किए जाने से मनरेगा संविदा उपयंत्रीयो में गहरी निराशा है । अब सभी उपयंत्री अपने आंदोलन को क्रांतिकारी आंदोलन में बदलने की तैयारी में है ।इस हेतु शासन को प्रदेश के सभी जिलों में आदरणीय कलेक्टर साहब के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। आपको बता दे कि प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जुलाई 2023 में संविदा कर्मचारियों के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बुलाई संविदा पंचायत में की गई घोषणा अनुरूप नीति लागू की गई थी। परन्तु सरकार के निर्देशों को भी दरकिनार करते हुए ग्रामीण विकास विभाग में उक्त नीति को अभी तक लागू नहीं किया गया । जबकि प्रदेश सरकार के अन्य विभागों द्वारा पूर्ण रूपेण नीति लागू कर दी गई है। इसी नीति के तहत मनरेगा उपयंत्री भी अपनी आठ सूत्रीय मांगों के लिए कई वर्षों से निवेदन कर रहे है। वेतन विसंगति, अनुकम्पा नियुक्ति, निलंबन प्रक्रिया, ग्रेच्युटी, सहायक यंत्री का प्रभार की मुख्य मांगे है मनरेगा उपयंत्री अपनी जायज मांगों की पूर्ति के लिए प्रदेश भर में आंदोलनरत है और अब अपने परिवार और रिश्तेदारों सहित उग्र आंदोलन की ओर अग्रसर हो रहे है। मनरेगा उपयंत्री की इस हड़ताल को प्रदेश के विभिन्न संगठनों ने भी जायज ठहराया और अपना समर्थन भी दिया विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी इनकी मांगों का समर्थन किया है,इस हड़ताल से ग्रामीण विकास विभाग का कार्य बाधित हो रहा है और मजदूर पलायन को मजबूर हो रहे है,ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न योजनाएं चरमरा गईं है इसलिए आज मनरेगा अभियंताओ ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मनरेगा योजना के अधिकारियों सहित सरकार को भी निवेदन स्वरूप ज्ञापन सौंपा है।



# रजेगांव पुलिस ने पांच मवेशी बूचड़खाने जाने से बचाए- तीन व्यक्ति गिरफ्तार

बालाघाट(पदमेश न्यूज़) । किरनापुर थाने की रजेगांव पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से पांच मवेशी महाराष्ट्र राज्य के बूचड़खाने जाने से बच गये ।वही रजेगांव पुलिस ने इन मवेशियों को बूचड़खाना ले जाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। रजेगांव पुलिस ने यह कार्यवाही अपनी चौकी क्षेत्र में आने वाले ग्राम मौदा अमराई के पास की। गिरफ्तार तीनों व्यक्ति भरत लाल पिता अड़कु परसमोड़े 62 वर्ष, माधवराव पिता दशरथ केवट 54 वर्ष दोनो ग्राम नाहरवानी थाना हट्टा, और घनश्याम पिता चीकू लाल बोपचे 46 वर्ष ग्राम रट्टापायली थाना हट्टा निवासी है। किरनापुर पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति द्वारा पांच नग गोवंश को क्रुरता पूर्वक मारते-पीटते पैदल हाँकते हुए मौदा अमराई से होकर महाराष्ट्र राज्य के बूचड़खाने ले जाए जा रहे हैं। इस सूचना पर किरनापुर थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा के मार्गदर्शन में रजेगांव चौकी प्रभारी ग्लैडविन क्षत्रिया अपने स्टाफ के ग्राम मौदा अमराई पहुंचे। जहां तीन व्यक्ति पांच नग मवेशी बैलों को लकड़ी से क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते हुए और हांकते हुए महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे थे। जिनमें दो बैल एक साथ बंधे हुए थे। तीन बैल एक साथ रस्सी में बंधे हुए थे। बैलों के मुंह से झाग निकल रहा था और वे थके बीमार लग रहे थे। मोके पर पकड़े गये तीनों व्यक्ति से नाम पूछने पर उन्होंने अपना नाम भरत लाल परसमोड़े ग्राम नाहरवानी, दूसरे ने अपना नाम माधवराव केवट ग्राम नाहरवानी और तीसरे ने अपना नाम घनश्याम बोपचे ग्राम रट्टापायली निवासी बताये। जिनके पास इन गोवंश को क्रय विक्रय करने के सम्बंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाये गये। पूछताछ करने पर उन्होंने यह भी बताया कि गोवंश को वे महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिले में स्थित ग्राम चंगेरा बूचड़खाना बेचने ले जा रहे थे। तीनों व्यक्ति को पांच गोवंश के साथ रजेगांव पुलिस चौकी लाया गया। इस मामले में तीनों व्यक्ति के खिलाफ धारा 4,6,9 मध्य प्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 और धारा 11 पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध दर्ज कर उक्त तीनों व्यक्ति को इस मामले में गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश कर दिए गये।

# विजय बोरीकर का मध्यप्रदेश कराते अकादमी में चयन

बालाघाट( पदमेश न्यूज़) । इंग्लिश हा. से. स्कूल के सभागार में स्कूल समिति प्रबंधन द्वारा विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र विजय बोरीकर का मध्यप्रदेश कराते अकादमी में चयन उपलब्धि हेतु सम्मान समारोह किया गया। मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण द्वारा संचालित मार्शल आर्ट कराते एकेडमी टी.टी नगर स्टेडियम भोपाल में विजय पोमेश बोरीकर चयन हुआ। जिसमें भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा क्रमशः आवास, शिक्षा, खेलकिट राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर कराते प्रतियोगिता हेतु एक्सपोजर यात्रा भत्ता, मेडिकल सुविधा मध्यप्रदेश कराते अकादमी द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। साथ ही विजय बोरीकर मध्य प्रदेश शालेय कराते टीम का 60 प्लस किलोग्राम वर्ग में आगामी 15 दिसंबर को होने वाली इंदौर में राष्ट्रीय कराते शालेय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा ।जो बालाघाट इंग्लिश हा. से. स्कूल, बालाघाट एवं मध्य प्रदेश के लिए गौरव के पल है ।इस अवसर पर बालाघाट इंग्लिश हा. से. स्कूल समिति के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव, विश्वजीत मंडल, समस्त समिति सदस्य, प्राचार्य जय कुमार पिल्लई, उप-प्राचार्य श्रीमती दामिनी माहुले, प्रधानाध्यापिका श्रीमती कल्पना वैष्णव, खेल प्रभारी श्रीमती चित्रा पंडेल, कुमारी हर्षिता मुनेश्वर, जिला खेल अधिकारी बालाघाट एवं एसडीओपी अभिषेक चौधरी एवं जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्र विजय बोरीकर को शालेय राज्य स्तर में प्राप्त गोल्ड मेडल से सम्मान, गिफ्ट,मिठाईयों के साथ शुभकामानाऐं प्रेषित की वही सभी के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।



# जीर्णशीर्ण भवन को डिस्मेंटल करते समय दीवार गिरने से मजदूर की हुई मौत

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर स्थित प्रक्रिया एवं विपणन सहकारी संस्था (मार्केटिंग) मर्यादित के जीर्णशीर्ण भवन को डिस्मेंटल (तोड़ने) का कार्य मजदूरों के द्वारा किया जा रहा था। तभी भवन की दीवार को तोड़ते समय गुरूवार की शाम में दीवार अचानक ढह गया जिसकी चपेट में मजदूर सावनलाल आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानपुर के प्रक्रिया एवं विपणन सहकारी संस्था मर्यादित के धान खरीदी परिसर में स्थित भवन जीर्णशीर्ण हो चुका था और यह भवन कच्चा बना हुआ था, जिसे संस्था के द्वारा तीन मजदूरों से तुड़वाया जा रहा था। गुरूवार को बकोड़ा निवासी 45 वर्षीय मजदूर सावनलाल कावरे अपने दो साथियों के साथ जीर्णशीर्ण भवन को डिस्मेंटल करने (तोड़ने के बाद) अंतिम दीवार को तोड़ रहे थे तभी शाम में अचानक दीवार की झुकाव एक साईड में हुआ और ढह गया जिसकी चपेट में आने से सावनलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी उसके परिजनों एवं पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की एवं रात होने जाने के कारण मृत व्यक्ति की लाश को शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया गया और दुसरे दिन शुक्रवार को चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। वहीं मृत व्यक्ति के परिजनों व ग्रामीणों ने प्रक्रिया एवं विपणन सहकारी संस्था मर्यादित कर्मचारियों की गलती से उक्त घटना घटित होने की बात कह रहे है। जबकि जिस जीर्णशीर्ण भवन को डिस्मेंटल किया गया है वह पूरी तरह से जर्जर हो चुका था, जिसे जेसीबी मशीन से डिस्मेंटल किया जाना था, लेकिन संस्था के कर्मचारियों के द्वारा मजदूरों से तुड़वाया गया है जो गलत है। वहीं जीर्णशीर्ण भवन की दीवार को तोड़ते समय बकोड़ा निवासी मजदूर सावनलाल कावरे की मौत हुई है एवं दो मजदूर अपनी सूझ-बूझ के चलते बाल-बाल बच गये। मृतक व्यक्ति के परिजनों एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाने की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दीवार गिरने से मजदूर की हुई है मौत - मुनेन्द्र

मुनेन्द्र ठाकरे ने बताया कि मानपुर स्थित मार्केटिंग सोसायटी का जीर्णशीर्ण भवन की दीवार तोड़ने का काम गुरूवार को तीन मजदूर कर रहे थे जानकारी अनुसार। तभी अचानक दीवार ढह गई जिससे दो मजदूर अलग हो गये एवं सावनलाल चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। श्री ठाकरे ने बताया कि जीर्णशीर्ण भवन को जेसीबी मशीन से डिस्मेंटल किया जाना चाहिए था, लेकिन कर्मचारियों ने मजदूरों से कार्य करवाया है जो गलत है, मामले की जांच कर मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाये।

### योजना का दिलवाया जायेगा लाभ - श्रीराम

बकोड़ा सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम नागेश्वर ने बताया कि गुरूवार को तीन मजदूर प्रक्रिया एवं विपणन सहकारी संस्था (मार्केटिंग) मर्यादित के जीर्णशीर्ण भवन की दीवार को तोड़ रहे थे। तभी दीवार एक साइड में गिर गया जिसकी चपेट में सावनलाल आ गया और घायल हो गया जिसे उपचार के लिए लालबर्रा अस्पताल लेकर गये तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। श्री नागेश्वर ने बताया कि मृतक परिवार का मुखिया था, जिनकी मृत्यु हो जाने से परिवार को जीविकापार्जन करने में परेशानी होगी और जीर्णशीर्ण भवन को मजदूरों से तुड़वाना गंभीर लापरवाही है, जेसीबी मशीन से डिस्मेंटल करना था परन्तु संस्था के कर्मचारियों ने ऐसा नही किया। मृतक के परिवार को शासन की योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

### मामले की जांच की जा रही है - प्रशांत

दूरभाष पर चर्चा में सहायक उपनिरीक्षक प्रशांत बंसोड़ ने बताया कि गुरूवार की शाम में जानकारी मिली थी कि मानपुर के प्रक्रिया एवं विपणन सहकारी संस्था मर्यादित में भवन की दीवार तोड़ते समय दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई है। जिसके बाद अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली गई तो बताया गया कि मृतक सावनलाल कावरे अन्य दो मजदूरों के साथ काम कर रहे थे। तभी शाम में अचानक दीवार टूटकर गिरा तो दो मजदूर हट गये, सावनलाल उसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। श्री बंसोड़ ने बताया कि शुक्रवार को मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# बोनस के नाम पर प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने किया किसानों से छलावा - दमनसिंह



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। ब्लाक कांग्रेस कमेटी खमरिया अध्यक्ष दमनसिंह राहंगडाले ने विज्ञप्ति जारी कर अपने वक्तव्य में कहा कि गत 24 सितंबर को बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा अंतर्गत कटंगी के कृषि उपज मंडी में किसानों के धान बोनस वितरण का प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन का महा आयोजन संपन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का आगमन हुआ था। जिसमें प्रदेशभर के समूचे जिले के किसानों को उम्मीद थी कि चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा किया गया 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा पूरा किया जायेगा किन्तु मुख्यमंत्री जी के द्वारा इस ओर किसी तरह का ध्यान नहीं दिया गया और न ही किसान हितैषी किसी प्रकार की घोषणा की गई। बल्कि किसानों को प्रोत्साहन राशि के नाम पर प्रति हेक्टेयर 4000 रूपये की राशि देकर चले गये और किसी भी किसान को अधिकतम 10 हजार रूपये से अधिक का प्रोत्साहन राशि नही दिया गया है। इस तरह से प्रदेश के मुखिया ने किसानों के साथ छलावा किया है। जबकि धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये दिया जाना चाहिए, प्रोत्साहन राशि के नाम पर महज 4 हजार रूपये देकर किसानों के साथ धोखा किया गया है। श्री राहंगडाले ने कहा कि हमारा बालाघाट जिला कृषि क्षेत्र में धान उत्पादक में अग्रणी जिला है, जहां आय का मुख्य स्त्रोत कृषि है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग है कि वर्तमान में धान उपार्जन का कार्य प्रारंभ होना है जिसके पूर्व धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये करें। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के द्वारा अपने उद्बोधन में कांग्रेसियों के प्रति जिस प्रकार की रोड़छाप भाषा का प्रयोग किया गया। जिससे ऐसा लगता है कि वे भूल चुके है कि संवैधानिक पर बैठे है।

# घोटी में माँ दुर्गा की आराधना जारी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत घोटी में नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में गत 22 सितंबर को माँ दुर्गा जी की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। साथ ही रोजाना विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है और क्षेत्रीयजन पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। नवदुर्गा उत्सव समिति घोटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ जगदम्बे की प्रतिमा विराजित कर नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है और सुबह-शाम आरती की जाती है जिसमें श्रध्दालुजन बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। साथ ही यह भी बताया कि 27 सितंबर को आरती के बाद फुलावा का वितरण किया जायेगा एवं 30 सितंबर को भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील नवदुर्गा उत्सव समिति घोटी के पदाधिकारियों ने की है।

# माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापना के साथ महोत्सव का आगाज आज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने वाले माँ सरस्वती महोत्सव का 27 सितंबर को वीणा वादिनी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापना के साथ आगाज होगा। जिसकी तैयारी समिति के द्वारा पुरी कर ली गई है और आज शुभ मुहुर्त पर माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापना कर माँ सरस्वती महोत्सव भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया जायेगा। आपकों बता दे कि जिले सहित पूरे महाकौशल क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त, ऐतिहासिक रूप से मनाया जाने वाला माँ सरस्वती महोत्सव 33 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। जिसके भव्य आयोजन हेतु माँ सरस्वती महोत्सव प्रांगण में समिति के युवाओं के द्वारा समस्त वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में त्याग-समर्पण व जुनून के साथ दिन-रात मेहनत कर माता का दरबार सजाया जा रहा है। 27 सितंबर को आकर्षक साज-सज्जा के साथ भव्य दरबार में आस्थापूर्वक माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इस 13 दिवसीय माँ सरस्वती महोत्सव के अवसर पर समिति के द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। चर्चा में माँ सरस्वती महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 27 सितंबर को वीणा वादिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा विराजित कर सरस्वती महोत्सव धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। जिसमें शुभमुहुर्त पर आज प्रतिमा स्थापना की जायेगी, 28 सितंबर को मटकी फोड़, 29-30 सितंबर को कुर्सी दौड़, 1 अक्टूबर को ओपन म्यूजिकल डांस, 2 अक्टूबर को दशहरा, 3 अक्टूबर को अखिल भारतीय हास्य व्यंग कवि सम्मेलन, 4 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय गरबा डांस, 5 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप डांस, 6 अक्टूबर को सांई नवदुर्गा देवी जागरण नागपुर, 7 अक्टूबर को आरके इंटरटेनमेंट ग्रुप ऑर्केस्ट्रा नागपुर का, 8 अक्टूबर को कूपन ड्रा व शशिराज ग्रुप एवं 9 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे भव्य माँ प्रतिमा विसर्जन जुलुस निकालकर महोत्सव का समापन किया जायेगा। आगे बताया कि महोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों का लाईव प्रसारण भी किया जायेगा जिससे दर्शक अपने-अपने घर में देख सकते है। वहीं ईनामी कुपन भी रखे गये है। इस अवसर पर जिले सहित क्षेत्रभर से श्रध्दालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील समिति संरक्षक कैलाश अग्रवाल, मेला प्रभारी सुधीर बाबा (जैन), अध्यक्ष योगेश आश्वले, उपाध्यक्ष लिंकन अग्रवाल, मयूर महोबे, सचिव विजय रजक, कोषाध्यक्ष हिमांशु अर्जुनवार, अक्षत साहू, मुकेश पटले, अप्पू कुमरे, मुस्कान कटारे, राजू साहू, मुकेश अवधिया, अर्चित साहू, राजू साहू, शानू ब्रम्हे, सोनू मर्सकोले, बिट्टू अड़मे सहित अन्य सदस्यगण एवं संरक्षकों ने की है।

# तेज हवा एवं बारिश में विशालकाय पेड़ धराशायी होकर हाईवे मार्ग व विद्युत तार पर गिरा

## बड़ा हादसा टला, लालबर्रा से सिवनी हाईवे मार्ग दो घंटे तक रहा बंद, राहगीरों को हुई परेशानी





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को दोपहर अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही तेज बादल गर्जन व हवा चलने के साथ ही करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई है। इसी तेज हवा व बारिश के चलते लालबर्रा से सिवनी हाईवे मार्ग स्थित परसाटोला से कंजई के बीच रोड़ किनारे स्थित विशालकाय पेड़ धराशायी होकर (टूटकर) रोड़ के बीच में गिर गया। जिससे रोड़ किनारे से गुजरी विद्युत विभाग की विद्युत तार भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। वहीं विशालकाय पेड़ हाईवे रोड़ के बीच में गिर जाने से आवागमन बाधित हो चुका था। जिसके चलते लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं विशालकाय पेड़ गिरने से विद्युत तार टुट जाने की जानकारी तत्काल विद्युत विभाग को दी गई और तत्काल विद्युत प्रवाह सेवा बंद करवा दी गई नही तो लोग बिजली तार की चपेट में आ सकते थे। वहीं जिस समय पेड़ धराशायी हुआ उस समय तेज बारिश हो रही थी जिसके कारण मार्ग से आवागमन नही हो रहा था, अगर लोग गुजरते रहते तो वे विशालकाय पेड़ एवं विद्युत तार की चपेट में आ सकते थे, जिससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। साथ ही बारिश बंद होने के बाद नेवरगांव ला. स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल के आगे एवं परसाटोला-कंजई के बीच में पेड़ धराशाही होकर रोड़ के बीच में गिर गया था। जिसे ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद सड़क के बीच से हटाया गया जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ। इस तरह से हाईवे रोड़ के बीच में विशालकाय पेड़ गिर जाने से इस मार्ग से करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। साथ ही मार्ग के दोनों साइड में चौपहिया सहित अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई थी जिससे आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा एवं शाम करीब 5 बजे के बाद लालबर्रा से सिवनी हाईवे मार्ग से आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ है। वहीं शुक्रवार को दोपहर में हुई तेज बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है एवं धान की फसल के लिए भी यह बारिश संजीवनी का काम किया है क्योंकि भारी प्रजाति के धान को पकने में समय है। जिसमें पानी की आवश्यकता पड़ेगी और जिनके खेतों में सिंचाई का साधन नही है वे किसान परेशान नजर आ रहे थे किन्तु शुक्रवार को दोपहर में तेज बादल गर्जन के साथ हुई झमाझम बारिश से खेतों में पानी जमा हो जाने से किसानों ने राहत की सांस ली है।

# अस्पताल में विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## 1069 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, 60 यूनिट हुआ रक्तदान




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 26 सितंबर को विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले, नगराध्यक्ष संजीव अवधिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव, बीएमओं डॉ. रितु धुर्वे, थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी सहित अन्य जनप्रनिधि एवं चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थित में प्रारंभ हुआ। आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में 1069 लोगों का चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और बीमारी के आधार पर उपचार कर निःशुल्क दवाईयां वितरित कर स्वास्थ्य संबंधित उचित मार्गदर्शन दिया गया है। वहीं रक्तदान शिविर में 60 व्यक्तियों ने रक्तदान किया है, जिन्हे स्वास्थ्य अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव के द्वारा शिविर में आये मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधित हाल-जाना एवं चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। साथ ही आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है और जिला ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 60 रक्तदाताओं का रक्त संकलित किया गया। साथ ही नेत्र रोग के 85, हाइपरटेंशन के 269, डायबिटीज के 273, स्त्री रोग के 132, शिशु रोग के 26, दंत रोग के 109, नाक कान गला के 264, त्वचा रोग के 36, मनोरोग के 12, खून की कुल जांच 794, टीव्ही की जांच 220, हड्डी रोग के 31, सिकल सेल के 145 लोगों की निःशुल्क विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा जांच की गई है और बीमारी के आधार पर दवाईयां प्रदान कर स्वास्थ्य संबंधित उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और इसकी असली अहमियत तब समझ में आती है। जब हमारे अपने किसी परिजन को रक्त (खून) की आवश्यकता होती है। साथ ही यह भी कहा कि यह एक ऐसा कार्य है जिससे न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि समाज में मानवता और आपसी सहयोग की भावना भी बढ़ती है। समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जब हम निःस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं तो वास्तव में दूसरों के जीवन में उजाला लाते हैं। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए एवं इस तरह से कार्य में सबको बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए। बीएमओं डॉ. रितु धुर्वे ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 1069 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां प्रदान की गई एवं 60 लोगों ने रक्तदान किया है। कार्यक्रम को अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्वास्थ्यकर्मी सहित क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

# कोसमी में शेर पर विराजी माँ दुर्गा



खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रटेगांव के ग्राम कोसमी में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा माँ दुर्गा जी की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। वहीं माँ दुर्गा जी इस बार शेर पर विराजी है जिसकी श्रध्दालुजन रोजाना आराधना कर माता-रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। साथ ही रोजाना विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। चर्चा में समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गत 22 सितंबर को माँ जगदम्बे की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है और सुबह-रात 8 बजे आरती की जाती है जिसमें ग्रामीणजन पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। साथ ही रोजाना धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है और मातारानी के गीतों से पुरा ग्राम भक्तिमय हो गया है।

# बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी

## सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में मां जगदंबे की आराधना जारी





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर सहित क्षेत्र में सार्वजनिक दुर्गा पंडाल में मां भगवती की आराधना का पर्व नवदुर्गा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जहां २२ सितंबर से मां जगत जननी की प्रतिमा विराजित कर विधि विधान से नवरात्र पर्व के दौरान प्रतिदिन मां दुर्गा के ९ स्वरूप की आराधना की जा रही है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों के द्वारा माता रानी का भव्य दरबार सजाने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें खेल प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या के आयोजन हो रहे हैं ,जहां देर रात्रि तक लोग कार्यक्रम का लाभ उठा रहे हैं। तो वहीं नगर में अब दुर्गा पंडाल में भक्तों की भीड़ लगने लगी है।**

### सिविल क्लब में महल में विराजी मां अंबा

नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब के द्वारा नवरात्र पर्व का यह २२ वां वर्ष दुगने उत्साह और भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। जहां पर मां जगत जननी की स्थापना के बाद से प्रतिदिन मां के अलग अलग स्वरूप की आराधना की जा रही है। इस दौरान मां अंबा के लिए समिति के द्वारा महल की तरह आकृति में दरबार का निर्माण किया गया है। जहां पर सामने फ्व्वारा फिर लंबी सीढ़ी और दरबार के अंदर मां जगत जननी विराजित है। जहां अंदर में चारों तरफ १२ ज्योतिर्लिंग स्थापित किए गए हैं केंद्र में माता की प्रतिमा है वही भव्य गरबे का आयोजन किया गया है। जो प्रतिदिन शाम को लाइव गरबा आयोजित हो रहा है जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर डांडिया रास के माध्यम से माता की आराधना कर रहे हैं। उक्त समिति अपने भव्य आयोजन को लेकर जिले ही नहीं महाकौशल और महाराष्ट्र के विदर्भ के कई जिलों में ख्याति प्राप्त है। जहां इस वर्ष ८ अक्टूबर को लकी ड्रा खोला जाएगा जिसमें मशहूर हिंदी फिल्म अभिनेता चंकी पांडे शिरकत करेंगे। तो वहीं हिंदी सिनेमा एवं इंडियन आइडल के चर्चित गायक भी शामिल होंगे।

### सम्राट नगर में विराजी नौदुर्गा

सम्राट नगर दुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर १,२,३ के द्वारा मां भगवती की प्रतिमा विराजित कर दुर्गा उत्सव का ३६ वां वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जहां माता रानी के दरबार का विशाल भवन की आकृति में निर्माण किया गया है। जिसमें इस वर्ष मां भगवती के ९ स्वरूप की स्थापना की गई है जिसमें आठ छोटी मूर्तियां है जो चार.चार के ग्रुप में रखी गई है तो वहीं मध्य में माता का विशाल रूप की स्थापना की गई है। इस प्रकार नवदुर्गा की स्थापना की गई है जहां विधि विधान से माता की प्रतिदिन आराधना की जा रही है। इस वर्ष लकी कूपन ड्रा समिति के द्वारा रखा गया है यह ड्रा सिविल क्लब मैदान में ९ अक्टूबर को सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम के माध्यम से खोला जाएगा। नवरात्र पर्व में १ अक्टूबर को हवन पूजन और महाप्रसादी का वितरण होगा। यह नवदुर्गा उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन गरबा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमें लाइव गरबा रखा गया है। जहां बड़ी संख्या में नगर वासियों के द्वारा उपस्थित होकर गरबा के माध्यम से माता की आराधना की जा रही है।



### ८९ वां दुर्गा उत्सव मना रहा अनाज गंज

अनाज गंज दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा दुर्गा उत्सव का यह ८९ वां वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें मां भगवती की मनमोहक प्रतिमा विराजित कर प्रतिदिन आराधना की जा रही है। जिसमें गरबा कार्यक्रम भी रोजाना आयोजित हो रहा है। इस दौरान माता रानी का विशाल पंडाल निर्माण किया गया है जिसमें आकर्षक लाइटिंग लगाई गई है। तो वहीं मां जगदंबे आसन पर विराजित है शेर उनके पैर के नीचे बैठा हुआ है माता रानी के सिंहासन पर मध्य में भगवान शिव और आठ दुर्गा के मुख बने हुए हैं। तो वहीं माता रानी के ऊपर हरियाली लगाई गई है जो सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। विदित हो कि यह दुर्गा उत्सव नगर और जिले का सबसे पुराना दुर्गा उत्सव है, जहां लंबे समय से लगातार माता की स्थापना कर नवरात्र पर्व मनाया जाता रहा है। यह अनाज मंडी सीधे किसानों से जुड़ी हुई है इसमें बताया जाता है कि दुर्गा उत्सव में किसान भी शामिल रहते हैं। अनाज गंज में आजादी के पहले से दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है जो निरंतर जारी है। ऐसे में समिति के द्वारा आयोजन को भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### ८१ वां दुर्गा उत्सव मना रहा भाजी मंडी

नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति भाजी मंडी के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य दरबार सजाकर आकर्षक लाइटिंग के साथ नवरात्र पर्व हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा है। समिति के द्वारा यह दुर्गा उत्सव का ८१ वां वर्ष मनाया जा रहा है जिसमें २२ सितंबर को विधि विधान से मां भगवती की आराधना कर प्रतिमा स्थापित की गई। जिसके बाद प्रतिदिन अलग अलग माता के स्वरूप की आराधना की जा रही है। तो वहीं गरबा कार्यक्रम भी भव्य स्तर पर आयोजित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष वर्ग के द्वारा शामिल होकर माता की आराधना की जा रही है। विदित हो की भाजी मंडी दुर्गा उत्सव समिति भी बहुत पुरानी समिति है जहां आजादी के पहले से दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। समिति के द्वारा निरंतर यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

# महाविद्यालय में अन्त्योंदय दिवस मनाया गया

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरिता कोल्हेकर एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में अन्त्योदय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात व्याख्यान कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के द्वारा स्वसहायता समूह के माध्यम से निचले स्तर के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और स्वरोजगार के नये अवसरों को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम में चलचित्र के माध्यम से स्व सहायता समूह के कार्य संपादन को दर्शाया गया। साथ ही महाविद्यालय के इंदिरा प्रकोष्ठ में उपस्थित महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं के द्वारा उनके आस पास संचालित हो रहे स्व सहायता समूहों के अनुभवों को साझा किया गया। वर्तमान समय में रोजगार के घटते अवसरों को ध्यान में रखते हुए संतोष बिसेन के द्वारा इस कार्यक्रम में स्वरोजगार समूहो द्वारा रोजगार के लिए उपलब्ध संसाधनों का समूचित प्रयोग करने के लिए संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। साथ ही महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं के द्वारा प्रश्नोत्तर किये गये। इनके प्रश्नोत्तर के माध्यम से कार्य में आने वाली बाधाओं का उत्तर स्वरूप हल निकाला गया। इस दौरान विनोद गजभिये, श्रीमती हर्षिता मेश्राम, संतोष गोखले, सुश्री शिखादेवगीरकर,अनिरूद्ध सिंह काकोड़िया मौजूद रहे।



# प्रत्येक व्यक्ति अपने शुभ कार्य में एक पौधा जरूर लगाए-विवेक पटेल

## ग्राम पंचायत दिनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित




वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी वन परिक्षेत्र परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत दिनी के कक्ष क्रमांक ५२७ में सेवा पर्व सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश के हर शहर गाँव में अभियान चलाकर वृक्षारोपण कर जल स्त्रोतों की साफ सफाई की जाने के साथ लोंगो को भी पानी बचाने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा हैं। इसी के तहत विधायक विवेक पटेल ग्राम दिनी पँहुचे जहाँ उन्होंने पौधरोपण करने के साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें जल और जंगल की महत्त्वता को विस्तार से समझाया। इस दौरान परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश रामटेके, विजय कुंभरे, दीपक कामडे, सुरेन्द्र शेंडे,नंदकिशोर भलावी,नोकराम मंडलेकर, दुर्गाप्रसाद चौधरी, चुन्नीलाल टेकाम, अनिल भलावी, यादोराव मंडलेकर, संदेश बिसेन, ईस्वरी दामनकर सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। विधायक विवेक पटेल ने कहा की प्रदेश सरकार ने जल को बचाने के लिए अनुकरणीय प्रयास कर रही है। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मानवहित के इस अभियान में राजनीति से परे हट कर हम सब को अपना अपना शत प्रतिशत योगदान देना होंगा। तभी हम लगातार क्षरण होते पर्यावरण और लगातार घटते जल स्तर को हम थाम सकते है, वर्ना आने वाला समय हमारे और हमारी आने वाली पीढियों के लिए बेहद खतरनाक होंगी।

# एफएलएन शिक्षा का एफआई ने किया निरीक्षण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत प्राथमिक स्कूलों में संचालित बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम का दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम जिला कार्यालय द्वारा फील्ड इन्वेस्टिगेटर भेज कर २५ एवं २६ सितंबर को किया गया। जिसमें वारासिवनी विकासखंड के चिन्हित १० स्कूलों में बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान के रूप में संचालित कक्षा तीन और चार के पाठ्यक्रम की जानकारी




लेकर निरिक्षण कर वास्तविकता की समीक्षा की गई। इस दौरान यह फील्ड इन्वेस्टिगेटर वारासिवनी अंतर्गत कायदी, बनियाटोला ,सावंगी ,तुमडीटोला के प्राथमिक स्कूल एवं रमरमा, लालपुर ,कौलिवाड़ा, उमरवाड़ा ,दिनी ,खापा के माध्यमिक स्कूलों में निरिक्षण कर वास्तविकता ज्ञात की गई। वहीं उक्त संबंध में रिपोर्ट तैयार कर बंद लिफाफे में प्रधान पाठक को सौंप गई जो जिला स्तर पर यह जमा करेंगे। बीआरसी सत्येंद्र शरणागत ने बताया कि शासन के द्वारा बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम प्रारंभ किया है। जिसके संबंध में समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है और यह सभी प्राथमिक स्कूलों में संचालित किया जा रहे हैं। जिसमें कार्यक्रम के संचालन की वास्तविकता के लिए या निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें विकासखंड के १० स्कूल को चिन्हित किया गया है जिसके लिए ३२ फील्ड इन्वेस्टिगेटर निर्धारित किए गए हैं। जिनके द्वारा संबंधित स्कूलों में कार्यक्रम की जांच की जा रही है की वास्तविकता में यह जो शासन के द्वारा लाया गया कार्यक्रम है वह जमीनी स्तर पर उतर गया है या नहीं। इससे विद्यार्थियों में क्या बदलाव हुए हैं इसकी रिपोर्ट तैयार होगी जो जिला कार्यालय को जाएगी। वारासिवनी के सभी प्राथमिक स्कूल में यह कार्यक्रम जारी है किंतु १० स्कूलों का चयन किया गया था जहां पर कार्यक्रम की जांच की गई है।

# मिरगपुर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजित

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मिरगपुर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें श्रोताओं ने खूब लुत्फ उठाया। बाल गोपाल नवदुर्गा उत्सव समिति कालोनी चौक मिरगपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कवि सम्मेलन में श्रोता अंतिम तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराये रहे और कविताओं का आनंद उठाते रहे। क्षेत्र के हास्य व्यंग्य के कवि और शायर शैलेश इनायत के संयोजन और संचालन में मध्य भारत के हास्य.व्यंग्य के कवियों ने हिस्सा लिया। जहां कार्यक्रम की शुरुआत से पहले मां सरस्वती की वंदना की जांजगीर छत्तीसगढ़ से पधारे गीतकार भैयालाल नागवंशी के सुरीली आवाज में की गई। उसके बाद रामटेक महाराष्ट्र से पधारे कवि राहुल शामकुंवर ने कार्यक्रम की शानदार शुरुआत करते हुए श्रोताओं को खूब हंसाया। उनका चंचल अंदाज और हास्य कविताएं खूब पसंद की गई। उसके बाद सावनेर के कवि तड़प सावनेरी की ग़ज़लों पर पुरे सदन के द्वारा खूब वाहवाही मिली। छिंदवाड़ा से पधारे हास्य कवि भुवन सिंह धांसू के छंदों ने श्रोताओं को लगातार एक घंटे तक हंसाया पुरा सदन धांसू धांसू बोल उठा। श्रोताओं ने अपार प्रेम तालियां के माध्यम से बरसाया। उनके हर छंद पर तालियों के साथ खूब ठहाके लगे। उसके बाद युवा कवि और शायर संजय अश्क के मुक्तक व्यंग पर श्रोताओं ने खूब तालियां बरसाई। उनके मुक्तक राहें ईमान जबसे चलने लगा हूं ,कुछ नजरों में ज्यादा ही खलने लगा हूं। मेरे दुश्मन है मेरी मौत की फिराक में,मैं हूं की और शान से पलने लगा हूं। पर खूब वाहवाही मिली। उसके बाद जांजगीर छत्तीसगढ़ से पधारे वरिष्ठ गीतकार भैयालाल नागवंशी के गीत श्रोताओं के दिल में जा बसे। उनके गीत गीली लिखना पर सदन का अपार प्रेम तालियां के माध्यम मिला। बेहतरीन संचालन करते हुए शैलेश इनायत ने कविताओं और हास्य.व्यंग्य के माध्यम से अंतिम तक श्रोताओं को बांधे रखा और अपने निराले अंदाज में खूब हंसाया। अंत में सभी कवियों का आभार ग्राम के सरपंच दीपक देशमुख ने किया।



# खैरलांजी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर आज

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। २७ सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शासन के द्वारा संचालित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये गंभीर बीमारी से ग्रस्त महिलाओं के इलाज के लिए सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय की जाएगी। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ ,स्त्री रोग विशेषज्ञ ,हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ ऐसे समस्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्य शिविर के साथ विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन संस्था में किया गया है। जो भी रक्तदाता रक्तदान करना चाहते हैं वे सभी संस्था में आकर रक्तदान कर सकते हैं।

# कुएँ में डूबने से महिला की मौत ,पुलिस जुटी जांच में

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर १५ सिविल लाइन में २६ सितंबर को मायके आई महिला दीप्ती तिवारी के द्वारा कुएं में कूद कर जीवन लीला समाप्त कर ली गई। मामले में पुलिस के द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है वहीं शव को सुरक्षित फ्रीजर में रखवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीप्ती पति मुकेश तिवारी उम्र ३८ जमुनिया छिंदवाड़ा निवासी गत दिनों पूर्व अपने पिता के घर वार्ड नंबर १५ सिविल लाइन में आई हुई



थी। जहां पर वह निवास कर रही थी ऐसे में शुक्रवार को अचानक शाम ७ बजे दिया बत्ती लगाने का है कह कर घर से बाहर निकली और पड़ोसी श्री हरड़े के मकान के पीछे स्थित कुएँ में छलांग लगा दी। इस दौरान कुएं में कुछ गिरने की आवाज सुन श्री हरड़े के परिवार के लोग कुएं के पास गए तो देखा कि अंदर कोई महिला संघर्ष कर रही थी। जिसकी जानकारी उन्होंने आस पड़ोस के लोगों को दिया और तत्काल उसे कुएं से बाहर निकालने का सफल प्रयास कर महिला के परिजनों के साथ उसे सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया किंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर के द्वारा परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया गया वहीं घटना की जानकारी अस्पताल तहरीर के माध्यम से पुलिस को दी। जहां पुलिस ने आवश्यक जानकारी लेकर पंचनामा कार्यवाही कर सिविल अस्पताल परिसर स्थित शव विच्छेदन गृह के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम शनिवार की सुबह १० बजे किया जाएगा महिला की मौत का कारण अज्ञात है जिसमें पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

# अपने देश की अच्छाई का प्रचार करना भी राष्ट्रधर्म है

जिस प्रकार आकाश को बाहों में नहीं समेटा जा सकता, उसी प्रकार धर्म को भी किसी सीमा में बाँधने का प्रयास करना उसकी ऊँचाई को बौना और उसके विस्तार को संकुचित करने का असफल प्रयास ही होगा। यही कारण है कि धर्म के भव्य और असीम स्वरूप को सीमाओं में नहीं बाँधा जा सका। धर्म आकाश की तरह अनंत है। तप, त्याग, सेवा ये सब धर्म के ही रूप हैं। इनका विभाजन कैसे किया जा सकता है घर, परिवार, राष्ट्र हेतु प्रत्येक मनुष्य के अपने कर्त्तव्य हैं। राष्ट्र पर संकट आने पर उसके लिए जनता में जागृति पैदा करना, तन-मन-धन का त्याग करना और वृद्ध, असहाय, अपाहिजों की सेवा करना राष्ट्रधर्म की श्रेणी में रखा जा सकता है। जहाँ अपनत्व है, एक व्यक्ति दूसरे के दु:ख-दर्द को अपना मानकर उसके लिए त्याग करने को तत्पर हो जाता है, हजारों मील दूर की मिट्टी को अपनी मानकर उसकी रक्षा हेतु उठ खड़ा होता है, यही राष्ट्रधर्म है। विश्वधर्म के भाव रखने वाला मानव राष्ट्रधर्म के पथ से ही आगे बढ़ता है। अपने देश की सभ्यता एवं संस्कृति का सम्मान अपने राष्ट्र का सम्मान है। अत: जो मेरे राष्ट्र में अच्छा है, उसका अधिक-से-अधिक प्रचार एवं प्रसार हो, ऐसी भावना हर व्यक्ति में होनी चाहिए।आज हम देख रहे है कि देश मे विरोधी हवा चल रही है।देश का विकास,देश की ख्याति और देश की तरक्की के अनेक दल और अनेक लोग विरोधी है।उन्हें देश का विकास नही पछता है।वे देश के विकसित लक्ष्य को ठुकरा रहे है।उनके विचार और उनकी भावना उजागर हो चुकी है।यह दोगलिनीति रास्ट्रभक्ति नही है,बल्कि पक्ष भक्ति है। सत्ता हथियाने के लिए कुतर्क का सहारा ले रहे है। अपने देश की अच्छाई का प्रचार करना भी राष्ट्रधर्म है। आजादी के बाद इस देश की स्थिति हमारे समक्ष है। अभी हर क्षेत्र में उन्नति हो रही है। महानगरों में साठ-साठ मंजिलों की इमारतें बन रही हैं। बड़े-बड़े जहाजों तथा उपग्रहों का निर्माण हो रहा है। भव्य अट्टालिकाओं के बोझ से महानगरों की भूमि दबी जा रही है। दूसरी ओर उन्हीं नगरों में बसी झुग्गी-झोंपड़ियों की जगह सरकार मकान दे रही है। हमारे देश के शासक और सरकार आजादी के बाद गरीबी हटाने एवं समाजवाद लाने की बातें करती रही थी। यह समाजवाद का भाव एक तरह से गरीब और अमीर के मध्य पैदा किया जाने वाला सामंजस्यवाद ही था।क्रान्ति कोई वसंत ऋतु की बहार नहीं होती, जो चमन में सुमन खिला देती है। यह जब उठती है, तब महलों की नींवें हिल जाती हैं। भगवान महावीर के युग में समाज के एक बड़े वर्ग को शोषित एवं पीडित समझकर उन्होंने उचित कदम उठाने की बात कही थी। जैनधर्म में वर्गवाद एवं जातिवाद का कोई स्थान नहीं है। जैन कोई जाति नहीं, बल्कि धर्म है। मगर आज वह जाति के रूप में देखा जा रहा है। भगवान महावीर बड़े दूरदर्शी थे। वे जानते थे कि जातिवाद का जहर जिस राष्ट्र में घुल जाता है, वह राष्ट्र कमजोर हो जाता है। वे आदमी को आदमी के रूप में देखना चाहते थे। ऐसा आदमी जिसमें प्रेम, दया, करुणा, स्नेह, सौहार्द, त्याग एवं सहकार की भावना कूट-कूटकर भरी हो। कहाँ चला गया हमारा राष्ट्रधर्म ? जिस राष्ट्र के लिए हम जीने-मरने की कसमें खाया करते थे। बड़े-बड़े नेताओं को आदर्श मानकर उनके चित्र घरों में टाँगते थे। आज क्या हो गया है? नेताओं के कुर्सी से उतरते ही चित्र भी उतर जाते हैं। आज पटेल, सुभाष जैसे जन-नेता को हर कोई याद करता है। एक व्यक्ति के पेट में दर्द होने लगा। वह चिकित्सक के पास गया तो उसने एक गोली दे दी। थोड़ी देर बाद एक वैद्य के पास गया तो वैद्य जी ने उसे चूर्ण दे दिया। रास्ते में हकीम साहब का घर दिखाई दिया। वहाँ पहुँचा तो उन्होंने दवा का घोल पिला दिया। घर आकर माँ से कहा तो उसने अजवायन खिला दी। आधे घण्टे में चार तरह की चिकित्सा ले ली। पेट पहले से ही अधिक भरा होने के कारण पीड़ा दे रहा था। उसमें थोड़े-से अन्तराल में चार दवाएँ पहुँच गई। अब वे चारों दवाएँ आपस में लड़ने लगीं कि पेट का दर्द मैं ठीक करूँगी, मैं ठीक करूँगी। यह वही बात हो गई कि ज्यों-ज्यों दवा करते गये, त्यों-त्यों रोग बढ़ता ही गया। आज इस देश की स्थिति भी ठीक उस रोगी के पेट जैसी है। धन और पद का दुरुपयोग करके अपना दल बना लेता है और घोषणा करता है कि इस देश की पीड़ा मैं दूर करूँगा, मैं दूर करूँगा। आजादी के बाद आज भारत उसी दलदल में फँसा हुआ था। रोगी रोग के लिए कराह रहा है। इसका वास्तविक जिम्मेदार कौन है ?

# विश्व पर्यटकों के लिये अनंत संभावनाओं का देश है भारत

विश्व पर्यटन दिवस- 27 सितम्बर, 2025 इस बात का स्मरण कराता है कि पर्यटन केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार स्तंभ है। इस वर्ष की थीम कुछ स्रोतों में 'पर्यटन और हरित निवेश' या 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' बतायी जा रही है जिसका उद्देश्य पर्यटन को स्थिरता और समावेशिता के साथ बढ़ावा देना है। यह थीम स्थायी पर्यटन के लिए हरित निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है, जो समुदायों और ग्रह दोनों के लिए फायदेमंद है। जिसके माध्यम से, पर्यटन में वैश्विक सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें हरित निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करना शामिल है। यह दिवस मनाते हुए भारत की पर्यटन संभावनाओं पर चिन्तन-मंथन करना जरूरी है। क्योंकि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में पर्यटन की संभावनाएं अनंत हैं। यहाँ हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर गोवा और अंडमान के समुद्र तटों तक, काशी और बोधगया की आध्यात्मिक आभा से लेकर अजमेर और पुष्कर की आस्था तक, केरल के बैकवाटर्स से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान तक हर अनुभव अपने आप में अद्वितीय है। यही कारण है कि भारत का पर्यटन उद्योग आज नई उड़ान भर रहा है और वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है। विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है। भारत में पर्यटन के आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक हैं। यह भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है और करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन चुका है। गाँवों और कस्बों तक पर्यटन का असर पहुँच रहा है, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और खानपान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। विदेशी पर्यटक न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से प्रभावित होते हैं। पर्यटन के सामाजिक प्रभाव भी उल्लेखनीय हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनकर विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाता है। महिला सशक्तिकरण और युवा उद्यमिता को पर्यटन ने नया आयाम दिया है। होम-स्टे, गाइडिंग, हस्तशिल्प और लोक-कलाओं में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। यही नहीं, ग्रामीण पर्यटन ने गाँवों को विकास के नए अवसर प्रदान किए हैं और पलायन की समस्या को कम करने की क्षमता दिखाई है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से भी पर्यटन भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत करता है। 'इनक्रेडिबल इंडिया' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने भारत की वैश्विक पहचान को और गहरी किया है।

हाल के वर्षों में भारत ने जी-20 जैसे आयोजनों के जरिए अपने पर्यटन स्थलों की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, जिससे न केवल राजनीतिक विश्वास बढ़ा बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विस्तार भी हुआ। पड़ोसी देशों के साथ बौद्ध और आध्यात्मिक सर्किट की योजनाओं ने भारत को एशिया का आध्यात्मिक केंद्र स्थापित करने में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को भारत की शक्ति बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा', 'देखो अपना देश' अभियान और 'प्रोजेक्ट आध्यात्मिक सर्किट' जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन को जन-आंदोलन का रूप दिया है। योग और आयुर्वेद को विश्वभर में लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों ने भारत को हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बना दिया है। मोदी सरकार स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, हवाई अड्डों का विस्तार, चारधाम परियोजना, उच्च गति रेल और 'भारतमाला' जैसी योजनाएं पर्यटन को नई सुविधाओं से जोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि भारत का हर गाँव और हर शहर अपने आप में एक अनोखा पर्यटन स्थल है और उसकी कहानी दुनिया तक पहुँचाई जानी चाहिए। आज जब डिजिटलाइजेशन ने पर्यटन को नई दिशा दी है, ऑनलाइन टिकटिंग, वर्चुअल टूर और एआई आधारित यात्रा मार्गदर्शन ने पर्यटन को आधुनिक युग से जोड़ दिया है। सस्टेनेबल टूरिज्म पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा बनी रहे। मिलेनियल्स और नई पीढ़ी अनुभव-आधारित और साहसिक पर्यटन की ओर आकर्षित हो रही है और भारत इस अवसर को भुनाने में आगे बढ़ रहा है। भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं। भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। पुखराज सेठिया की पुस्तक 'आओ घूमे अपना देश' एक सार्थक एवं उपयोगी पुस्तक है। विश्व पर्यटन दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत के पास विश्व को दिखाने के लिए अनंत वैभव और विविधता है। यदि हम पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक सुविधाओं और वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन का विकास करें तो आने वाले समय में भारत न केवल एक पर्यटन शक्ति बनेगा बल्कि अपनी आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर से विश्व का नेतृत्व भी करेगा।

-ललित गर्ग

# मनुष्य की आयु निश्चित होती है

कहते हैं हमारा शरीर पंच तत्व से बना है मानव शरीर पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश नामक पंच तत्वों से बना है। ये तत्व शरीर की संरचना, कार्यप्रणाली और विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन क्या इसी तत्व के बल पर मनुष्य जिन्दा रह सकता है नहीं उसे जिन्दा रहने के लिए खाना पानी भी जरुरी है और भोजन में न जाने कितने तत्व मौजूद हैं मनुष्य की आयु निश्चित होती है कल क्या होगा मुझे भी नहीं पता मनुष्य की आयु ऊपर वाला पहले ही तय कर देता है जिसे मरना होता है वो बीमारी से क्या रास्ते में किसी अनभिज्ञ दुर्घटना से मर सकता है हमारी आयु चिंता कारण घटने लगती है आप को यदि लम्बी आयु चाहिए तो चिंता करना छोड़ दीजिये कोई गलत भी कर रहा है तो उसपर ध्यान मत दीजिये क्योंकि उसे कितना भी समझा ले जब तक संस्कार नहीं बदलता कुछ नहीं होगा आप को क्रोध से नुकसान होगा यदि वाद विबाद में परेंगे तो इसका अंत नहीं है जो आजकल व्हाट्सप्प पर चलता रहता है आपकी आयु मस्तिष्क में छिपी है इसलिए जब मस्तिष्क काम करना बन्द कर देता है तो उसे मृत घोषित कर दिया जाता है इसलिए पहले मस्तिष्क को शांत कर भगवान राम का ध्यान करें दो दिन में आपको फर्क महसूस होगा लेकिन भगवान की आयु अनंत होती है वो मनुष्य को सही राह दिखाने और आपसी प्रेम और मानवता के लिए पृथ्वी पर राम की उम्र के बारे में अलग-अलग किताबों में अलग-अलग जानकारी दी गई है; जब वे वनवास गए थे, तब उनकी उम्र लगभग 25 साल थी, लेकिन उनके पूरे जीवनकाल औरत्रेता युग में उनके शासनकाल को 11,000 साल बताया गया है। कुछ पुरातत्व और खगोलशास्त्रीय आंकड़ों के अनुसार उनका समय लगभग 5000-6000 ईसा पूर्व का बताया गया है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, जब राम वनवास के लिए जंगल गए थे, तब उनकी उम्र 25 साल थी। रावण से युद्ध के समय- कुछ किताबों में बताया गया है कि जब उन्होंने रावण से युद्ध किया और उसे हराया, तब उनकी उम्र लगभग 39-40 साल थी। कुल जीवनकाल- रामायण में राम का जीवनकाल 11,000 साल बताया गया है। कुछ लोगों का मानना है कि इसमें 10,000 साल शासनकाल और ब्रह्मा के पास जाने से पहले के 1,000 साल शामिल हैं। त्रेता युग- राम का जन्म त्रेता युग में हुआ था, ऐसा कहा जाता है कि इस युग में इंसानों की उम्र 10,000 साल होती थी, जैसा कि क्कोरा पर बताया गया है। पुरातत्व-खगोलशास्त्र- रामायण में बताए गए ग्रहों की स्थिति और ग्रहणों की खगोलशास्त्रीय गणना से पता चलता है कि राम का समय 4000-6000 ईसा पूर्व के बीच था। भूगर्भ संबंधी प्रमाण- राम सेतु (आदम ब्रिज) नामक मानव निर्मित संरचना का अस्तित्व 7,000-12,000 साल पुराना है, जो खगोलशास्त्रीय समयरेखा से मेल खाता है।श्री राम का अर्थ शुभ, पवित्र और आकर्षक होता है, जिसमें श्री एक सम्मानजनक उपाधि है और राम का अर्थ रमणीय, आभा या प्रकाश है, जो स्वयं ब्रह्म के स्वरूप को दर्शाता है। श्री राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं और वे सद्गुण, धर्म और मर्यादा के प्रतीक माने जाते हैं। शब्दों का अर्थ श्री- संस्कृत का यह शब्द शुभ, पवित्र, सौंदर्य, लक्ष्मी या सम्मान का सूचक है। राम- रम् धातु से बना है, जिसका अर्थ रमना, विराजमान होना या आनंद लेना है। अर्थ के विभिन्न पहलू ब्रह्म की व्यापकता- राम शब्द उस तत्व को दर्शाता है जो पूरे ब्रह्मांड में समाया हुआ है, अर्थात स्वयं ब्रह्म। योगियों का आनंद- शास्त्रों के अनुसार, योगी जिस परम शून्य में ध्यान करते हुए रमते हैं, उसे राम कहा जाता है। प्रकाशमय स्वरूप- राम को मेरे भीतर का प्रकाश या मेरे हृदय का प्रकाश भी कहा जाता है, जो व्यक्ति के आंतरिक तेज को दर्शाता है। आदर्श पुरुष- श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जो सत्य, संयम और आदर्श आचरण का प्रतीक हैं। सद्गुणों का प्रतीक- वे धर्म, कर्तव्य और मानवीय गुणों से परिपूर्ण हैं, जो एक आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। अत: आपकी आयु भगवान श्री राम के हाथ में है यदि कुछ हुआ तो यह नियति की देन है इसमें कुछ भी संशय नहीं है कौन जानता था 2021-23 में कोरोना लाखों लोगों की जान ले लेगा भूत प्रेत एक वहम है जिसे जाना होता है उसे ना तो हम रोक सकते हैं नहीं दुनिया का बड़ा से बड़ा डॉक्टर आपका उम्र नहीं बता सकता है ना ही कोई भविष्यवाणी करने भविष्यवक्ता की कल क्या होने वाला है हाँ भगवान राम इतने सालों के बाद भी जैसे पहले थे वैसे आज भी हैं और इसका प्रमाण गोस्वामी तुलसीदास जी को दर्शन देना दर्शाता है कि राम सत्य है और कोई वैज्ञानिक जब खुद अपनी उम्र नहीं बता सकता तो आदमी 100 साल जियेगा या 150 साल जीवित रह सकता है कैसे बता सकता है ऐ चीन के दौरे पर उसके स्थापना दिवस पर रूस के राष्ट्रपति और अन्य देशों के राष्ट्रपति ने चर्चा की थी लेकिन ऐ सब कागजों पर है दुनिया को बनाने वाला आदमी को बनाने वाला ही बता सकता है और इसमें प्रभु राम ही सर्वशक्तिमान दिखते हैं सब छोड़ कर उनका ध्यान करने से ही आपको मालूम होगा की कितनी शक्ति है और तब जब आपको अपने बारे में पता लगेगा तो आपको शरीर की शक्ति का अहसास होगा ईश्वर ने आपको किसी रोग होने पर रिपेयर मचेनिज्म भी दि है लेकिन वो शांति और ध्यान से मालूम होगा लेकिन लोग जब घबरा जाते हैं तो डर ही रिपेयर मकैनिज्म को बनने नहीं देता और रोग की चिंता कर और रोग को बढ़ा देता है जिससे उसकी मौत तक हो जाती है।अब सवाल यह है कि किसी की उम्र कम या ज्यादा क्यों होती है ऐ भी दरअसल पूर्व जन्मो के कर्मों के अनुसार होता है और क्या अकाल मौत होती है अकाल मौत होती है लेकिन आत्मा वहाँ से बहुत दूर पुन: जीवन हेतु वहाँ से चली जाती है और आत्मा, भूत का रूप धारण करती है नहीं आत्मा का जब कोई स्वरूप ही नहीं होता तो भूत कैसे बन सकता है महाभारत में इसका उल्लेख भी भगवान कृष्ण अर्जुन संवाद में है जब वो युद्ध नहीं करना चाहता कि ऐ मेरे अपने रिश्ते दार हैं लेकिन तभी भगवान कृष्ण ने उसे एक ऐसी जगह ले गए जहाँ मरे हुए लोगों की आत्मा थी और उससे पूछा की पिछले जन्म में तुम्हारे रिश्तेदार कौन थे और रिश्तेदार से मिलाया भी आत्मा ने नहीं कहा और इस तरह आत्मा और जन्म मृत्यु का रहस्य अर्जुन को समझाया की यहाँ कोई अपना नहीं है लेकिन यदि कोई अधर्म के रास्ते पर चलता है और धोखा देता है है तो उसे सबक सीखना भी जरुरी होता है जैसे अपने ही शरीर में किसी कारणवश घाव हो गया तो घाव एक पीड़ा है उसे निकालना जरुरी है अत: युद्ध करो और तभी उसे संसार का ज्ञान होता है और युद्ध करता है महाभारत में कृष्ण अर्जुन उपदेश (भगवद गीता) एक दार्शनिक संवाद है जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्तव्य, धर्म, आत्मा की अमरता, कर्मयोग (बिना फल की इच्छा के कर्म करना), और भक्ति के महत्व के बारे में बताया है। अर्जुन के मोह और द्वंद्व को दूर करने के लिए दिए गए इस उपदेश का सार यह है कि व्यक्ति को हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करके जीवन के मोह-माया और द्वंद्व से मुक्त होना चाहिए।।अगर आपको लगता है की अकाल मृत्यु और भूत प्रेत होते हैं तो ऐ सिर्फ बहम है जब शंकर भगवान ने गणेश जी का गुस्से में आकर सर काट दिया बाद में माँ पार्वती के क्रोध को देख कर सम्पूर्ण देवताओं का विनाश हो रहा था तो भगवान शंकर ने भगवान गणेश को जीवन देने के लिए सभी देवताओं और गणों को कुछ नियम से कटा हुआ सर लाने को कहा तो एक हाथी के बच्चे का सर उलटी दिशा में लेटा हुआ पाया गया और वही एक उत्तम सर था जैसे ही देवताओं ने सर काटने के लिए गए तो वहाँ एक यमराज को पाया और पूछने पर मालूम हुआ की इसका प्राण लेने आया हूँ इसकी आयु इतनी ही है तभी उससे पहले ही देव गणों ने सर लेकर भोलेनाथ के पास लेकर गए और उसके तत्पश्चात यमराज ने प्राण लिया बाद में उसी सर को भगवान गणेश के तन से जोड़ा और बाद में भगवान गणेश सभी देवताओं में सबसे पहले पूजे जाने वाले देवता बने अत: आयु सबों की निश्चित होती है।

-संजय गोस्वामी

# जाति-मुक्त भारत की ओर इलाहाबाद हाईकोर्ट का ऐतिहासिक आदेश और यूपी सरकार की त्वरित पहल

भारत में जाति व्यवस्था ने भारतीय राजनीति में आज व्यापक रूप ले लिया है, और ये विवादों की सबसे बड़ी जड़ बन गई है। जातिगत पार्टियों की बहस में अब गवर्नेंस की कमी स्पष्ट होती जा रही है। चाहे यूपी हो या बिहार, कास्ट-बेस्ड पोलिटिकल पहचान डेमोक्रेसी के लिए बड़ी भीड़ जुटाती है, लेकिन शासन प्रशासन के लिए जिम्मेदारी निभाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस इलेक्शन में सभी पोलिटिकल पार्टीज को चुनौती दी जाती है कि वो कास्ट और रिलिजन से ऊपर उठकर काम करें और सबके लिए काम करने का वादा पूरा करें।यूपी में एक बार फिर जाति के नाम पर सियासत हो रही है, लेकिन इस बार स्टाइल एकदम अलग है, हर बार जाति जानकर,जाति पूछकर राजनीतिक दल रणनीति बनाते हैं, लेकिन इस बार मामला उलट है, इस बार तो बवाल इस बात पर है कि यूपी में जाति नहीं बताई जाएगी,ना जातियों के नाम पर रैलियां होंगी,ना जाति से जुड़े नोटिस बोर्ड लगेंगे,ना पुलिस रिकॉर्ड्स में जाति मेंशन होगा, ना ही वाहनों पर जाति लिखकर जोर दिखाया जाएगा,युपी सरकार ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है,यूपी सरकार को ऐसा करने के लिएइलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था, हालांकि सरकार ने जो आदेश जारी किया उसमें कुछ चीजें कोर्ट के बताए सुझावों से एक्स्ट्रा भी हैं, दिलचस्प ये है कि कोर्ट का ये आदेश जाति से जुड़ी किसी याचिका को लेकर नहीं आया बल्कि हुआ ये कि इटावा के जसवंत नगर थाने की पुलिस ने 29 अप्रैल, 2023 को एसयूवीं रोकी थी, जिसमें तीन लोग पकड़े गए। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में पेश की और प्रिक्रिया के होते हुए,16 सितंबर 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक आदेश जारी किया मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इसने पूरे देश में नई बहस को जन्म दिया है।अदालत ने कहा कि पुलिस दस्तावेजों, एफआईआर, अपराध रजिस्टर और सरकारी अभिलेखों में जाति का उल्लेख करना भारतीय संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। संविधान का अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 15 (भेदभाव के खिलाफ सुरक्षा) सीधे-सीधे जातिगत पहचान पर आधारित किसी भी भेदभाव को निषिद्ध करते हैं।अदालत ने यह स्पष्ट किया कि किसी अपराध की जांच में व्यक्ति की जाति अप्रासंगिक है और जातीय उल्लेख समाज में विभाजन को गहरा करता है। इस आदेश ने जातिवाद पर संस्थागत प्रहार किया और इसे विकसित भारत 2047 के सपने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना गया।इसको सफल बनाना है तो जातिवाद को समाप्त करना ही होगा। न्यायालय ने इसे केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक सुधार का हिस्सा बताया। यदि भारत अगले 22 वर्षों में जाति-मुक्त समाज बना लेता है, तो दुनियाँ के सामने यह सबसे बड़ा लोकतांत्रिक प्रयोग होगा।इस आदेश में कहा गया है कि एससी-एसटी एक्ट जैसे मामले इस आदेश से प्रभावी नहीं होंगे।हाईकोर्ट के आदेश के सिर्फ एक हफ्ते के भीतर 23 सितंबर 2025 को यूपी सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शासनादेश जारी किया। इस आदेश के तहत निर्देश दिया गया कि अब से पुलिस अभिलेखों,सरकारी रजिस्टरों और प्रशासनिक फाइलों में जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। साथ ही, राज्य सरकार ने सभी विभागों को यह भी आदेश दिया कि जातीय पहचान को दर्ज करने की प्रथा समाप्त की जाए।यूपी सरकार ने इस कदम को सामाजिक समरसता और सबका साथ, सबका विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। इसे जातिवाद समाप्त करने कीराजनीतिक इच्छाशक्ति का उदाहरण माना गया।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेजाति-मुक्त भारत की ओर इलाहाबाद हाईकोर्ट का ऐतिहासिक आदेश और यूपी सरकार की पहल।

साथियों बात अगर हम भारत के लिए यूपी मॉडल,एक राष्ट्रीय प्रयोगशाला होने की करें तो यूपी,जो भारत का सबसे बड़ा राज्य है, अक्सर राजनीतिक और सामाजिक प्रयोगों की प्रयोगशाला माना जाता है। यदि यहाँ जातीय उल्लेख को समाप्त करने की नीति सफल होती है, तो यह अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बन सकती है। 2047 तक विकसित भारत के विजन को सफल बनाने के लिए इस पहल को मील का पत्थर कहा जा रहा है। सामाजिक वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि जाति को प्रशासनिक दस्तावेजों से हटाया गया तो धीरे-धीरे यह चुनावी राजनीति और सामाजिक व्यवहार से भी कमज़ोर होगी।जातीय राजनीति पर विराम लगेगा और लोकतंत्र की नई दिशा मिलेगी, भारत की राजनीति लंबे समय से जातीय समीकरणों पर आधारित रही है। प्रत्याशी चयन, टिकट वितरण, गठबंधन और चुनावी रणनीति सब जाति के अंकगणित पर टिकी



रहती हैं। यदि प्रशासनिक स्तरपर जाति का उल्लेख ही नहीं होगा, तो धीरे-धीरे जातीय पहचान की राजनीतिक महत्ता घटेगी। इससे लोकतंत्र अधिक विचार-आधारित और विकास- आधारित हो सकेगा। जातिवाद पर यह प्रहार भारतीय लोकतंत्र को उसकी मूल आत्मा,एक व्यक्ति, एक वोट,के असली स्वरूप के बहुत सटीक करीब ले जाएगा। साथियों बात अगर हम क्या भारत में जाति-मुक्त समाज संभव है? इस प्रश्नों को समझने की करें तो,सवाल उठता है कि क्या भारत जैसा विशाल और विविधतापूर्ण देश जाति-मुक्त समाज बना सकता है? उत्तर यह है कि कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। जाति-मुक्त समाज बनने से निम्नलिखित फायदे होंगे(1) सामाजिक समानता- कोई ऊँच-नीच नहीं, सबको समान सम्मान। (2) आर्थिक अवसरों की समानता-रोजगार और शिक्षा में अवसर जाति से नहीं, क्षमता से तय होंगे। (3) राजनीतिक स्थिरता-जातीय संघर्ष और वोट-बैंक कीराजनीति कम होगी।(4)राष्ट्रीय एकता- जाति -धर्म की दीवारें गिरने से भारत की वैश्विक छवि मजबूत होगी।जाति-आधारित राजनीति खत्म करने की आवश्यकता-जाति-आधारित राजनीति ने भारत में कई बार समाज को विभाजित किया है। यदि राजनीतिक पार्टियाँ जातीय समीकरणों पर टिकट देना बंद करें और केवल योग्यता, सेवा और विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ें तो लोगों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। समाज में झगड़े-झमेले घटेंगे और राष्ट्रीय ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में तेजी से लगेगी।

साथियों बात अगर हम एमवाय और पीडीए की राजनीति विभाजन की जड़ और लोकतंत्र में आंकड़ों के खेल को समझने की करें तो, भारतीय राजनीति में एमवाय (मुस्लिम-यादव) और पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) समीकरणों ने दशकों तक पार्टियों की चुनावी रणनीति तय की। इससे जाति और धर्म को एक स्थायी राजनीतिक औजार की तरह इस्तेमाल किया गया। यदि जातीय व्यवस्था से भारत को मुक्ति मिलती है, तो ये समीकरण अप्रासंगिक हो जाएंगे और राजनीति असली मुद्दों, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सुरक्षा,पर केंद्रित होगी।लोकतंत्र में आंकड़ों का खेल-जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा और समाज का वेट-भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अक्सर चुनावों को जातीय, धार्मिक और क्षेत्रीय आधार पर बांट दिया जाता है। किसी समुदाय की जनसंख्या का वेटेज जितना अधिक होता है, राजनीतिक पार्टियाँ उतनी ही उसकी परवाह करती हैं। यही कारण है कि हर पार्टी का चुनावी रोडमैप जातीय समीकरणों पर आधारित होता है। लेकिन यदि जातीय उल्लेख बंद हो जाएगा, तो धीरे-धीरे यह वेटेज अप्रासंगिक होगा और लोकतंत्र वास्तविक रूप से जन-केन्द्रित बनेगा।

साथियों बातें अगर हम जाति समीकरणों के इतिहास को समझने की करें तो,1950 से 1990 तक जातीय राजनीति का विकास भारत की आज़ादी के बाद राजनीति में जातीय समीकरण धीरे-धीरे हावी होते गए।(1)1950-1970-इस दौर में ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम राजनीति के केंद्र में रहे। कांग्रेस ने इन्हें संतुलित करने की कोशिश की।(2)1974-पिछड़ी जातियों के नेताओं का उदय शुरू हुआ, जिसने राष्ट्रीय राजनीति का समीकरण बदल दिया। (3)1990-मंडल आयोग, पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के फैसले ने जातीय राजनीति को स्थायी रूप से स्थापित कर दिया। इसके बाद से हर चुनाव जातीय समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमने लगा। साथियों बात अगर हम आरएसएस प्रमुख और प्रधानमंत्री के बयान को समझने की करें तो 28 अगस्त 2025 को आरएसएस प्रमुख ने कहा था कि जाति अब समाज को बांटने का औजार नहीं रहनी चाहिए, यह केवल एक सामाजिक बुराई है जिसे समाप्त करना ही होगा। यह बयान समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत माना गया। 30 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री ने चार जातियों का उल्लेख किया था, गरीब, युवा, महिला और किसान। उन्होंने कहा था कि भारत की राजनीति को इन्हीं चार वर्गों के कल्याण पर केंद्रित होना चाहिए। यह बयान पारंपरिक जातीयराजनीति से आगे बढ़कर विकास-केंद्रित राजनीति की ओर इशारा करता है।एक टैक्स, एक चुनाव, एक जाति, राष्ट्रीय एकता की दिशा भारत में पहले ही एक टैक्स (जीएसटी) और एक देश, एक चुनाव जैसी योजनाओं पर काम हो रहा है। अब यदि एक जाति यानी जातिवाद-मुक्त समाज की अवधारणा को साकार किया जाए तो यह राष्ट्रीय एकता की दिशा में क्रांतिकारी कदम होगा। इससे लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होंगी और सामाजिक समरसता बढ़ेगी। अत:अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जाति-मुक्त भारत, विकसित भारत-इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश और यूपी सरकार का त्वरित शासनादेश केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का संकेत है। यदि पूरे भारत में इसे अपनाया गया तो जाति-आधारितराजनीति कमजोर होगी, समाज में समानता बढ़ेगी और भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएगा।यह वह रास्ता है जिससे भारत दुनियाँ को दिखा सकता है कि लोकतंत्र केवल राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता कावास्तविक आधार है।

- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** दिसावरी तेजी से शुक्रवार को किराना जिंसों में हरि इलायची में बाजार मजबूती के रहे। शक्कर में सुधार आया। खाद्य तेलों में सुर्खी रही। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। दलहनों में चना घटाकर बोला गया। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार हरि इलायची में दिसावरी तेजी से भावों में सुधार आया। शक्कर में टिकाव देखा गया। खाद्य तेलों में सुर्खी रही। तिलहनों में सोयाबीन टिका रहा। दलहनों में पूछपरख के अभाव में चना नरमी पर रहा। मूंग, उड़द व मसूर बाजार बने रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4240-4280, खोपरा गोला 325-375, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 235-240, ऊंझा हल्का 245-255, मीडियम 245-255, बेस्ट 265-285, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-775, गरबल 720-725, मटरदाना 795-810, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 3250-3300, विरूद्ध नगर 3150-3200, मीडियम 3350-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3400-3500, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1550-1750, बेस्ट1800-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 940-980, काजू (320) 860-900, काजू एस.एस. डब्ल्यू 830-850, जे.एच. 830-850, टुकड़ी 780-850, बादाम मगज 845-870, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3750-3800, (160) 4400-4500, (200) 4900-5000, (250) 5300-5400

**तेल-** सींगदाना 1310-1340, मुम्बई 1340-1350, राजकोट तेलिया 2100-2150, सोया साल्वेंट 1175-1180, सोया रिफाइंड 1260-1270, कपास्या 1230-1240, धूलिया 1250, कड़ी 1250,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1290, मुम्बई पाम 1265, मुम्बई सोया 1270,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन-** सरसो 7000-7100, रायडा 6400-6600, सोयाबीन 4350, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 5700-5750, एवरेज 5400-5500, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रर्शा?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6100-6150, एवरेज 5950-6000, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल-** चना दाल एवरेज 7700-8300, बोल्ड 8600-8800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9000-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा-** इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चॉंदी (9999) 139500, चॉंदी (99) 139400, टंच 138600, सिक्का 1500, सोना 10 ग्राम 116700,

# रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ ही 88.70 रुपये पर बंद हुआ। यह गुरुवार के सर्वकालिक निचले स्तर 88.76 से सुधार दर्शाता है। डॉलर सूचकांक में 0.17प्रतिशत की गिरावट से डॉलर कमजोर हुआ, जिससे रुपये को समर्थन मिला। हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी और अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया, जिससे शुरुआती कारोबार में रुपया मजबूती दिखा। कमजोर डॉलर और समझौते की संभावना से रुपये में सुधार हुआ है।




**मेष-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने आलस को अपने ऊपर हावी होने न दे। लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं पूरी हो सकती हैं। आपको अपनी वाणी व व्यवहार में स्पष्टता बनाए रखनी होगी और खर्चों के साथ-साथ आपको बचत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और आपकी संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश करेगी, जिसको आप पूरा अवश्य करेंगे।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का आपको मौका मिलेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपका सामाजिक दायरा भी बढ़िया रहेगा। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। मन में चल रही उलझनों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

**मिथुन-** आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। सुख साधनों में वृद्धि होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम को लेकर कोई सलाह बहुत ही सोच समझ कर लेनी होगी, क्योंकि आपके विरोधी आज मित्र बन सकते हैं। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे और कोई बड़ा काम मिलने से आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा।

**कर्क-** आज आप अपने घर की साज-सज्जा पर अच्छा खासा खर्च करेंगे, लेकिन इनकम थोड़ी सी कम रहेगी। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। संतान के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करें और आपके परिवार का कोई सदस्य आज आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। आप अपनी माताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपकी सेहत में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

**सिंह-** आज आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। व्यस्तता अधिक रहेगी और आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा। आपको किसी शुभ व कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका वाहन की खराबी के कारण खर्चा बढ़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानने की आवश्यकता है। आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए प्रयास बेहतर रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को आज साथी से बार-बार मिलने का मन करेगा।

**कन्या-** आज आपके अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप कुछ कानूनी मामलों में निर्णय थोड़ा धैर्य रख कर ले और आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आप अपने किसी मित्र के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपको अपनी माताजी की सेहत को लेकर उनके कुछ टेस्ट आदि करने पड़ सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर कुछ पारिवारिक मामलों को निपटाएंगे और उन्हें शॉपिंग आदि पर भी लेकर जा सकते हैं।

**तुला-** आज आप किसी बड़े लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसके लिए आप पूरी मेहनत से करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत भी आप कर सकते हैं। आध्यात्मिक के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, लेकिन आपको किसी राजनीतिक पार्टी से बुलावा आ सकता है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने की भी पूरी कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। बिजनेस करने वाले जातकों को अपनी इनकम को बढ़ाने के मौके मिलेंगे। आज आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपनी अच्छी सोच का लाभ मिलेगा। आपसे यदि कार्य क्षेत्र में किसी काम में कोई गड़बड़ी हुई थी, तो उसके लिए आपको अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती है।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवन साथी से यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको एक दूसरे को बेहतर जानने का मौका मिलेगा। आपको कार्यक्षेत्र में अच्छे काम के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपका बिजनेस के कामों में बदलाव आने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आप किसी से भी कटु वचन ना बोले और वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। यदि आप कुछ खर्च करे, तो आपको अपनी इनकम को ध्यान में रखकर खर्च करना बेहतर रहेगा। पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको वरिष्ठ सदस्यों की बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपका धन यदि अटका हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा। आप किसी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस को लेकर यदि आप कोई बदलाव करना चाहते थे, तो वह आप कर सकते हैं। पार्टनर की इसमें आपको पूरी सहमति मिलेगी, लेकिन आप अपने दिल के बजाय दिमाग से कभी कोई निर्णय ले। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के करियर को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

## शब्दजाल - 8033

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | श | मु | श | सी | बै | ड | मिं | ट | न | र |
| रा | क्रि | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | क्स |
| य | के | जु | हे | नि | कु | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | फु | न | शा | वा | शी | की | ले | ज | प |
| प | दा | ह | ट | ने | तो | हे | थ | गो | र | त |
| टे | स | क | प | बा | स | ए | व | ज | वॉ | व |
| द | बि | न | न | जी | ल | ह | रं | गो | ली | द |
| क | र | ल | प | क्ष | प | त | र | चो | बॉ | ख |
| र | व | त | टे | रा | श | त | य | अ | ल | अ |
| क | र | ल | प | नि | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | स | चि | हॉ | की | त | म |

शब्दजाल में प्रमुख 10 'खेलों' के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, निशानेबाजी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, टेबिल टेनिस, शतरंज, कुश्ती

### शब्दजाल - 8032 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**27 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.21 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृश्चिक | 09.36 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.52 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.57 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 15.44 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 17.17 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 20.27 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 22.25 बजे से |
| | | कर्क | 00.39 बजे से |
| | | सिंह | 02.55 बजे से |
| | | कन्या | 05.07 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 270 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 12.04 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 01.08 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 23.46 बजे को समाप्त। **करण** बालव 12.04 बजे तदनन्तर कौलव 01.18 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 05.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 01° 39' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872480 **जूलियन दिन** 2460945.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 04 **विशेष** बिल्व निमंत्रण, स्कंद षष्ठी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: लिंकन की किताब

अब्राहम लिंकन का बचपन अभावों में बीता। छोटी उम्र में ही उन्हें कभी नाव चलाकर तो कभी लकड़ी काटकर जीवनयापन करना पड़ता था। उन्हें महापुरुषों की जीवनी पढ़ने में बड़ा आनंद आता था। लेकिन पैसों के अभाव में वह पुस्तकें नहीं खरीद पाते थे। वह अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन के जीवन से बहुत प्रभावित थे। एक बार उन्हें पता चला कि उनके एक पड़ोसी के पास वॉशिंगटन की जीवनी है। उन्होंने पड़ोसी से वह पुस्तक मांगी। पड़ोसी ने पहले तो मना किया मगर बाद में उनकी अत्यधिक रुचि को देखते हुए किताब दे दी। लिंकन ने उसे जल्दी ही लौटाने का वादा किया। लिंकन ने पुस्तक पूरी पढ़ी भी नहीं थी कि एक दिन जोरों की बारिश आई। चूंकि लिंकन झोपड़ी में रहते थे, इसलिए पुस्तक भीग गई। वह भारी मन से पड़ोसी के पास जाकर बोले, 'मुझसे बड़ा भारी अपराध हो गया है, मेरी लापरवाही से आपकी किताब खराब हो गई है पर मैं आपको नई लाकर दूंगा।' पड़ोसी ने उनकी गरीबी को देखते हुए प्रश्न किया, 'नई किस तरह से दोगे?' लिंकन बोले, 'चिंता न करें। मुझे अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा है। मैं आपके खेत में पुस्तक के दोगुने दाम के बराबर मजदूरी कर दूंगा।' पड़ोसी ने कहा कि लिंकन काम कर दें और किताब अपने पास रख लें। अगले ही दिन से लिंकन ने उसके खेत में काम शुरू कर दिया। उन्होंने कड़ी मेहनत कर पुस्तक के दाम की भरपाई कर दी और वॉशिंगटन की जीवनी उन्हीं की संपत्ति हो गई। इस तरह लिंकन ने अपनी लाइब्रेरी की पहली किताब हासिल की।

## फिल्म वर्ग पहेली- 6977



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगू ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 6976



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7286

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7285 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## शब्द पहेली - 8501



**बाएँ से दाएँ**

1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपये का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नलका, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार -2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2,3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

### शब्द पहेली-8500 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही फार्मा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 733.22 अंक नीचे आकर 80,426.46 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 236.15 अंक नीचे आकर 24,654.70 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक गिरावट रही। आज सभी सूचकांक नीचे आकर लाल निशान पर बंद हुए हैं। निफ्टी ऑटो, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी फार्मा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मेटल, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी एनर्जी और निफ्टी कमोडिटीज इंडेक्स के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी। इस दौरान सेंसेक्स




पैक में एलएंडटी, टाटा मोटर्स और आईटीसी के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि एमएंडएम, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक, बीईएल, ट्रेंट और एचयूएल के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। दवा कंपनियों पर नए टैरिफ लगाने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे दवा कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। वहीं तकनीकी शेयरों में भी बिकवाली हुई। वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सतर्क रुप अपनाया और वे बाजार से दूसरे बनाये रहे। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 100 अंक की कमजोरी के साथ 80,956.01 पर खुला, वहीं निफ्टी 50 सूचकांक 24,818 पर खुलकर 99.65 अंकों की गिरावट के साथ 24,804 पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजारों में भी कमजोरी देखी गई। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.9 फीसदी, जापान का निक्केई 0.3 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 भी 0.3 फीसदी गिरा। अमेरिका के बाजार भी गुरुवार को तीसरे दिन लगातार नीचे बंद हुए। एसएंडपी 500 और नेस्डेक दोनों में 0.5 फीसदी गिरावट दर्ज की गई।

# सोने और चांदी के भाव में गिरावट

नई दिल्ली। सोने और चांदी के वायदा भावों में शुक्रवार को नरमी देखी गई। घरेलू बाजार (एमसीएक्स) और अंतरराष्ट्रीय बाजार दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। निवेशकों और ट्रेडर्स के लिए यह सत्र सतर्कता बरतने का संकेत दे रहा है। एमसीएक्स पर सोने का अक्टूबर वायदा भाव 1,12,625 पर खुला, जो पिछले बंद 1,12,629 से 4 रुपए कम है। इस समय यह 108 रुपए की गिरावट के साथ1,12,521 रुपए पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान सोने ने 1,12,511 रुपए का न्यूनतम और 1,12,625 रुपए का अधिकतम स्तर छू लिया। इस सप्ताह इसका उच्चतम स्तर 1,14,179 रुपए रहा। चांदी के दिसंबर वायदा कॉन्ट्रेक्ट में भी कमजोरी दिखी। यह 1,36,876 रुपए पर खुला, जो 180 रुपए की गिरावट है। इस समय यह 318 रुपए की गिरावट के साथ 1,36,738 रुपए पर कारोबार कर रहा था। दिन का न्यूनतम स्तर 1,36,504 और अधिकतम 1,36,876 रुपए रहा। इस सप्ताह चांदी 1,37,530 रुपए प्रति किलो तक गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दबाव नजर आया। सोना 3,781.50 डॉलर पर खुला और गिरकर 3,769.40 डॉलर पर आ गया। वहीं, चांदी 45.47 डॉलर पर खुलकर 44.98 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और डॉलर की मजबूती के कारण कीमती धातुओं में यह गिरावट देखी जा रही है।



# नेट बैंकिंग अच्छी है, लेकिन घर में नगदी रखना भी है जरुरी

नई दिल्ली। यह सच है कि इस डिजिटल युग में नेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान ने लेन-देन को आसान और तेज़ बना दिया है। ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि केवल डिजिटल भुगतान पर पूरी तरह निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। घर में कुछ नगद भी होना चाहिए, क्योंकि यह वित्तीय सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों के लिए बेहद जरूरी हो जाता है। घर में नगद रखने की सलाह देने वाले विशेषज्ञ डिजिटल लेन-देन संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि तकनीकी समस्याएं, व्यापक स्वीकृति का अभाव, छोटे खर्चों में होने वाली असुविधा होती है। तकनीकी समस्याएँ अर्थात इंटरनेट न होना या बिजली गुल होना डिजिटल भुगतान को असंभव बना सकता है। ऐसे समय में नकद ही एकमात्र विकल्प बचता है। व्यापक स्वीकृति का अभाव- छोटे व्यापारी और विक्रेता अक्सर केवल नकद स्वीकार करते हैं या उनके पास सुविधाजनक डिजिटल विकल्प नहीं होते। वहीं दूसरी तरफ छोटे खर्चों में असुविधा होती है। छोटी-मोटी खरीदारी के लिए हर बार डिजिटल भुगतान करना सुविधाजनक नहीं होता, खासकर सीमित सुविधाओं वाले स्थानों पर। सबसे बड़ा सवाल साइबर जोखिम का है। डिजिटल भुगतान सुरक्षित होते हुए भी साइबर धोखाधड़ी और डेटा हैकिंग का खतरा बना रहता है, जिससे वित्तीय नुकसान हो सकता है। ऐसे में घर में मौजूद नगद काम आता है।

### नगद रखने के फायदे

नगद घर में रखने की सलाह देने वाले कहते हैं कि ऐसा करने से तत्काल आवश्यकता पूरी होती है। आपातकालीन समय में या जब डिजिटल विकल्प उपलब्ध न हो, नगद तुरंत उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा नगद हर जगह स्वीकार्य होता है और इसे भौतिक रूप से हमेशा इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटे लेनदेन, टिपिंग या स्थानीय बाजार में नगद सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। डिजिटल भुगतान ने जीवन को सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन केवल उसके भरोसे रहना सही नहीं है।

# बजरंग दल ने कटाई के लिए ले जा रहे पशुओं से भरे तीन पिकअप वाहनों को किया पुलिस के हवाले

## कार्यवाही के बाद भी नहीं थम रही पशुओं की तस्करी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम काशी टोला के बगदेही से महाराष्ट्र के ग्राम चांगेरी काटी ले जाने के लिए तीन पिकअप एमएच 35 एजे 2840,एमएच 35 एजे 3718,एमएच 35 एजे 3697) को विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रात्रि के करीब 12 से 1:00 के बीच ग्राम बगदेही लांजी से भैंस एवं बोदे से भारे वाहन को पड़ा और पुलिस के हवाले किया।तीनों वाहन में लगभग 16भैंसें व बोदे लदे हुए थे, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त पशुओं को काटने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। उन्होंने पुलिस को सूचना देकर वाहन को पुलिस के हवाले कियाऔर कार्रवाई की मांग की। वहीं लांजी पुलिस ने बताया कि जानवरों से लदी पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। वही देखा जाए तो लांजी क्षेत्र गौ वंश तस्करी का गढ़ बनते जा रहा है, वैसे तो पूर्व में लांजी क्षेत्र के लगे ग्रामों में ज्यादातर गौवंश तस्करी होती थी लेकिन लोगों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि महाराष्ट्र की वाहनों को लांजी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 में भरकर महाराष्ट्र की ओर तस्करी की जा रही है। तथा ग्राम बगदेही से थाने की दूरी मात्र 1 किलोमीटर ही है और गौवंश तस्करों के द्वारा इतनी बड़ी तस्करी को अंजाम देना एक सोचनीय विषय है। वही गोवंश तस्करों के द्वारा गौ वंश तस्करो के उपयोग में लाने वाले वाहनों के साथ भी छेड़छाड़ की जाती है कहीं उनके नंबर प्लेटों में कालिक पोती जाती है तो




कहीं एम्बुलेंस को तस्करी का जरिया बनाया जाता है।आज ही गौ वंश तस्करों के द्वारा पकड़े गए वाहनों के नंबर में काली को दी गई जिससे कि पुलिस प्रशासन को उनके द्वारा गुमराह किया जा सके।

### पुलिस ने शुरू की जांच

तीनों वाहन में लगभग 16 भैंसें और बोदे लदे हुए थे। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त पशुओं को काटने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। लांजी पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि जानवरों से लदी पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

### प्रशासन का उदासीन रवैया और सिस्टम की कमी- गौरव बैस

पूर्व पार्षद और वर्तमान में भाजपा महामंत्री गौरव बैस ने बताया कि गौ-तस्करी पूरे जिले में एक संवेदनशील समस्या है। प्रशासन की उदासीन रवैया और सिस्टम की कमी के चलते गौ-तस्करों के हौसले बुलंद हैं। यदि प्रशासन मुस्तैदी से गौ-तस्करी को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हो जाए और सिस्टम की कमियों को दूर किया जाए, तो निश्चित ही गौ-तस्करी पर अंकुश लगाया जा सकता है।

### विश्व हिंदू परिषद की मांग आरोपियो के घर चले बुलडोजर - राजू रामटेक्कर

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड लांजी के अध्यक्ष राजू रामटेक्कर ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है इस गौवंश तस्करी में जो लिप्त है उनके उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। आपने नामजद शिकायत कि है घोटी नंदोरा निवासी की जिनका नाम इस गौवंश तस्करी में सामने आ रहा है। उनके द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा भी किया गया है। प्रशासन को चहिये की इस संबध में पूर्ण जांच की जाये और गौवश तस्करी को बढावा देले वाले आरोपी के विरूद्ध उनके घर पर बुलडोजर भी चलाया जाये तथा अपराधिक प्रकरण दर्ज कर कडी कार्यवाही की जाये। आपके द्वारा एसडीएम लांजी को इस संबध में ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद एं बजरंग दलके कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 6 आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज

पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला तथा एसडीओपी लाँजी ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में लाँजी पुलिस ने पशु तस्करी पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 03 वाहनों सहित 16 मवेशियों को जब्त कर 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें 1. अयबाज पिता निसार खान, उम्र 31 वर्ष लिवासी ग्राम चंगेरा थाना रावणवाडी गोंदिया महाराष्ट्र, 2. भरत पिता श्यामलाल बागड़े, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम चंगेरा थाना रावणवाड़ी गोंदिया महाराष्ट्र, 3. सुनील पिता हिरदुलाल बोरकर, उम्र 26 वर्ष जाति निवासी ग्राम चंगेरा थाना रावणवाड़ी गोंदिया महाराष्ट्र, 4. अरविंद पिता भजनदास डहाटे, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम चंगेरा थाना रावणवाड़ी गोंदिया महाराष्ट्र, 5. विजय पिता सुखदास बोरकर, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम चंगेरा थाना रावणवाडी गोंदिया महाराष्ट्र, 6. रिजवान पिता जाकिर अली सैय्यद, उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चंगेरा थाना रावणवाड़ी गोंदिया महाराष्ट्र इन सभी को हिरासत में लेकर लांजी पुलिस के द्वारा इन पर अपराध क्रमांक 227/25 पशु क्रुरता अधिनियम 1960 की धारा 11 1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि दीप सिंह परमार, सउनि महेश तुरकने, आरक्षक दिलीप यादव, आशुतोष सिंह, चेतन सोनी एवं सुजीत पाल की सराहनीय भूमिका रही।

# मां सिंह वाहिनी महिला दुर्गा उत्सव समिति साडरा की 43 वी वर्षगांठ, धूमधाम से मनाया जा रहा दुर्गा उत्सव

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मां सिंह वाहिनी महिला दुर्गा उत्सव समिति, साडरा द्वारा विगत 43 वर्षों से लगातार भव्य दुर्गा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह समिति पूर्णत: महिलाओं द्वारा संचालित होकर



नारी शक्ति और संगठनात्मक सामर्थ्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस वर्ष भी समिति ने नवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य आयोजन कर समाज में भक्ति, एकता और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।समिति की अध्यक्ष प्रभा बाई ढोक के नेतृत्व में गीता रणदिवे, कस्तूरा नारनौरे, रीता घोरमारे, लता गुरदे, वीणा रणदिवे, शीला रणदिवे, लता मेहर, सुनीता भोगाडे, ज्योति नगपुरे, जानकी साडे, दीपीका गिरी, देवश्री भोगाडे, रेखा घोरमारे, धनेश्वरी घोरमारे, कुंती घोरमारे, पिंकी सोनवाने, लता बिल्हारे, गंगा रणदिवे, यशोदा रणदिवे, छाया रणदिवे, अनीता रणदिवे, माया रणदिवे, कमला गजबे, मंदा गजबे, निशा गजबे, वर्षा गजबे, पायल रणदिवे, अनिता जामुरे और गौरी साहु जैसी समर्पित महिलाओं ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पंडित दिनेश तिवारी और पंडा भास्कर गजबे के मार्गदर्शन में समिति ने भव्य प्रतिमा स्थापना, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। नवरात्रि के नौ दिनों तक चले इस उत्सव में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन को न केवल आस्था का प्रतीक बताया, बल्कि इसे समाज में भक्ति, एकता और महिला सशक्तिकरण का उज्वल उदाहरण भी माना। नागरिकों का कहना है कि यह उत्सव हर वर्ष समुदाय को एकजुट करने और महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने का एक अनूठा मंच प्रदान करता है। मां सिंह वाहिनी महिला दुर्गा उत्सव समिति का यह 43वां वर्षगांठ पर्व साडरा के लिए गर्व का विषय है, जिसने नारी शक्ति और सामाजिक समरसता को और मजबूत किया।

# आज पंचमी पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना कर मंदिरों में चढ़ाई जाएगी ध्वजा

## मंदिरों व पंडालों में भक्ति का माहौल, दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में इस पर्व की विशेष रौनक देखने को मिल रही है। मां शीलता माता मंदिर में 98 ज्योति कलश, मां लंजकाई मंदिर में 702 ज्योति कलश, और मां गायत्री शक्तिपीठ में 92 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, मां काली मंदिर, त्रिशक्ति दुर्गा मंदिर (मरार मोहल्ला), मां बंजारी देवी मंदिर (सालेटेकरी रोड), मां दुर्गा मंदिर (निमटोला), माता मंदिर (निमटोला), मां दुर्गा मंदिर (बोलेगांव), माताघाट, और भाडरासूर देवी मंदिर में भी ज्योति कलशों की स्थापना की गई है। इन मंदिरों में भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन, जस गायन और पूजा-अर्चना का दौर जारी है। भक्त सुबह-शाम माता रानी के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं और मंदिरों में माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

### पंढरीपाठ धाम में 2571 ज्योति कलशों की भव्य स्थापना

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल वारी खराडी जलाशय के तट पर स्थित पंढरीपाठ धाम में शारदेय नवरात्र का उत्सव विशेष रूप से मनाया जा रहा है। यहां माता रानी के मंदिर में 2571 ज्योति कलशों की भव्य स्थापना की गई है, जो इस पर्व की भव्यता को और बढ़ा रही है। आज पंचमी पर्व



पर भक्तों द्वारा माता रानी का विशेष पूजन और श्रृंगार किया जाएगा। माता को चुनरी अर्पित की जाएगी और मंदिर में ध्वजा चढ़ाई जाएगी। मंदिर में प्रतिदिन जागरण, भक्ति गीत, और अन्य धार्मिक आयोजनों का दौर चल रहा है, जिससे माता रानी का दरबार भक्ति के रंग में रंगा हुआ है।

### भक्तों में उत्साह, जस भजन और जयकारों से गूंज रहे मंदिर

नवरात्र के इस पावन अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों का उत्साह चरम पर है। मंदिरों में सुबह-शाम होने वाली आरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त माता रानी के चरणों में जल, फूल, और प्रसाद अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांग रहे हैं। जस भजन और भक्ति गीतों के माध्यम से माता की स्तुति की जा रही है, और मंदिरों में माता रानी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान है।

### नवरात्र का सादगीपूर्ण और भक्तिमय उत्सव

लांजी और आसपास के क्षेत्रों में नवरात्र का यह पर्व सादगी और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। भक्तों का कहना है कि माता रानी की कृपा से उनके जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है। पंढरीपाठ धाम सहित सभी मंदिरों में भक्तों की आस्था और श्रद्धा इस पर्व को और भी विशेष बना रही है। पंचमी पर्व के अवसर पर होने वाली विशेष पूजा और ध्वजा चढ़ाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

### नवरात्र के बाकी दिनों में भी उत्साह बरकरार

नवरात्र के शेष दिनों में भी मंदिरों में भक्ति का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। भक्तों द्वारा माता रानी की विशेष पूजा, जागरण, और भजन-कीर्तन के आयोजन किए जाएंगे। पंढरीपाठ धाम में होने वाले धार्मिक आयोजनों में दूर-दूर से भक्त शामिल हो रहे हैं, और माता रानी के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।

लांजी और आसपास के क्षेत्रों में शारदेय नवरात्र का यह पर्व भक्ति, आस्था, और उत्साह का अनूठा संगम बन गया है। माता रानी की कृपा से सभी भक्तों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जा रही है।

# करियादंड (भालवा) में शिव महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन

## अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना ही कथा का सार है

**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। ग्राम करियादंड ( भालवा ) में 23 सितंबर से 29 सितंबर 2025 तक आयोजित श्री शिव महापुराण की संगीतमय कथा ने भक्तों के बीच आध्यात्मिक उत्साह का संचार किया। पं. मनोज शर्मा जी के सान्निध्य में यह कथा पवार समाज के तत्वावधान में आयोजित हो रही है, जिसमें भगवान आशुतोष की महिमा और शिव पुराण के गहन संदेशों को बड़े ही सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।**




### प्रथम दिवस- भव्य कलश यात्रा और मंगलाचरण

कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा और भगवान शिव के मंगलाचरण के साथ हुआ। पं. मनोज शर्मा जी ने अपने प्रसिद्ध भजन 卐ले चलो हमें हनुमान, माँ के दरबार में से भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। कथा का मूल उद्देश्य तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है, जो शिव पुराण का सार है।

### शिव कथा का आध्यात्मिक महत्व

पं. मनोज शर्मा जी ने ब्राह्मण दंपति चंचुला और बिंदुग की कथा के माध्यम से बताया कि ये दोनों सामान्य व्यक्ति थे, परंतु अंतिम समय में दैवीय कृपा से शिव कथा का सान्निध्य प्राप्त होने के कारण उन्हें मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि भगवान शिव साक्षात् ज्योतिर्मय और चिदानंद स्वरूप हैं, जो मनुष्य के अविद्या रूपी अंधकार को दूर करते हैं। इस कलियुग में शिव आराधना ही मानव जीवन को सुवासित करने का अंतिम और सर्वोत्तम विकल्प है।

### अभिमान से मुक्ति और शिव आराधना

कथाकार ने उपासना में अभिमान के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अभिमान मनुष्य के संपूर्ण पुण्य को नष्ट कर देता है। ब्रह्मर्षि नारद की कथा का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि नारद जी को अपनी तपस्या पर अभिमान हो गया और वे स्वयं को भगवान शिव से श्रेष्ठ मानने लगे। परिणामस्वरूप, भगवान विष्णु द्वारा उन्हें वानर रूप प्राप्त हुआ। बाद में शिव की उपासना से उनका दुख निवारण हुआ। पं. शर्मा जी ने ओम नमः शिवाय मंत्र को कल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह मंत्र साधक को तीनों तापों (आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक) से मुक्ति दिलाता है।

### नवरात्रि में शिव-शक्ति की उपासना

अश्विन मास और नवरात्रि के पावन अवसर पर शिव-शक्ति की उपासना को विशेष फलदायी बताया गया। पं. शर्मा जी ने कहा कि इस में पार्थिव लिंग पूजा और शिव के नाम जप से साधक को शिव सायुज्यम् (शिव के साथ एकत्व) की प्राप्ति होती है, जो मोक्ष का सर्वोच्च स्वरूप है।

### चतुर्थ दिवस- सती और पार्वती की कथा

कथा के चौथे दिन पं. मनोज शर्मा जी ने दक्ष सुता सती और मोह की कथा सुनाई। सती ने भगवान शिव के प्रति विश्वास के साथ कथा श्रवण के लिए प्रस्थान किया, किंतु श्रद्धा के अभाव में वे कथा का रसपान नहीं कर सकीं। परिणामस्वरूप, भ्रम में पड़कर उन्होंने श्री राम की परीक्षा ली, जिसके कारण शिव ने उन्हें त्याग दिया। सती ने संकल्प लिया कि हर जन्म में उन्हें शिव ही प्राप्त हों। अगले जन्म में वे पर्वतराज हिमालय और रानी मैना की पुत्री पार्वती के रूप में अवतरित हुईं। अहंकार शून्य होकर तपस्या के बल पर उन्होंने पुन: भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया।

### आयोजन और व्यवस्था

इस कथा का आयोजन पवार समाज के तत्वावधान में हो रहा है, जिसमें बाबा पटेल जी, अध्यक्ष हनश राणा, अमृत लाल टेंमरे, दिनेश रहंगडाले, दुर्गा बिसेन, तिलक राणा, पंडा बाबा और समस्त ग्रामवासियों ने व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कथाकार पं. मनोज शर्मा जी ने भगवान शिव के विभिन्न अवतारों की कथाओं को अत्यंत प्रभावशाली और सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### समापन और निमंत्रण

यह कथा 29 सितंबर 2025 तक चलेगी। सभी भक्तों से निवेदन है कि इस पावन अवसर पर शिव महापुराण कथा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य करें। शिवोहम्- के भाव को आत्मसात करते हुए भगवान आशुतोष की कृपा प्राप्त करें।

# महागौरी दुर्गा उत्सव समिति सुन्दरटोला द्वारा भक्ति भाव से की जा रही पूजा-अर्चना

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के सुन्दरटोला में विगत कई वर्षों से मॉ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तिभाव के साथ पूजा अर्चना की जा रही है, किन्तु यह पांचवां वर्ष है कि यहां महिलाओं द्वारा महागौरी दुर्गा उत्सव समिति का गठन कर माता की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही यहां भक्तिभाव से पूजा अर्चना की जा रही है। 26 सितंबर को 4 बजे से हल्दी कुमकुम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर आदर्श महिला मंडल गुजरी चौक के द्वारा जस भजनों की प्रस्तुति दी। यहां समिति की महिलाओं ने बताया कि आज पंचमी के अवसर पर संध्या में माताजी को 56 भोग लगाया जाएगा एवं महाआरती का आयोजन किया गया है, जिसमें पुरे मोहल्ले से महिलाएं अपने घरों से आरती सजाकर लेकर आयेगी एवं यहां एक साथ महाआरती सम्पन्न होगी। इसके अलावा यहां नवमी पर महिलाओं द्वारा गरबे का भी आयोजन किया गया है। महागौरी दुर्गा उत्सव समिति की अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष उषा खानोरकर, सचिव शोभारानी रामटेक्कर, सहसचिव रागिनी सातपुते, कोषाध्यक्ष मिनाक्षी सातपुते एवं सदस्यों में माधुरी सोनवाने, अलका सातपुते, दुर्गा सिवालिया, सरोज चौहान, मनीषा बागड़े, रेखा लटारे, कविता बंशपाल, सीमा सहारे, कामना चौहान, केशर रामटेककर, वीणा रामटेककर, ज्योति रामटेककर, सुनीता सोनवाने, ज्योति सोनी, ज्योति पालीवाल एवं पंडा के रूप में राहुल सोमनकर द्वारा सेवाएं दी जा रही है।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अर्बन ट्रांसफार्मेशन समिट - 2025 का किया शुभारंभ - कहा...

# शहरीकरण आज की सबसे बड़ी जरूरत

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहरीकरण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। नागरिकों का जीवन और अधिक सरल, सहज और सुविधा सम्पन्न बनाना ही हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेहतर सार्वजनिक सुविधांए नागरिकों और समाज को न केवल मजबूत करती है बल्कि उन्हें जिम्मेदार भी बनाती हैं। इसी दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शहरों का विकास उनकी तासीर और विशिष्ट पहचान के अनुरूप किया जा रहा है। शहरों के विकास में हम वहां की पुरा-धरोहरों और विरासतों का भी ध्यान रख रहे हैं। ग्रीन और क्लीन सिटीज के निर्माण की दिशा में हम योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अर्बन डेवलपमेंट के लिए कार्बन उत्सर्जन पर पूर्ण रोक लगाना एक बिग टास्क है। इन सभी चुनौतियों को पार करते हुए नागरिकों को स्वच्छ परिवेश देने के लक्ष्य पर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल में एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित अर्बन ट्रांसफार्मेशन समिट-2025 को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़े शहरों में मेट्रोपोलिटन सिटी रीजन की परिकल्पना के साथ सभी प्रमुख नगरों में मेट्रो ट्रेन सेवा और बड़े फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है, जिससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सरल और आधुनिक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट सिटीज का निर्माण कर लोगों की नई पीढ़ी की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। इन सभी प्रयासों से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में विकास की नई धारा बहेगी और नागरिकों का जीवन और अधिक सुखद एवं सुरक्षित बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में शहरी



विकास की योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन हो रहा है।

### 8.56 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण

सीएम ने कहा कि हमारा इंदौर लगातार 8 वर्षों से देश का सबसे स्वच्छ शहर है, हमारे अन्य प्रमुख शहर जैसे भोपाल, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर भी डिजिटल सु-शासन, गतिशीलता और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देते हुए उत्कृष्ट शहरों के रूप में उभरे हैं। प्रदेश में अफॉर्डेबल हॉउसिंग के अंतर्गत 8.56 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 7.75 लाख (82 प्रतिशत) आवास परिवार की महिलाओं या संयुक्त नाम से हैं। हमने लगभग 10 लाख नये घरों का निर्माण करने का लक्ष्य रखा है, जिस पर 50 हजार करोड़ का निवेश होना संभावित है। अमृत योजना 2.0 में सभी नगरीय निकायों को शामिल किया गया है। योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति में 5869 करोड़ रुपये की 297 परियोजनाओं में से 3450 करोड़ रुपए की 224 परियोजनाओं के कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। सीवरेज की 4932 करोड़ रूपये की 36 परियोजनाओं में से 1312 करोड़ रुपये की 04 परियोजनाओं के कार्य प्रारंभ हो गया है, इससे प्रदेश की लगभग 60 प्रतिशत शहरी आबादी लाभान्वित होगी। प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों के संभावित विस्तार के दृष्टिगत हमारी सरकार द्वारा मध्यप्रदेश मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र नियोजन और विकास अधिनियम, 2025 को मंत्रि-परिषद से स्वीकृति भी मिल गई है। विकसित मध्यप्रदेश- 2047 के तहत प्रदेश का 2 ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य है, जिसमें शहरी क्षेत्रों की भागीदारी महत्वपूर्ण रहेगी।

### भोपाल में मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से चल रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में मेट्रो ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। इंदौर में मेट्रो का संचालन प्रारंभ हो चुका है। अक्टूबर 2025 में भोपाल के एक कॉरिडोर पर मेट्रो संचालित होने जा रही है। सिंहस्थ-2028 के पहले ऐसी अनेक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिनसे श्रद्धालु आसानी से और कम समय में, कम ऊर्जा खर्च किए श्रद्धा स्थलों तक पहुँच सकेंगे। प्रदेश में जनसामान्य के जीवन, स्वास्थ्य, संपत्ति एवं पर्यावरण की रक्षा हेतु एक सुदृढ़, उत्तरदायी एवं वैज्ञानिक आधार पर संचालित अग्नि एवं आपातकालीन सेवा तंत्र की स्थापना की जा रही है। जन परिवहन को सुगम और व्यवस्था को सुदृढ़ करके की दिशा में हमारी सरकार ने नई ईवी पॉलिसी लागू की है। ईवी पॉलिसी के माध्यम से मध्यप्रदेश में जनसामान्य द्वारा ईवी को तेजी से अपनाना, सब्सिडी और शुल्क माफी के माध्यम से खरीदारों को लाभान्वित करना, चार्जिंग बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल विकास के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अग्नि एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम, 2025 वर्तमान में नगरीकरण, औद्योगिकीकरण और जनसंख्या घनत्व में तीव्र वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में अग्नि एवं आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक व्यापक एवं सुसंगत अग्नि सेवाओं के सुव्यवस्थित नियमन, नियंत्रण, निरीक्षण, प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रमाणीकरण तथा उत्तरदायित्व निर्धारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हमने स्थानीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र के व्यापक निवेश और भागीदारी के लिए योजना तैयार की है, जो आज की जरूरत भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत को विकसित देश के रूप में स्थापित करने के लिए हम सभी को मिल कर कार्य करना है, सरकार के प्रयासों के साथ निजी निवेशकों का सहयोग और सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# जीतू बने कांग्रेस के बॉस, नहीं चाहिए किसी का आशीर्वाद

भोपाल। मध्यप्रद्रेश कांग्रेस की कमान सभाले हुए जीतू पटवारी को डेढ वर्ष से अधिक का समय होने गया है। इस दौरान उनके द्वारा लिए गए निर्णय और कार्यप्रणाली पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने ही कई बार सवालिया निशान लगाए है। आलम यह है कि अब तो कांग्रेस के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी जीतू तवज्जों नहीं दे रहे है।

हाल ही में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जो नियम कायदे बनाए है उनको अमलीजामा पहनाने में जीतू कोई कोर कसर नही छोड़ रहे, वही दूसरी और अपने प्रतिद्वंदियों को साइड लाईन करने में भी बड़ी खूबी के साथ काम कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस के कई ऐसे नेता जो प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर दावेदारी कर सकते है ऐसे तमाम नेताओं को जीतू ने राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान की आड़ में किनारे लगा दिया। इसके बाद उन्होंने बड़ी सफाई से कह भी दिया कि उन्हें इन नियुक्तियों के संबंध में कोई जानकारी नही है।

### - आखिर क्या कारण हो सकता है

कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को दरकिनार करने की वजह जीतू का राहुल गांधी से सीधा संवाद होना है। जीतू इस बात को अच्छी तरह जानते है कि राहुल गांधी के खास होने के चलते प्रदेश कांग्रेस के यह बडे नेता उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। ऐसे में जीतू को फ्री हैंड मिल गया है इसलिए वह किसी भी वरिष्ठ नेता को महत्व नहीं दे रहे है। कांग्रेस के यह वरिष्ठ नेता भी जानते है कि जीतू को किसका वरदहस्त प्राप्त है इसलिए वह दबी जुबान से तो जीतू का विरोध करते है लेकिन खुलकर कुछ कहने से बचते रहे है।

### - एक तीर से दो निशाने

जीतू ने संगठन सृजन के तहत कई बडे नेताओं को जिले की कमान सौप कर एक तीर से दो निशाने साधे है। जहां इन नेताओं को जिले की कमान सौप कर इस बात का सकेंत दिया है कि वह अभी जिला स्तर पर अपना वर्चस्व दिखाए। नगर पालिक और पंचायतों के चुनाव कौन नेता कितने पानी में है इससें उनकी ताकत का पता चलें जीतू इन नेताओं को जिले के कमान सौप कर वहां पर कांग्रेस को और मजबूत करने का प्रयास कर रहे है।

### - वर्चस्व की जंग

प्रदेश कांग्रेस में जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच भी पटरी नहीं बैठ रही है। अधिकांश कार्यक्रमों में देखा गया है कि जहां जीतू होते है वहां उमंग नजर नहीं आते इसका प्रमुख कारण दोनों ही नेताओं क मालवा अंचल से संबंध है और दोनों ही अपना वर्चस्व बनाने के लिए एक दूसरें के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं।

### - अपनों को दे रहे महत्व

प्रदेश कांग्रेस में बैसे तो सभी निर्णय आलाकमान की ओर से किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन कही न कही इसके पीछे जीतू की रणनीति काम कर रही है। पार्टी के नेताओं को संगठन में पद दिए जाने को लेकर जीतू कही न कही परिवारवाद को बल दे रहे है। अधिकांश जिलों में नए जिला अध्यक्ष बना कर या फिर अपने खस समर्थकों को फिर से कमान दिला कर उन्होंने इस बात का संकेत भी दे दिया है। कांग्रेस के जो नेता पूर्व में अपने चहेतों को बैठाकर अपनी ताकत दिखाते थे वही जीतू पटवारी केन्द्र से मिली ताकत का उपयोग कर अपने को मजबूत वरिष्ठों को कमजूर तथा संगठन को मजबूत बनाने के स्थान पर स्वयं को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके कारण डेढ वर्ष से अधिक समय बाद भी कांग्रेस संगठन का जनता के बीच कोई अस्तित्व देखने को नहीं मिल रहा है।

### - जीतू जवान, जवानी दिखाये

मप्र में कांग्रेस संगठन को कई स्तर पर मजबूत बनाने ग्रामीण अंचलों में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने करने का कोई प्रयास संगठन स्तर पर होता हुआ नहीं दिख रहा है। महंगाई, बेरोजगारी से आम आदमी एवं युवा परेशान हे। जनता को लड़ाई जिला संभागीय मुख्यालय एवं राजधानी से लडने का कोई कार्यक्रम जीतू तैयार नहीं कर पा रहे है जिसके कारण कांग्रेस संगठन के कार्यकर्ता निराश नज़र आ रहे हैं।

## भावांतर योजना में होगी सोयाबीन की खरीद

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सागर के जैसीनगर में कहा है, वह सोयाबीन किसानों को घाटा नहीं होने देंगे। भावांतर योजना में जल्द ही सोयाबीन खरीदी का पंजीकरण शुरू किया जाएगा। मंडी में सोयाबीन के दाम किसानों को कम मिलेंगे, ऐसी स्थिति में सरकार समर्थन मूल्य पर उसकी भरपाई करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा, यदि 4000 रूपये प्रति क्विंटल में सोयाबीन बिकती है। ऐसी स्थिति में सरकार 1328 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान भावांतर योजना से किसान को करेगी। इससे ज्यादा कीमत पर सोयाबीन मंडी में बिकती है, तो अंतर की राशि का भुगतान सरकार के द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल है। शिवराज सिंह चौहान जब मुख्यमंत्री थे। उस समय भावांतर योजना चालू हुई थी। बाद में यह योजना बंद हो गई थी।8 साल बाद पुन: शुरू होने जा रही है।

## 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच सड़कों की मरम्मत

भोपाल। लोक निर्माण विभाग ने मध्य प्रदेश की सड़कों की मरम्मत के लिए एक गाइडलाइन तैयार की है। इस गाइडलाइन के अनुसार 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच में बारिश के दौरान जो सड़के, पुल और पुलिया खराब हुई है।उनका मेंटेनेंस किया जाना है। बारिश के दौरान जो मरम्मत की गई थी।वह 15 दिन के अंदर ही उखड़ गई है। अब उन्ही सड़कों पर दोबारा मरम्मत की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश की लगभग 10000 किलोमीटर की सड़क बारिश में खराब हो गई हैं। जिनकी मरम्मत होनी है। लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत के लिए 200 करोड रुपए स्वीकृत किए हैं। लोक निर्माण विभाग और मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम को आदेश जारी कर, निर्देश दिए गए हैं। 26 से 28 सितंबर तक सभी सड़कों और पुलों की मरम्मत का कार्य चिन्हित कर लिया जाए। 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच में मरम्मत का काम पूर्ण किया जाए।

# कंपनी कर्मचारी ही निकला लाखो की चोरी का मास्टरमांइड

भोपाल। रातीबड थाना पुलिस ने इलाके में स्थित श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम से लाखों रुपयों का लोहा चोरी होने की मामले का खुलासा करते हुए कंपनी के ही कर्मचारी सहित उसके कबाड़ी साथी को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी भारत कुमार सिंह पिता रंगनाथ सिंह (44) ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह वह मूलत: रीवा जिले के रहने वाले हैं। फिलहाल वह बागसेवनिया स्थित एमराल्ड पार्क के पास रहते हुए श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में बीते तीन सालो से मैकेनिकल मैनेजर के पद पर नौकरी कर रहे है। यह कंपनी सतना जिले में रेल और रोड नेटवर्क बनाने का काम करती है। श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर का रातीबड स्थित ग्राम बडझिरी में गोदाम हैं। यहां वर्कशॉप में खराब या बनने के लिए आए पार्टस को रखा जाता था। अपनी शिकायत में भारत कुमार ने आगे बताया की बीती 4 सितंबर को वह गोदाम पर पहुचें तो उन्हें गोदाम पर लगा ताला टूटा मिला। भीतर जाकर देखने पर जहॉ गोदाम में रखी दस हजार की नगदी गायब थी, वहीं चैक करने पर गोदाम में बनने के लिये आकर रखे गये करीब 35 लाख कीमत के लोहे से कई उपकरण चोरी हो चुके थे। शिकायती आवेदन की जॉच के बाद मामला दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरु की। जॉच के दौरान कंपनी से आने जाने वाले रास्तो एवं चौराहो पर लगे सीसीटीव कैमरो के फुटेज खंगालने पर एक सदिंग्ध वाहन नजर आया। वाहन के आधार पर की गई छानबीन आर मुखबिर से मिले सुरागो से पता चला की चोरी की वारदात करने वाला मास्टरमाइंड कम्पनी का ही कर्मचारी और उसका साथी है, जो कबाडे का काम करता है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अमन चिन्तामन नि. ग्राम भीलखेडी सीहोर और उसके कबाड़ी साथी विशाल कुशवाहा निवासी, विशाल नगर रातीबड को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

दोनो ने चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया। कंपनी कर्मचारी ने बताया की कम्पनी से साईट पर लोहे मोल्ड, फर्म व अन्य सामान भेजने के निर्देश मिलने पर वह गाडी लोड कराता और अपने कबाडे का काम करने वाले साथी की पिकअप गाडी लोड करवाकर उसे बेचने के लिए भेज देता था। दोनो ने मिलकर संपत्ति बेचने के पहले कम्पनी के लेटरपेड पर खुद के नाम से फर्जी अथॉरटी लेटर बनाकर लोगो को झांसे मे लेते हुए चोरी का माल बेचा है। और उस रकम से एप्पल आई-फोन, कार और घर खरीदे, इतना ही नहीं इस पैसै से दोनो जमकर मौज मस्ती करते थे। दोनो आरोपीयो रिमांड पर लेकर पुलिस आगे की पूछताछ कर रही है। उनके कब्जे से पुलिस ने दो पिकअप वाहन, कीमती मोबाइल सहित अन्य माल बरामद किया है। साथ ही पुलिस कोर्ट के आदेश पर आरोपियो द्वारा खरीदी गई संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही करेगी।

# 12 अक्टूबर को भोपाल में आंदोलन करेंगे संविदा कर्मचारी

## नियमित पदों पर मर्ज करने के प्रस्ताव पर सरकार निर्णय ले, एक नियम हों

भोपाल। मध्य प्रदेश के ऊर्जा विभाग में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों और अधिकारियों को विभाग के नियमित पदों पर मर्ज करने का प्रस्ताव सरकार के पास पहुंचा है। सरकार ने अब तक इस पर किसी तरह के एक्शन के संकेत नहीं दिए हैं। तीन माह पहले दिए गए प्रस्ताव पर कार्रवाई न होने पर अब संविदा कर्मचारी 12 अक्टूबर को भोपाल में प्रदर्शन करने वाले हैं। इसमें ऊर्जा विभाग के आंदोलन से जुड़े संगठन के सीनियर अफसर और कर्मचारी भी शामिल होंगे।

मध्य प्रदेश यूनाइटेड फोरम फॉर एम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स ने एमपी की सभी बिजली कम्पनियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को प्रस्ताव दिया है कि वितरण कम्पनियों के संगठनात्मक स्ट्रक्चर में नियमित पद के मंजूर होने पर उन पदों पर संविदा पर कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को नियमित किया जाए। इसके साथ ही संविदा नीति 2023 के आधार पर बिजली कम्पनियों की भर्ती में संविदा कर्मचारियों को 50 फीसदी आरक्षण दिया जाए।

### सरकार से ये प्रमुख मांगें हैं संगठन की




नियमित पद स्वीकृत होने पर उन पदों पर कार्यरत अनुभवी संविदा कर्मचारी नियमित किए जाएं। सरकार की 2025 की तबादला नीति के अनुसार बिजली कम्पनियों में भी एक तय समय के लिए एक कम्पनी से दूसरी कम्पनी (गृह जिला) ट्रांसफर नीति बनाई जाए। संविदा नीति 2018 के अनुसार वर्तमान संविदा नीति 2023 में भी महंगाई भत्ता और इंक्रीमेंट का प्रावधान किया जाए। सहायक राजस्व अधिकारी और कार्यालय सहायक जो पूर्व में उच्च शिक्षा पा चुके हैं उन्हें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर समकक्ष पदों पर नियुक्ति या विभागीय परीक्षा के आधार पर तकनीकी पद दिया जाए। मध्य क्षेत्र कम्पनी में परीक्षण सहायकों को संविदा नीति 2018 में संशोधित बेसिक 25300 रुपए का 90 प्रतिशत न देते हुए गलती से पूर्ण बेसिक 22100 रुपए दिया गया था। इसे सुधारते हुए संविदा नीति 2023 के अनुसार 25300 रुपए का ग्रेड पे लागू किया जाए। कम्पनी ने इसको लेकर शासन से अभिमत मांगा है जो ऊर्जा विभाग में पेंडिंग है।

### यह भी डिमांड कर रहे बिजली अफसर कर्मचारी

संविदा नीति 2023 में पहले से तय बिजली कम्पनियों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। राष्ट्रीय अवकाश और उत्सव अवकाश में संविदा कर्मचारियों को काम करने पर मानदेय नहीं दिया जाता है जबकि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी में मिलता है। इसलिए कम्पनियों में एकरूपता लाई जाए। नियमित कर्मचारियों के समान संविदा कर्मचारियों को भी 9, 18 और 35 साल की सेवा पूरी करने पर उच्च वेतनमान और पदोन्नति दी जाए और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अनुसार सभी कम्पनियों में भी संविदा कर्मचारियों को हायर एजुकेशन की अनुमति दी जाए। शासकीय सेवा में संविदा से सीधी भर्ती में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर चयन होने पर तीन साल की परिवीक्षा अवधि में 70, 80, 90 प्रतिशत वेतनमान नियमावली समाप्त की जाए।

### सरकार आंदोलन बिना सुनती नहीं

यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स के प्रांतीय अध्यक्ष आरएस कुशवाह ने कहा कि सरकार को प्रस्ताव दिया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। संगठन ने प्रस्ताव दिया है कि संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों पर मर्ज किया जाए लेकिन दिक्कत इस बात की है कि जब तक आंदोलन नहीं हो तो सरकार को कुछ परेशानी नहीं दिखती है और आंदोलन हो तो सरकार को दिक्कत होती है। संगठन चाहता है कि संविदा के जो कर्मचारी अधिकारी एग्जाम देकर आए हैं और अनुभवी हैं उन्हें नियमित किया जाए। अगर सरकार ध्यान नहीं देती तो 12 अक्टूबर को सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी तैयारी की जा रही है।

# पचमढ़ी में होगी कांग्रेस जिलाध्यक्षों की दस दिनी ट्रेनिंग

## राहुल गांधी-मल्लिकार्जुन खडगे़ सहित पार्टी के अन्य नेता बताएंगे राजनीतिक दांव-पेंच

भोपाल । मध्यप्रदेश में कांग्रेस के सभी 71 जिला अध्यक्षों को 10 दिनों तक ट्रेनिंग दी जाएगा। 2 से 12 अक्टूबर तक सभी जिला अध्यक्षों को हिल स्टेशन पचमढ़ी में आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि दस दिन के इस ट्रेनिंग कैम्प में दो दिन राहुल गांधी मौजूद रहेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ भी शामिल होंगे। संभावित कार्यक्रम के मुताबिक, खडगे़ इस शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के नेशनल हेड सचिन राव, मप्र के प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी शामिल होंगे। सूत्रों की मानें तो राहुल गांधी ट्रेनिंग के दौरान जिला अध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि, जिला अध्यक्षों से वन टू वन बातचीत भी करेंगे। जिला अध्यक्षों से उनके जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं। पचमढ़ी में होने वाली ट्रेनिंग में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को अपने जिले में ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ लेवल तक संगठन बनाने के बारे में बताया जाएगा। आगामी समय में होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव और 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर कैसे रणनीति बनाना है, इसका पूरा रोडमैप बताया जाएगा।

प्रशिक्षण शिविर में दस दिन की ट्रेनिंग में जिला अध्यक्षों के सुबह उठने से लेकर रात तक सोने का मिनट टू मिनट का प्रोग्राम तय किया गया है। प्रतिदिन सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 7-8 बजे तक चलेगा। इसमें सुबह की सैर, योग और ध्यान जैसी गतिविधियां कराई जाएंगी। जिले में कार्यकारिणी से लेकर, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ स्तर पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का चयन कैसे करना है। पार्टी के दिग्गज नेता बताएंगे। शहरों की भागदौड़ से दूर एकांत में सतपुड़ा की वादियों के शांत माहौल में दस दिनों तक जिला अध्यक्षों और बाहर से आने वाले विषय विशेषज्ञों और दिग्गजों के रुकने के लिए फाइव स्टार रेटिंग वाले होटल मौजूद हैं। बड़े नेताओं के आने के लिए भोपाल नजदीकी एयरपोर्ट है। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे जैसे नेता हेलिकॉप्टर के जरिए सीधे पहुंच सकेंगे। वहीं जिला अध्यक्षों और प्रदेश के नेताओं को पचमढ़ी तक पहुंचने के लिए ट्रेन और आसान सडक़ रूट है। ऐसे में नेताओं को पहुंचने और रुकने में आसानी होगी।

## सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत करने वालों की बनेगी फाइल, कलेक्टरों से मांगी ब्लैकमेलर्स की रिपोर्ट

# झूठी शिकायत कर ब्लैकमेल करने वालों पर सख्ती

भोपाल। मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार ने अब झूठी शिकायतें कर अधिकारियों-कर्मचारियों को ब्लैकमेल करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी करते हुए ऐसे लोगों की जानकारी तय फार्मेट में तलब की है।

निर्देशों में कहा गया है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल या अन्य प्लेटफॉर्म पर कुछ लोग आदतन व झूठी शिकायतें दर्ज कराते हैं, जिनका मकसद केवल दबाव बनाना और ब्लैकमेल करना होता है। ऐसे मामलों को ध्यान में रखते




हुए अब हर जिले से रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए।

### अधिकारी अपनी टिप्पणी के साथ भेजेंगे जानकारी

इसके लिए शासन ने एक फार्मेट भी जारी किया है, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर, अब तक की गई कुल शिकायतों की संख्या और उसके बारे में अधिकारियों की टिप्पणी दर्ज की जाएगी। यह जानकारी लेवल अधिकारियों की लॉगिन आईडी के जरिए पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। गौरतलब है कि सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठकों में बार-बार यह तथ्य सामने आया है कि कुछ लोग फर्जी शिकायतें कर अफसरों-कर्मचारियों को परेशान करते हैं। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव प ह ल ही ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दे चुके हैं। अब पहली बार सरकार ने बाकायदा आदेश जारी कर कलेक्टरों से रिपोर्ट तलब की है।

# हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान पर गहरा संकट

दुबई। पिछले रविवार को पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ और साहिबजादा फरहान पर भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान आक्रामक व्यवहार और भड़काऊ इशारों के लिए आईसीसी कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को हारिस राउफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। वहीं सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को गोलीबारी का इशारा करके जश्न मनाने के लिए चेतावनी दी गई। भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ इशारों के लिए पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस राउफ और साहिबजादा फरहान ने शुक्रवार को आईसीसी की सुनवाई में खुद को निर्दोष बताया।




गौरतलब है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान हुआ विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान पर भड़काऊ इशारे और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप लगे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की शिकायत के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मामले की जांच शुरू की और शुक्रवार को दोनों खिलाड़ियों की सुनवाई पूरी की।

मैच रेफरी रिची रिचर्डसन की देखरेख में हुई सुनवाई के दौरान दोनों खिलाड़ियों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। दोनों ने लिखित जवाब भी सौंपे। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी जवाबी शिकायत दर्ज कराते हुए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर आरोप लगाया कि उन्होंने मैच के बाद राजनीतिक बयान दिया। सूर्यकुमार ने भारत की जीत को पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। हालांकि, सूर्यकुमार ने साफ कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ श्रद्धांजलि देना था और उन्होंने किसी तरह की राजनीति नहीं की। आईसीसी ने उन्हें चेतावनी देते हुए भविष्य में इस तरह के बयानों से बचने को कहा।

गौरतलब है कि इस साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच तनाव पहले से ही गहरा था, जो इस विवाद से और बढ़ गया है। स्थिति इस हद तक बिगड़ गई कि मैच से पहले टॉस और बाद में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से भी इनकार कर दिया। अब जबकि आईसीसी का आधिकारिक फैसला सामने आना बाकी है, क्रिकेट से ज्यादा राजनीति और विवाद सुर्खियों में हैं। फाइनल से पहले इस मामले ने दोनों देशों के बीच कड़वाहट को और गहरा कर दिया है और एशिया कप का रोमांच अब खेल से ज्यादा विवादों में उलझता जा रहा है।

## शोएब अख्तर ने पाक टीम को अभिषेक से सतर्क रहने कहा

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है कि एशिया कप के फाइनल में उनके गेंदबाजों को भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से सावधान रहना होगा। शोएब का कहना है अभिषेक को शुरुआत में ही आउट करना जरुरी है। ग्रुप स्टेज और सुपर फोर में भारतीय टीम की पाक के खिलाफ जीत में अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाजी की अहम भूमिका रही थी। इसी को देखते हुए अख्तर का कहना है कि पाक को इसी बल्लेबाज से बचकर रहना होगा और पहले दो ओवर में उन्हें आउट करना होगा।

अख्तर ने , इस मानसिकता से बाहर निकलो, उनके ऑरा को साइड रखो, उनके ऑरा को तोड़ दो। बस उसी मानसिकता के साथ खेलो जो बांग्लादेश के खिलाफ मैच में थी। आपको इसी तरह की मानसिकता की जरूरत है। आपको 20 ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं है; आपको बस विकेट लेने की जरूरत है। साथ ही कहा कि अगर अभिषेक पहले दो ओवरों में आउट हो जाते हैं, तो वे मुश्किल में पड़ जाएंगे। उन्हें जो शुरुआत मिल रही है तब वह नहीं मिलेगी। ऐसे में उन्हें संघर्ष करना पड़ेगा। ऐसा नहीं है, अभिषेक गेंद को गलत टाइम नहीं करेंगे; वह ऐसा करेंगे; आपको बस जोरदार कोशिश करनी होगी। अगर आप डटकर खेलते हैं, तो भारतीय टीम को भी एहसास होगा कि हमें रन बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

अख्तर ने कहा, मैं कोच गौतम गंभीर को जानता हूं। वह अपनी टीम से कहते हैं कि तुम्हें पाक के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

## एशिया कप फाइनल में पहली बार भारत-पाकिस्तान का होगा मुकाबला

दुबई। एशिया कप फाइनल में रविवार को भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच पहली बार मुकाबला होगा। एशिया कप में ये पहली बार होगा जब फाइनल में इन दोनो टीमों में टक्कर हो रही है। इस बार दोनो टीमों के बीच लीग और सुपर फोर में भी मुकाबला हुआ था जिसमें भारतीय टीम जीती थी। अब एक बार फिर दोनों टीमें फाइनल में उतरने जा रही हैं। भारतीय टीम का लक्ष्य पाकिस्तान को हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार विजेता बनना रहेगा। भारतीय टीम ने अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं। ऐसे में फाइनल में भी भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने एशिया कप 8 बार जीता है जबकि पाकिस्तान ने 2 बार जीता है। भारतीय टीम ने साल 1984, 1988, 1990-91, 1995, 2010, 2016, 2018 और




2023 में जीत दर्ल की जबकि पाक ने साल 2000 और 2012 में इस टूर्नामेंट को जीता था।

इस बार भारतीय टीम ने सुपर फोर में बांग्लादेश को 41 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई, वहीं पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराया। भारतीय टीम ने इस बार लीग और सुपर फोर के पहले ही मैच में पाक को एकतरफा अंदाज में हराया था । ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य उसके खिलाफ तीसरी जीत दर्ज करना रहेगा। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2022 में फाइनल खेला था। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2022 में एशिया कप का फाइनल खेला था। उस संस्करण में पाकिस्तानी टीम उपविजेता रही थी। दूसरी ओर, भारत ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर आठवी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था।

## एशिया कप के फाइनल में पहुंचने पर पाक कोच बोले, पिछली हार मायने नहीं रखतीं

दुबई । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच माइक हेसन एशिया कप के फाइनल में पहुंचने से उत्साहित हैं। हेसन के अनुसार लीग और सुपर फोर का अब कोई महत्व नहीं रह गया है कयोंकि टीम पहले ही फाइनल में पहुंच गयी है। पाक कोच के अनुसार रविवार को जब दोनो ही टीमें फाइनल में उतरेंगी तो केवल जीत मायने रखेगी। भारतीय टीम ने अब तक पाकिस्तान को ग्रुप स्तर और उसके बाद सुपर-4 में छह विकेट से हराया था। तब भी हेसन ने कहा था कि केवल फाइनल महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, हमने 14 और 21 तारीख को मैच खेले, पर जिस मैच को याद रखा जाएगा वह अब होगा। इसलिए हमारी पूरी ऊर्जा उसी पर




होगी। साल 1984 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से ही पहली बार भारत और पाक एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगे। यह अपने आप में बड़ा अवसर है। हेसन का मानना है कि उनकी टीम फाइनल में पहुंच है और अब उसके ऊपर है कि यहां कैसे खेलती है। जगह तक पहुंचने का हक बनाया है। उन्होंने कहा, अब ये हमारे ऊपर है कि हम कैसे अवसर का लाभ उठाते हैं। शुरुआत से ही हम यही बात कर रहे थे कि अपने को ट्रॉफ़ी जीतने की स्थिति में लाना है।

पाकिस्तान टीम कई विवादों में भी घिरी है पर हेसन इस सब प ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने साफ कहा, हमारा ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर है। अधिक दबाव वाले मैचों में तनाव होना स्वाभाविक है पर हमारा काम अच्छा क्रिकेट खेलना है। वहीं पाक बल्लेबाज़ों की स्पिन खेलने की क्षमताओं को लेकर हो रही आलोचनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि हर बार गेंद समझन जरूरी नहीं होती। असली बात है सही पोजिशन लेना और पिच से गेंद को खेलना। हालांकि उन्होंने माना कि दबाव में सही फ़ैसला न ले पाना टीम की एक कमजोर रही है। पावरप्ले के बाद की कठिन पिचों पर हालात और भी खराब रहे हैं।

भारत से दो बार हारने के बावजूद हेसन मानते हैं कि फाइनल में परिणाम बदल सकता है पर इसके लिए सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## सुदर्शन को इस कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शामिल नहीं किया गया - अगरकर

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति के प्रुख अजीत अगरकर ने कहा है कि बल्लेबाज साई सुदर्शन को भविष्य को ध्यान में रखते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में शामिल नहीं किया गया है। इसमें प्रदर्शन जैसे कोई बात नहीं है। अगरकर के अनुसार सुदर्शन ने अब तक जितना खेला है, उसमें उन्होंने भरोसा जगाया है, इसलिए उन्हें लंबे समय तक अवसर दिए जाने की जरुरत हमें लग रही है।

अगरकर के अनुसार विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे खिलाड़ियों के संन्यास के बाद टीम को नई प्रतिभा की ज़रूरत है। ऐसे में साई जैसे युवाओं को अवसरों के लिए तैयार करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में कई युवा खिलाड़ियों ने जुझारूपन और अपना कौशल दिखाया है। साई भी उनमें से एक थे और उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। अगरकर के अनुसार इसी कारण उन्हें लगातार घरेलू टूर्नामेंटों में जगह मिल रही है

वहीं बल्लेबाज करुण नायर को लेकर अगरकर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर उनसे काफी उम्मीदें थीं पर वह निरंतरता नहीं दिखा पाये। वहीं उन्होंने कहा कि देवदत्त पडिक्कल को हाल के प्रदर्शन और पिछले अनुभव के आधार पर शामिल किया गया है। भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच यह दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू होगी।

## 2026 एशियाई खेलों में भारतीय फुटबॉल टीम के शामिल होने की संभावना नहीं

नई दिल्ली। भारतीय भारतीय फुरुष फुटबॉल टीम को अगले साल जापान में होने वाले एशियाई खेलों में अवसर मिलने की संभावना नहीं है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के लिए सरकार से मंजूरी लेनी होती है। वह इसलिए मिलना कठिन है क्योंकि इसमें भाग लेने के लिए मापदंड काफी कठिन हैं और फुटबॉल टीम के उनपर खरा उतरने की संभावन बेहद कम है।

खेल मंत्रालय ने इन खेलों के लिए व्यक्तिगत एथलीटों और टीमों की पात्रता के लिए दिशानिर्देश जारी कर दिये हैं। ऐसे में एशिया में 24वें स्थान पर कायम फुटबॉल टीम उन सख्त मानदंडों को पूरा नहीं करती है जिनके अनुसार केवल पदक जीतने की क्षमता रखने वाली टीमों और एथलीटों को ही इस खेल आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है। खेल मंत्रालय की तरफ से जारी परिपत्र में कहा गया है कि फुटबॉल और हॉकी जैसे टीम खेलों के लिए उन्हीं टीमों को जगह मिलेगी जो एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष आठ में आई हों।

गौरतलब है कि एशियाई खेल जापान के आइची-नागोया आयोजित किये जाएंगे। इनका आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्टूब 2026 तक होना है। टोक्यो 1958 और हिरोशिमा में 1994 के बाद नागोया एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाला तीसरा जापानी शहर होगा।

## अब तक 12 बार हुई है भारत-पाक की खिताबी मुकाबले में टक्कर

दुबई। एशिया कप में रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनो ही टीमों के बीच ये खिताबी मुकाबले में 13 वहीं टक्कर होगी। दोनो के बीच आठ साल के बाद कोई खिताबी मुकाबला होगा। इससे पहले 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी में दोनो आमने-सामने आई थीं। तब पाक टीम को जीत मिली थी।



अप्रैल 1986 में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रल-एशिया कप और अक्टूबर 1991 में विल्स ट्रॉफी जीती थी। वहीं अप्रैल 1994 में पाकिस्तान ने एक बार फिर ऑस्ट्रल-एशिया कप पर कब्जा किया। इसके बाद जनवरी 1998 में सिल्वर जुबली इंडिपेंडेंस कप ट्राई सीरीज में दोनों देशों के बीच तीन फाइनल खेले गए, जिसमें भारत ने पहला फाइनल 8 विकेट से जीता। दूसरा फाइनल पाकिस्तान ने 6 विकेट से जीता। इंडिया ने तीसरा फाइनल 3 विकेट से जीता।

अप्रैल 1999 में पेप्सी कप के फाइनल में पाकिस्तान ने 123 रन से जीत दर्ज की। अप्रैल 1999 में कोका-कोला कप के फाइनल में भारत को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा। वहीं जून 2008 में किटप्लाई कप के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 25 रन से हराया, जबकि जून 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भी पाकिस्तान जीता। एकदिवसीय प्रारुप के 11 फाइनल में पाकिस्तान ने 8 जीते हैं, जबकि भारत की टीम सिर्फ 3 ही फाइनल अपने नाम कर सकी। वहीं, टी20 फॉर्मेट में दूसरी बार दोनों देश खिताबी मैच में आमने-सामने होंगे। पहली बार भारत-पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप 2007 में उतरीं थी। तब भारतीय टीम ने फाइनल में पाक को हराकर ट्रॉफी जीती थी।

## अगरकर बोले, शमी के नाम पर इसलिए नहीं किया विचार

### फिटनेस को लेकर नहीं है कोई जानकारी

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटने को लेकर अभी उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है। इसी कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम में कई बदलाव किये गये हैं। इसमें करुण नायर और अभिमन्य ईश्वरन को बाहर कर दिया गया है। अगरकर ने मोहम्मद शमी के बाहर होने की वजह बताई है। अगरकर ने कहा है कि उन्हें शमी की फिटनेस को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। ये भी उन्हें पता नहीं है कि उन्होंने हाल में कितना क्रिकेट खेला है।

गौरतलब है कि शमी ने अंतिम बार दलीप ट्रॉफी के दौरान टेस्ट क्रिकेट खेला था। पूर्वी क्षेत्र की ओर से वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। शमी ने भारतीय टीम की ओर से अंतिम बार साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था। अगरकर ने कहा कि इस तेज गेंदबाज ने पिछले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा मैच नहीं खेले हैं और उन्हें टीम में वापसी के लिए घरेलू टूर्नामेंट में और अधिक बेहतर प्रदर्शन करना होगा। ऐसे में लग रहा है कि शमी के लिए टेस्ट करियर लगभग खत्म होने के कगार पर है। क्योंकि वह काफी समय से फिटनेस की समस्या से भी परेशान हैं और उनकी उम्र भी 35 के करीब पहुंच गयी है।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फिटनेस हासिल करने में लगे हैं रोहित

मुम्बई । भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आजकल ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारियों में लगे हैं। रोहित इसी कारण फटनेस बेहतर बनाने में लगे हुए हैं। पिछले कुछ समय में बढ़ते हुए वजन को लेकर उठते हुए सवालों के कारण रोहित ने अपनी वजन भी 10 किलों घटा लिया है। भारतीय टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरे में रोहित के प्रशंसकों को उन्हें देखने का अवसर मिलेगा। रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी से ही खेल से दूर हैं। ऐसे में प्रशंसक उन्हें लंबे समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय मैच को खेलते हुए देखेंगे। रोहित अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिा दौरे में बेहतर प्रदर्शन कर एकदिवसीय विश्वकप 2027 के लिए टीम में जगह बनाये रखना रहेगा। इस दौरान बढ़ती उम्र में फिटनेस बनाये रखना उनके लिए सबसे कठिन होगा। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर ने रोहित के नये लुक ककी तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि उन्होंने आना वजन 10 किलोग्राम कम किया है।

उन्होंने रोहित के अभ्यास सत्र की एक तस्वीर भी साझा करते हुए लिखा है कि दस किलो वजन कम करने के बाद भी काम में लगे हुए हैं। गौरतब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज अगले महीने 19 अक्टूबर से शुरु होगी। इसके साथ करीब सात माह के बाद रोहित एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखाई देंगे। वह पिछली बार मार्च में आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखाई दिए थे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल उनका आखिरी मैच था।

आईपीएल के दौरान रोहित का जो वजन था, अब उसमें 10 किलोग्राम की कमी आ गई है। अंतिम बार तभी वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में दिखे थे। रोहित ने इसी महीने प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट को पास किया था। वह इसके लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस गए थे। वहां उन्होंने फिटनेस टेस्ट देने के साथ-साथ अभ्यास भी किया था। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के भी ऑस्ट्रेलिया दौरे में खेलने की संभावनाएं हैं।

## इरफान पठान ने पाक सलामी बल्लेबाज सैम अयूब को टीम में जगह मिलने पर सवाल उठाये

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज सैम अयूब को टीम में जगह मिलने पर ही सवाल खड़े कर दिये हैं। पठान ने कहा कि बेहद खराब बल्लेबाजी के बाद भी सैम को गेंदबाजी के तौर पर टीम को जगह मिलना हैरानी की बात है। पठान ने कहा कि सैम ने अब तक के पांच मैचों में केवल 23 रन बनाये हैं और वह चार बार शून्य पर ही आउट हुए हैं। अगर ऐसा प्रदर्शन किसी अन्य देश में होता तो करियर ही समाप्त हो जाता पर सैम कैसे टीम में बने हुए हैं, समझ नहीं आ रहा। सैम अयूब एशिया कप में बल्लेबाज के तौर पर फ्लाप रहे हैं। वह भारत के खिलाफ सुपर 4 के पहले मैच में 21 रन जबकि श्रीलंका के खिलाफ 2 रन ही बना पाये। बाकि के मैचों में शून्य पर आउट हुए।

सैम अयूब के बांग्लादेश के खिलाफ सुपर सिक्स मैच में शून्य पर आउट होने के बाद पठान ने कमेंट्री के दौरान करा, अगर ऐसा प्रदर्शन किसी और देश के लिए होता तो करियर कब का खत्म हो जाता।

इस बल्लेबाज ने 6 मैच खेलने के बाद केवल 23 रन बनाए हैं ये सोचने वाली बात है कि एक टीम का ओपनर जिसे रन बनाने के इतने मौके मिलते है, वही उसमें विफ रहता है। उसे अगर गेंदबाजी की वजह से अंतिम ग्यारह में जगह मिल रही है तो पारी की शुरुआत कोई और करे क्योंकि सलामी बल्लेबाज के शीघ्र आउट होने से टीम पर अनावश्यक दबाव आता है।

## दमन मे संघस्तरीय क्रीडा स्पर्धा में बीच वॉलीबॉल स्पर्धा का हुआ आयोजन

दमन। प्रशासक प्रफुल पटेलजी के दिशानिर्देश में युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के सचिव डॉ. अरुण टी. और खेल विभाग के निदेशक अरुण गुप्ता के सहयोग से संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन के युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा संघ प्रदेश के 69वें राष्ट्रीय स्कूल क्रीडा स्पर्धा मे खिलाड़ियों के चयन हेतु दमन मे संघस्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा मे बीच वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। संघस्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में दिनांक 26/09/2025 को बीच वॉलीबॉल (अन्डर-14, 17 एवं 19 बॉयज एवं गर्ल्स वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन लाइट हाउस बीच, मोटी दमन में किया गया। इस प्रतियोगिता मे तीनों जिले के जिला स्तरीय इन्टर स्कूल क्रीडा स्पर्धा के चयनित खिलाड़ी अपने-अपने जिलों का प्रतिनिधित्व करते दिखाई दिए। चयन समिति द्वारा संघस्तरीय बीच वॉलीबॉल स्पर्धा में खिलाड़ियों मे से उच्च स्तर के खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का 69वें राष्ट्रीय स्कूल बीच वॉलीबॉल क्रीडा स्पर्धा के लिए चयन भी किया गया।

अन्डर 17 बॉयज
विजेता = दीव
उपविजेता= दमन
अन्डर 19 बॉयज
विजेता = दमन
उपविजेता= दीव
अन्डर 17 गर्ल्स
विजेता = दादरा नगर हवेली
उपविजेता= दमन
अन्डर 19 गर्ल्स
विजेता = दीव
उपविजेता= दादरा नगर हवेली

इस स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि जागृत करना, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करना, साथ ही खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, सहनशीलता तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

संघस्तरीय स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को विभाग के अधिकारीयो द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता मे चयन समिति द्वारा चयनित खिलाड़ि 69वें राष्ट्रीय स्कूल बीच वॉलीबॉल क्रीडा स्पर्धा मे संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव का प्रतिनिधित्व करेंगे । संघ स्तरीय प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए शारीरिक शिक्षक अमित इंगवले, मनेश पटेल, रंजीत पटेल, वैभव राजपूत, वालीबॉल कोच पार्थ पटेल तथा सुश्री पायल परमार एवं खिलाड़ियों के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं विभाग के कर्मचारियों ने योगदान दिया।

# सडक़ पर बहन के चुंबन पर मंत्री विजयवर्गीय की सफाई, कहा- मैं भी अपनी बहन का माथा चूमता हूं

## - पटवारी बोले- मुख्यमंत्री नहीं बन पाए तो पागल हो गए

भोपाल। गुरुवार को शाजापुर में मध्य प्रदेश के नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम पुरानी संस्कृति के लोग हैं। हमारी बहनों के गांव जीरापुर में पानी तक नहीं पीते हैं। मेरे पिताजी घर से पानी का लोटा लेकर आते थे। आज के हमारे प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं कि अपनी जवान बहन को बीच चौराहे पर चुंबन करते हैं। इस मामले पर मंत्री विजयवर्गीय ने सफाई दी है। मंत्री ने भोपाल में कहा- मैं किसी रिश्ते की पवित्रता पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रहा हूं। भारतीय संस्कृति में सभी रिश्ते पवित्र हैं। लेकिन रिश्तों की एक मर्यादा है मैं उसकी बात कर रहा हूं। मैंने जो कहा वो ये बात है कि विदेशों में ये चलता है। हमारे यहां इस तरह की संस्कृति नहीं हैं।



विजयवर्गीय ने कहा आप भी पत्रकार हैं। आप अपनी बहन को बीच चौराहे पर आलिंगन करते हैं क्या? हमारे संबंध प्रेम के संबंध हैं मैं भी अपनी बहन का सिर चूमता हूं। मैं रिश्ते की पवित्रता पर प्रश्न चिन्ह नहीं उठा रहा हूं। मेरा पूरा भाषण सुनते तो यह प्रश्न ही नहीं उठता। मैंने भारतीय संस्कृति और विदेशी संस्कृति की बात की है। विजयवर्गीय ने अपने बयान पर मचे बवाल पर कहा- पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन स्वदेशी है। देश का विकास हमारी विचारधारा के अनुसार होना चाहिए। मोदी जी उसकी प्रयोगशाला है। मेरा भाषण टुकड़ों-टुकड़ों में लेकर कोई भी बात उठा लेंगे तो यह अच्छी पत्रकारिता नहीं हैं।

### सीएम नहीं बन पाए तो विजयवर्गीय पागल हो गए

कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने खरगोन में कहा- कैलाश विजयवर्गीय ने जिस तरह की घृणित टिप्पणी की है। ये भारत की संस्कृति, परंपरा और भाई बहन के रिश्ते को चुनौती दी है। विकृत मानसिकता के मंत्री का इस्तीफा होना चाहिए। मैं भाजपा की कार्यकर्ता बहनों, नेताओं और देश प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध करता हूं कि ऐसी विकृत मानसिकता के व्यक्ति यदि सत्ता में बैठेंगे तो इस देश की संस्कृति और पारिवारिक पृष्ठभूमि की रक्षा कैसे होगी। कैलाश विजयवर्गीय ने जो टिप्पणी की वो राहुल गांधी पर नहीं बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता पर टिप्पणी की है। कैलाश विजयवर्गीय को मुख्यमंत्री नहीं बनाया। इनको मुख्यमंत्री बनना है। 70 साल के बुजुर्ग हो गए हैं। मतलब कैलाश विजयवर्गीय बूढ़े हो गए हैं। अभी मुख्यमंत्री नहीं बना तो पागल हो गया है। वो पगलाहट में बातें कर रहे हैं। कैलाश विजयवर्गीय को माता रानी सदबुद्धि दें। इसकी हम मां नर्मदा से प्रार्थना करते हैं।

## उपजेल में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारा स्थित उपजेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं जितेंद्र मोहन धुले जिला विधिक सहायता अधिकारी बालाघाट ,जेलर अभय वर्मा की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें जेल परिसर में बंदियों को विधिक सहायता की जानकारी दी गई की किस प्रकार से कानूनी रूप से उनकी मदद हो सकती है। उनके क्या अधिकार है इस प्रकार के विभिन्न विषयों पर उन्हें जानकारियां दी गई। इस दौरान उनके द्वारा जेल परिसर विभिन्न कक्ष एवं जारी निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जेल स्टाफ और बंदी मौजूद रहे।

## एमपी में बनेगी वाहनों की स्पीड लिमिट पॉलिसी

भोपाल। एमपी में प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर वाहनों की डायनामिक स्पीड लिमिट तय की जाएगी। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा आईआईटी खडग़पुर के साथ मिलकर स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी बनायी जाएगी। इस पॉलिसी में स्पीड की जांच और उल्लंघन होने पर लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। भोपाल में परिवहन विभाग की पहल पर आईआईटी खडग़पुर की टीम और कंज्यूमर वाइज संस्था द्वारा भोपाल में स्पीड मैनेजमेंट को लेकर स्टेक होल्डर कॉन्सिलेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस में वाहनों के तेज गति से होने वाली दुर्घटनाओं और मृत्यु के आंकड़ों में किस प्रकार से कमी लाई जाये, इस पर मंथन किया गया।

आईआईटी खडग़पुर के प्रोफेसर डॉ. भार्गव मैत्रा द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भौगोलिक स्थिति के अनुसार डायनिमिक स्पीड लिमिट तय करने और सडक़ सुरक्षा के विभिन्न उपलब्ध समाधान पर प्रकाश डाला गया। यह तय हुआ कि उन स्थानों को चयनित किया जाये, जहां दुर्घटना की ज्यादा संभावना है। वहां नागरिकों को निःशुल्क परामर्श दिया जाए। इसी के साथ उन चयनित स्थानों पर टेक्नालॉजी के माध्यम से स्पीड की जांच और उल्लंघन होने पर लाइसेंस को निलंबित करने की अनुशंसा की गई। इस पूरी प्रक्रिया के लिये आईआईटी खडग़पुर विस्तृत प्रस्ताव परिवहन विभाग को देगा। कॉन्फ्रेंस में असीम सान्याल, सीईओ कंज्यूमर वाइज एवं एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम एवं आरआरडीए के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उधर प्रदेश में परिवहन विभाग ने 22 सितम्बर से वाहनों की चेकिंग के लिये एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दे रहा है कि बगैर फर्स्ट एड बॉक्स के वाहन सडक़ पर न चलें।

## जिले में 27 एवं 28 सितम्बर को भारी बारिश की संभावना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से प्राप्त 05 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 27 एवं 28 सितम्बर को भारी वर्षा की संभावना बतायी गई है। इसके साथ ही 29 एवं 30 सितम्बर को हल्की वर्षा साथ के साथ बिजली गिरने, मध्यम बादल कवर के साथ आंधी तूफान की संभावना रहेगी। मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त किसानों को सलाह दी गई है कि वर्षा जल को खेत में संरक्षित करने के लिए मेड़ बनाना सुनिश्चित कर ले। मेड़ ऊँचा एवं चौड़ा होना चाहिए ताकि वर्षा जल का अधिकाधिक संचय खेत में हो सके। वर्षा के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किसानों को सब्जी नर्सरी में जल निकासी के उचित प्रबंधन की सलाह दी गई है, साथ ही कीटनाशक के छिड़काव के साथ-साथ उर्वरक के प्रयोग से भी बचने के लिए कहा गया है।

## चरेगांव स्टेशन और नेवरगांव गार्डन में हुआ पौधा रोपण

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण लामता (सा.) शिवमपूरी गोस्वामी के नेतृत्व में दिनांक 26सितम्बर को सेवा पखवाड़ा पर्व के अंतर्गत नेवरगांव गार्डन तथा रेलवे स्टेशन चरेगांव में पौधारोपण किया गया।



इस पौधारोपण कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती संगीता जैतवार ग्राम पंचायत नेवरगांव , परिक्षेत्र सहायक बलराम जैतवार, चरेगांव, उपवन क्षेत्रपाल एन.के. बंसोड़, वनरक्षक जयकुमार चौरसिया, वनरक्षक दिलीप कुमार बान्ते, वनरक्षक राकेश पटेल, वनरक्षक हिमांशु लोखंडे तथा रेलवे स्टेशन मास्टर उपस्थित रहे।

## जस, जगराता और शानदार भजनों के आयोजन में झूमे श्रद्धालु भक्त

किरनापुर(पद्मेश न्यूज़)। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति हनुमान मंदिर सोनपुरी द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतिदिन पूजा अर्चना का क्रम लगातार जारी है । नवरात्र पर्व पर बड़ी श्रद्धा भाव से गांव के भक्त जन अपने घरों से पूजा की थाल सजा कर मां के दरबार पहुंचते हैं और पूजा अर्चना कर सुखी जीवन की कामना कर आशीर्वाद मांगते रहे है। बताएं कि हनुमान मंदिर सोनपुरी परिसर में आरती पूजन कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाता है। समिति के साथ-साथ दानदाता भी भंडारे के इस कार्यक्रम में स्वेच्छा अनुसार सहयोग करते हैं मां के दरबार में भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन होता है मंदिर समिति के द्वारा प्रत्येक दिन विवीध धार्मिक कार्यक्रम कराये जाते है साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते है। जस भजन गरबा नृत्य का आयोजन भी होता है। इसी क्रम मे 26 सितम्बर को छत्तीसगढ़ की छह सगी बहनों द्वारा जगराता में देवी जस की शानदार प्रस्तुति दी गई जिस पर श्रद्धालु भक्त जन अपने आप को झूमने से नही रोक पाए और देर



रात तक जगराता का कार्यक्रम चलते रहा।इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी अध्यक्ष भूपेंद्र अजीत उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी चंदू रहांगडाले सचिव नंदकिशोर पांचे कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार बावनथड़े सहसचिव अतुल उयके ,संरक्षक मंडल-श्री लिखनलाल कावरे गंगाराम निखाड़े खुमेशचंद्र अजीत श्री राम नागफांसे मारुति मिश्रेकर हुकुमचंद सिल्हारे धर्मेंद्र वराड़े बालकृष्ण अर्जुनवार पवन बिसेन चैनलाल उयके किशन लाल उयके लोकेश अजीत अरविंद वराड़े सुनील कावरे बंटी अर्जुनवार योगेश ब्रम्हे भरत भूते कपूर चंद पांचे रवि अजीत,पंडा बाबा-गंगा नंद मिश्रा जी झारखंड,सिद्धार्थ वैध,जगदीश निखाड़े,,सदस्य गण- राधेश्याम इड़पांचे, मनोज भीमटे ,प्रहलाद गोखले किसेंद्र पांचे, नागेंद्र हरिद्रवार ,दुर्गेश चौधरी, उज्जवल हरिंद्रवार लोकेश गोखले सौगात ब्रम्हे विशिष्ट अजीत शिवम वराड़े प्रिंस वराड़े आयुष ब्रम्हे चिरंजीवी अजीत राजा कावरे चंद्रभान उयके कार्तिक पांचे भावेश किसान रोहित निखाड़े तपेश कावरे कोहिनूर ब्रम्हे हर्ष पांचे प्रकाश मेश्राम सुजल नेवारे घनश्याम जांगड़े पीतम निखाड़े राजकुमार बाहे धर्मेंद्र जांगड़े सुंदरलाल निखाड़े पूरन उयके मुन्ना कावरे अशोक निखाड़े एवं समस्त ग्रामवासी एवं विशेष सहयोग में माता रानी ग्रुप, महाकाल ग्रुप ,भाई भाई ग्रुप ,बाल गणेश ग्रुप का सराहनीय सहयोग मिल रहा हैं।

## श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, लांजी में सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत 26 सितंबर को स्वास्थ्य जाँच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सिविल अस्पताल, लांजी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. निकिता वाहने (चिकित्सा अधिकारी, आरबीएसके) ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। श्री शिव हरिणखेड़े (उमंग परामर्शदाता) ने पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, यौन व प्रजनन स्वास्थ्य, मादक पदार्थों के दुरुपयोग, संचारी व असंचारी रोगों के बारे में बताया। श्रीमती प्रमिला कटरे (आईसीडीसी परामर्शदाता) ने एचआईवी-एड्स पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि श्री श्याम जी डोहरे ने मलेरिया और डेंगू जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूक किया। श्रीमती सावित्री बाहेश्वर (एएनएम, आरबीएसके) ने भी सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गईं। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में उर्वशी रहमतकर, नंदिनी भोण्डेकर, संध्या कावरे, पूजा खरे, साक्षी मुरकुटे, निधि कावरे, हिना बिसेन, संतीश खरे, मितेश्वरी पांचे, काजल राउत और सलोनी मानकर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब, समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारी और छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## आकाशीय बिजली गिरी-बाल बाल बचे आंगनवाड़ी सहायिका और बच्चे

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। लामता क्षेत्र में आने वाले ग्राम चिचोली मे आकाशीय बिजली के गिरने से 5 बच्चे एवं सहायिका बाल बाल बच गये। 25 सितंबर को दोपहर में यह घटना उस समय हुई जब आंगनवाड़ी से छुट्टी होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र चिचोली की सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र से 5 बच्चो को छोड़ने मुंडीटोला जा रही थी। चिचोली से महज 500 मीटर दूर पहुंचे ही थे कि तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से सहायिका जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई एवं एक बालिका के दायहिना हाथ सुन्न हो गया।, जानकारी मिलते ही ग्राम चिचोली के ग्रामीण मोके पर पहुंचे जिन्होंने सहायिका एवं बच्चों को उठाकर चिचोली लाये। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर डायल 112 तत्काल ग्राम चिचोली पहुंची आकाशीय बिजली से आहत बच्चों एवं सहायिका को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता लाकर भर्ती किये, जहा उनका उपचार कराया गया।

### बाल बाल बचे सहायिका एवं बच्चे

आंगनवाड़ी सहायिका ने बताई कि आंगनवाड़ी कि छुट्टी होने के पश्चात बच्चों को छोड़ने के लिए मुंडीटोला जा रहे थे, तभी बरगद के पेड़ के नीचे बादल कड़कने के समय पुरे शरीर मे करंट सा लगा, जिससे मै धरती मे गिर गई एवं मेरे साथ चल रही बच्ची के हाथ मे भी करंट सा महसूस हुआ, इसके पश्चात मुझे कोई होश नही रहा।ग्रामीणों ने बताया कि बरगद के पेड़ के नीचे सहायिका बेहोश हालत मे थी हमारे द्वारा सहायिका एवं बच्चों को लाया गया ।

## किरनापुर में हरित संस्कृति उत्सव में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

किरनापुर(पद्मेश न्यूज़)। शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अंतर्गत हरित संस्कृति उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी,किरनापुर जिला-बालाघाट,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर सहित समस्त अतिथियों के द्वारा दीप



प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया।इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रामकुमार राणा, जनपद पंचायत के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण का महत्व रेखांकित किया। बूझो तो जाने पर्यावरण क्विज़ हरियाली रिले रेस प्रतियोगिता, ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हरित सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नाटक ने दर्शकों को न केवल आनंदित किया बल्कि प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि- आज प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेदारी सबसे बड़ी जरूरत है। यदि हम पर्यावरण को बचाएंगे, तभी आने वाली पीढियाँ सुरक्षित रहेंगी। प्रकृति की रक्षा ही मानवता की रक्षा है। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।इस अवसर पर प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव में पंजीयन की अंतिम तारीख में हुआ बदलाव

### अब 02 अक्टूबर तक खिलाड़ी कर सकेंगे पंजीयन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। फिट युवा फार विकसित भारत के अंतर्गत जिले में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होना है।




इस महोत्सव में शामिल होने के लिए खिलाड़ी और टीमो द्वारा अपना पंजीयन 20 सितंबर तक कराया जाना तय किया गया था, जिसे आगे बढ़ाते हुए अब 02 अक्टूबर निर्धारित कर दिया गया है। पंजीयन के लिए क्यू आर कोड दिया गया है। इस कोड को स्केन करने पर सांसद खेल महोत्सव के पंजीयन के लिए एक वेबसाइट खुल जाती है। इस वेवसाईट पर चाही गई सभी जानकारी भर कर खिलाड़ी और टीम अपना पंजीयन करा सकते हैं। बालाघाट जिले के विभिन्न खेल विधा के खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वे दिए गए क्यू आर कोड को स्केन कर अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराएं।

## जिला स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन

हट्टा(पद्मेश न्यूज़)। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज दिनांक 26 -9-2025 को जिला स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय हटटा जिला बालाघाट के तत्वाधान में नगर पालिका मैदान बालाघाट में आयोजित की गई जिसमें बालाघाट जिले के विभिन्न महाविद्यालय में भाग लिया और प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर बालकों का चयन संभाग



स्तरीय पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता छिंदवाड़ा मैं दिनांक 16 से 18 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया आज प्रतियोगिता का सफल आयोजन संस्था के प्राचार्य मुकेश बिसेन के मार्ग निर्देशन में किया गया प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए बालाघाट जिले के वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ियों का मार्गदर्शन खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ प्रतियोगिता में नरेंद्र सिंह परिहार सुधीर चौधरी नरेश दुवारे सचिन भोज हैप्पी जैन अभिषेक पांडे हनीफ खान के साथ-साथ कीड़ा अधिकारी डॉ. विनोद ठाकुर डॉ. ऋषिकेश पटेल डॉ.विकास साहू डॉ. मनोज खारोले भूपेंद्र कुमार भूपेंद्र कुमार हटा महाविद्यालय से अक्षय मंडरहा एवं विशाल दमाहे उपस्थित रहे प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं अतिथियों की उपस्थिति के लिए संस्था के क्रीडा अधिकारी डॉ. सचिन तिवारी ने सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रस्तुत किया

## बाइक पर बैठते ही प्रौढ़ को आया साइलेंट अटैक

कटंगी(पदमेश न्यूज़)। कटंगी-वारासिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर बस स्टेण्ड के नजदीक एमपी 50 चाय हाउस के सामने एक बाइक में लिफ्ट लेकर बैठते ही एक शख्स सीधे नीचे जमीन पर आकर गिर गया. जिसके बाद करीब आधे घंटे तक वह सड़क पर ही गिरा रहा और घटनास्थल पर मौजूद जनता तमाशबीन बनी रही. हालांकि इस भीड़ में शामिल एक जागरूक युवक ने प्रौढ़ को सीपीआर दिया और संजीवनी 108 को कॉल भी किया. संजीवनी 108 के कॉल सेंटर से संपर्क होने के बाद भी वाहन घटनास्थल पर नहीं आया. जिसके बाद एक ऑटो के जरिए प्रौढ़ को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया. यहां चिकित्सक ने प्रौढ़ को मृत घोषित कर दिया. मिली जानकारी अनुसार उमरी निवासी भरत लाल पिता बलीराम मड़ावी शुक्रवार की शाम करीब 05 बजे अपने घर से कटंगी साप्ताहिक हाट-बाजार में सब्जी लेने के लिए आए हुए थे और सब्जी खरीदकर पैदल अपने घर की तरफ वापस जा रहा था. एमपी 50 चाय हाउस के सामने उन्हें गांव का ही एक व्यक्ति बाइक पर घर की तरफ जाते



हुए दिखाई दिया. जिससे भरत लाल ने लिफ्ट मांगी और जैसे ही वह बाइक में बैठे अचानक से सड़क पर गिर गए और सड़क पर ही करीब आधे घंटे तक गिरे रहे. एक जागरूक युवक ने उन्हें सीपीआर दिया लेकिन प्रौढ़ की मौत हो गई. साइलेंट अटैक आने से मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है. घटना के बाद मृतक की पत्नी और बहु को सूचना दी गई है. मृतक का पुत्र नागपुर रोजी-रोटी कमाने के लिए गया हुआ है. शनिवार को मृतक का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगां।

# विवादित बयान पर कांग्रेसियों ने फूंका मंत्री विजयवर्गीय का पुतला

## हनुमान चौक में विरोध प्रदर्शन कर की जमकर नारेबाजी, शाजापुर में आयोजित कार्यक्रम में दिए गए विवादित बयान की करी आलोचना

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शाजापुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एक विवादित बयान दिया था। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका वाड्रा को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेसी आहत है।जिसके चलते कांग्रेसियो द्वारा प्रदेश सहित पूरे देश मे जगह जगह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया जा रहा है। जिसका एक नजारा शुक्रवार की शाम नगर में भी देखने को मिला। जहां कांग्रेसियों ने नगर के हनुमान चौक पहुंचकर मंत्री विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ,तो वहीं उन्होंने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन किया है।आपको बताए कि एक दिन पूर्व शाजापुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना विपक्ष के नेता पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा कि हम पुरानी संस्कृति के लोग हैं, पुराने जमाने में लोग अपनी बहनों के गांव का पानी तक नहीं पीते थे, लेकिन आज के हमारे प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं कि अपनी बहन को चौराहे पर चुंबन कर लेते हैं।विजयवर्गीय ने इसे भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ते हुए कहा कि आज जो आचरण देखने को मिल रहा है, वह विदेशी संस्कृति का असर है। उनके इसी बयान से कांग्रेसी नाराज हैं जिन्होंने अपना विरोध जताते हुए पुतला दहन किया है।

### रैली निकालकर की जमकर नारेबाजी, कहा-मंत्री ने भाई-बहन के रिश्ते को किया अपमानित

मंत्री के उक्त बयान पर अपना विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेसियो ने इसे भाई बहन के पवित्र रिश्ते को अपमानित करने वाला बताया। जहा कांग्रेस कार्यालय से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला लेकर, कांग्रेसियों ने हनुमान चौक तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा और मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।कांग्रेसियो ने हनुमान चौक में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष, पेट्रोल डालकर मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका।जहां कांग्रेस ने, इसे भाजपा का चाल और चरित्र बताते हुए बयान की निंदा की।वही विगत दिनों कटंगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस को नालायक कहने पर भी नाराजगी जाहिर की है।



### ऐसे बयानों से भाजपा की चाल और चरित्र उजागर हो गया है- पंजवानी

पुतला दहन को लेकर की गई चर्चा के दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने बताया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के भाई-बहन के रिश्ते पर जो टिप्पणी की है, उससे भाजपा का महिलाओं को लेकर चाल और चरित्र उजागर हो गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात कहने वाली भाजपा के मंत्री, भाई-बहन के रिश्ते को अपमानित करने वाला बयान दे रहे है। जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करते हुए निंदा करती है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान के खिलाफ आज कांग्रेस ने उनका पुतला दहन किया है। सत्ता के मदमस्त हाथी के रूप में भाजपा के नेता मर्यादाओं को तार-तार करने वाले बयान दे रहे है। भाजपा नेता मर्यादा में रहकर बयान दे और ऐसे बयान दे कि कभी विपरित परिस्थिति में वह खड़े भी रह सके। शहर कांग्रेस अध्यक्ष पंजवानी ने कटंगी में मुख्यमंत्री के कांग्रेस को नालायक बोलने पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कांग्रेस ने ही देश को आजाद कराया, तब कहीं जाकर, आज उन्हें मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। अन्यथा वह मुख्यमंत्री भी नहीं होते।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

# फांसी के फंदे पर लटका मिला 15 वर्षीय बालक का शव

**अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या की कही जा रही बात, थाना व ग्राम हट्टा के शासकीय अस्पताल परिसर का मामला , कक्षा10वी का छात्र था लक्ष्य गजबीए, मामले की जांच में जुटी पुलिस**



बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। हट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय अस्पताल परिसर समीप मकान में, शुक्रवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया। जब उसी घर के एक 15 वर्षीय बालक ने घर के कमरे में दुप्पटे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि इस नाबालिक बालक ने यह कदम क्यों उठाया फिलहाल यहां स्पष्ठ नही हो पाया है।मृतक बालक का नाम हट्टा निवासी 15 वर्षीय लक्ष्य पिता अभिषेक गजभिए बताया गया है।उधर मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।जहां शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।तो वही हट्टा पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### कक्षा दसवीं का छात्र था लक्ष्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात लक्ष्य और उनके परिजन खाना खाकर सो गए थे। सुबह जब परिजन उठे तो,उन्हें लक्ष्य कही भी दिखाई नहीं दिया। जब परिजनों ने उसके ऊपर वाले कमरे पर जाकर देखा तो, कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। बार-बार आवाज लगाने पर भी भीतर से जब कोई जवाब नहीं मिला तो परिजनों ने भीतर झांक कर देखा।जिन्हें लक्ष्य का शव फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। बताया गया कि लक्ष्य ने सीलिंग में लगे पंखे पर, दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली थी। जहां फांसी लगाने से उसकी मौत हो गई थी। बताया गया कि लक्ष्य कक्षा दसवीं का छात्र था हालांकि उसने यह कदम क्यों उठाया फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, जिसकी जांच हट्टा पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

### पीएम के बाद सौपा गया शव

उधर परिजनों से उक्त मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची हट्टा पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर, पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की, वही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव जिला अस्पताल पहुंचाया।जहां शव परीक्षण के बाद मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।तो वही मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सुसाइड नोट या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली

पुलिस के अनुसार, कमरे से कोई सुसाइड नोट या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है, इसलिए पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मानकर चल रही है।हालांकि, पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार मृतक का मोबाइल रीसेट मिला है जिससे लक्ष्य की मौत अब संदेहास्पद हो गई है।

### रिकवर किया जा सकता है डाटा

साइबर जानकारों के मुताबिक, रीसेट किए गए मोबाइल का डाटा रिकवर किया जा सकता है, जो जांच में अहम साबित हो सकता है। प्रधान आरक्षक निखिलेश अग्निहोत्री ने बताया कि मामले में बीएनएस की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर लिया गया है। मोबाइल की जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है।

# कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तुषार सिंह को दिया गया विकासखण्ड कटंगी का कार्यभार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना के अनुमोदन पर जिला आपूर्ति अधिकारी श्री रविकांत ठाकुर द्वारा कटंगी विकासखण्ड के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का कार्यभार तुषार सिंह को सौंपा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि पूर्व में विकासखण्ड कटंगी में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के पद पर श्रीमती निहारिका अवस्थी को पदस्थ किया गया था। किंतु श्रीमती निहारिका अवस्थी के संतान पालन अवकाश में होने के कारण कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कटंगी का प्रभार श्री पहल सिंह वलाड़ी को सौंपा गया था। श्री ठाकुर ने बताया कि श्री वलाड़ी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के प्रभार से भारमुक्त होने के फलस्वरूप अब कटंगी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का कार्यभार श्री तुषार सिंह को सौंपा गया है। अब आगामी आदेश तक तुषार सिंह कटंगी विकासखण्ड के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# मारपीट के मामले में दिलीप को 6 माह की साधारण कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड

**लोन की किस्त लेने आए फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से की थी मारपीट**

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती शीनी जैन की विद्वान न्यायालय ने मारपीट के एक मामले में आरोपी दिलीप पिता फूलचंद सोनगड़े 45 वर्ष को 6 माह का साधारण कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम घोडंगाटोला आमगांव निवासी इस आरोपी के विरुद्ध महिंद्रा होम फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी रोहित बावनकर ग्राम चरेगांव निवासी को क्रिकेट के बेट मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। अभियोजन के अनुसार रोहित बावनकर महिंद्रा होम फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम करता था। ज्ञानवंती पति फूलचंद सोंनगड़े ग्राम घोडंगाटोला आमगांव निवासी ने सन 2016 महिंद्रा होम फाइनेंस कंपनी से मकान बनाने के लिए 92000 रुपये का लोन लिए थे। जिसकी मासिक किस्त 1887 रुपए कंपनी ने तय की थी। ज्ञानवंती द्वारा 54268 रुपए अदा कर दी गए थे। उसके द्वारा अंतिम किस्त 29 अगस्त 2019 को दी गई थी। उसके बाद किस्त देना बंद थी। घटना दिनांक को रोहित बावनकर कंपनी के दूसरे कर्मचारी प्रीतेश मोरे के साथ ग्राम घोडंगाटोला ज्ञानवंती के घर पहुंचे थे घर में ज्ञानवंती का पति फूलचंद मिला। रोहित बावनकर, फूलचंद से किस्त के बारे में बातचीत कर रहे थे। तभी रोहित बावनकर ने फूलचंद से मकान की फोटो लेने की अनुमति ली। फूलचंद फोटो खिंचाने के लिए तैयार हो गया था। इस समय फूलचंद का लड़का दिलीप आया और बिना किसी बात को जानते हुए रोहित बावनकर को अश्लील गालियां देते हुए बोला की फोटो क्यों खींच रहे हो और उसने रोहित बावनकर को दोबारा आने पर जंगल में काटकर फेंक देने की धमकी दे दी। रोहित बावनकर ने उसे समझाने का प्रयास किया किंतु दिलीप क्रिकेट के बेट को उठाकर लाया और रोहित को मारपीट करने लगा। जिससे रोहित के बाएं हाथ की कलाई के पास चोंटे आई। प्रीतेश मोरे ने बीच बचाव किया। इसके बाद सूचना मिलने 100 डायल के आने के बाद दिलीप वहां से फरार हो गया। इस घटना की रिपोर्ट रोहित बावनकर द्वारा ग्रामीण थाने में की गई थी। जहां पर दिलीप सोनगड़े के विरुद्ध धारा 294 323 506 बी भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में दिलीप सोनगड़े को गिरफ्तार किया गया और अभियोग पत्र विद्वान न्यायालय में पेश किया गया था। विद्वान न्यायालय ने प्रकरण में आई सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर आरोपी दिलीप सोनगड़े को धारा 325 भादवि के तहत अपराध में 6 माह का साधारण कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किये। सहायक संचालक अभियोजन कपिल कुमार डहेरिया के मार्गदर्शन में इस मामले की पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती शहाजहां अंसारी द्वारा की गई थी।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.7, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट